आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

आज
* स. अशोक मौर्य जयंती

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 69 | उज्जैन, गुरुवार 26 मार्च, 2026 | चैत्र शुक्ल 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026' लागू किया

# घर के पास पीएनजी पाइपलाइन तो कनेक्शन लेना अनिवार्य

## कंपनी 3 महीने का नोटिस देगी, कनेक्शन नहीं लिया तो एलपीजी सप्लाई बंद होगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर आपके घर के पास गैस पाइपलाइन आ गई है और आपने पीएनजी कनेक्शन नहीं लिया है, तो अगले 3 महीने में आपके घर आने वाला एलपीजी सिलेंडर बंद कर दिया जाएगा। मिडिल-ईस्ट में जारी युद्ध और गैस की किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने 'नेचुरल गैस और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूशन ऑर्डर 2026' लागू किया है।

इसके तहत अब पाइप वाली गैस का कनेक्शन लेना अनिवार्य होगा।




हालांकि, इसके लिए पहले नोटिस दिया जाएगा। सूचना मिलने के बाद भी अगर कोई कनेक्शन नहीं लेता है तो 90 दिन बाद उसकी एलपीजी सप्लाई रोक दी जाएगी। साथ ही सोसाइटियों को 3 दिन में पाइपलाइन की मंजूरी भी देनी होगी।

- **सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी-** कई बार हाउसिंग सोसायटियों या आरडब्ल्यू (रेसिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) के विरोध की वजह से पाइपलाइन का काम रुक जाता था लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। अगर कोई कंपनी पाइपलाइन के लिए रास्ता मांगती है, तो सोसाइटी को 3 दिन के अंदर मंजूरी देनी होगी। अगर सोसाइटी ने मना किया या देरी की, तो वहां रहने वाले सभी घरों की एलपीजी सप्लाई पर रोक लगाई जाएगी।
- **छोटे इलाकों को 10 दिन में मंजूरी मिलेगी-** पाइपलाइन बिछाने के लिए अब सरकारी विभागों को फाइलों को अटकाने की इजाजत नहीं है। छोटे नेटवर्क के लिए 10 दिन और बड़ी लाइनों के लिए 60 दिन में मंजूरी देना अनिवार्य है। अगर विभाग तय समय में जवाब नहीं देता है तो उसे 'डीम्ड क्लियरेंस' यानी 'ऑटोमैटिक मंजूरी' मान लिया जाएगा और काम शुरू कर दिया जाएगा।
- **पाइपलाइन के लिए जमीन मालिक को दोगुना मुआवजा-** अगर पाइपलाइन किसी की निजी जमीन से गुजर रही है, तो अब मुआवजे को लेकर सालों तक केस नहीं चलेंगे। सरकार ने इसके लिए एक फिक्स फॉर्मूला बना दिया है: जमीन के कमर्शियल सर्किल रेट का 30% हिस्सा मालिक को मुआवजे के तौर पर दिया जाएगा। जमीन मालिक अगर आवेदन मिलने के 24 घंटे में मंजूरी दे देता है, तो उसे दोगुना यानी 60% मुआवजा मिलेगा। अगर जमीन मालिक मंजूरी नहीं देता है, तो 'डेजिग्नेटेड अथॉरिटी' (कलेक्टर या अन्य अधिकारी) फैसला लेंगे।

## देश विदेश

### मोदी कैबिनेट में मिली 100 नए एयरपोर्ट के निर्माण की मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कई बड़े निर्णय लिए हैं। देश में 100 नए एयरपोर्ट के निर्माण को मंजूरी दी गई है। उड़ान 2.0 योजना को मंजूरी मिल गई है। ईज ऑफ ट्रैवल के लिए आईवीएफआरटी डिजीटल प्रोसेस में 32 नए आइडिया जोड़े गए हैं। इस योजना के तहत 28840 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 100 नए एयरपोर्ट की अगर बात की जाए तो एक एयरपोर्ट बनाने में करीब 100 करोड़ का खर्च आने वाला है। इस पूरी परियोजना में सरकार ने बजट को तय किया है। यह करीब 12,159 करोड़ का है। इस तरह आम जनता के लिए हवाई यात्रा आसान और सस्ती हो जाएगी। सरकार देश भर में 200 नए और आधुनिक हेलीपैड बनाने वाली है। पहाड़ों, पूर्वोत्तर भारत के राज्यों और टापुओं पर जहां पर सड़कें बनाना आसान नहीं है।

### अमेरिका के पास ताकत होती तो जीत चुका होता : ईरान

**तेल अवीव।** ईरान ने ट्रम्प की युद्धविराम कोशिशों का मजाक उड़ाया है। ईरान के एक सैन्य प्रवक्ता ने बुधवार को अमेरिका के युद्धविराम दावे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अमेरिका दरअसल खुद से ही बातचीत कर रहा है। ईरानी सेना के खातम अल-अनबिया सेंट्रल हेडक्वार्टर के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जोलफघारी ने यह बयान सरकारी टीवी पर प्रसारित एक रिकॉर्डेड वीडियो में दिया। उन्होंने कहा, आप जिस ताकत की बात करते थे, वह अब नाकामी में बदल गई है। आप खुद को दुनिया की महाशक्ति कहते हैं, लेकिन अगर यह ताकत आपके पास होती तो अब तक इस हालात से बाहर निकल चुके होते। अपनी हार को समझौते का नाम मत दीजिए। आपके खोखले वादों का दौर अब खत्म हो चुका है।

मोनालिसा ने डायरेक्टर

### सनोज मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाए



बोलीं- मुझे कई बार गलत तरीके से छुआ, परिवार ने मेरा साथ नहीं दिया

**कोच्चि।** प्रयागराज के कुंभ मेले से चर्चा में आईं मोनालिसा भोंसले ने मंगलवार को डायरेक्टर सनोज मिश्रा पर फिल्म द डायरी ऑफ मणिपुर की शूटिंग के दौरान गलत तरीके से छूने के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। मोनालिसा ने केरल के कोच्चि में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सनोज मिश्रा अच्छा इंसान नहीं है। उसने मुझे 10 बार गलत तरीके से छुआ। मैंने अपने परिवार को बताया कि सनोज मिश्रा ने मुझे छुआ, लेकिन उन्होंने मेरा साथ नहीं दिया। मुझे पता है कि मैंने क्या सहा है। मेरे साथ गलत व्यवहार हुआ है। मुझे सिर्फ न्याय चाहिए। सनोज मिश्रा ने मुझे जब छुआ। मैंने यह बात अपने पूरे परिवार को बताई, लेकिन कहा गया कि यह तुम्हारी पहली फिल्म है। क्या पहली फिल्म के लिए मुझसे रेप करवाओगे? मोनालिसा ने केंद्र सरकार के साथ केरल और मध्य प्रदेश सरकार से मदद मांगी। उन्होंने कहा कि उन्हें और उनके पति को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। मोनालिसा ने कहा कि उनके पोस्टर जलाए जा रहे हैं। साथ ही कुछ लोग उन्हें लगातार धमका रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डायरेक्टर उनके बारे में गलत बातें फैला रहा है। उन्होंने कहा कि वह ऐसे व्यक्ति के साथ काम नहीं करना चाहतीं। मोनालिसा ने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार से अपील की कि उनके पति के खिलाफ शादी को लेकर गलत आरोप न लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि दोनों ने मंदिर में हिंदू रीति-रिवाज से शादी की है।

### शंकराचार्य की गिरफ्तारी पर चार्जशीट दाखिल होने तक रोक

**प्रयागराज।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की जमानत इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली। कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट दाखिल होने तक शंकराचार्य की गिरफ्तारी नहीं होगी। यह फैसला हाईकोर्ट के जस्टिस जितेंद्र कुमार सिन्हा की बेंच ने दोपहर बाद 3.45 बजे सुनाया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को जमानत देते हुए शर्तें भी लगाई हैं। सबसे अहम शर्त यह है कि दोनों पक्ष (शंकराचार्य और आशुतोष) मीडिया में बयानबाजी नहीं करेंगे और इंटरव्यू नहीं देंगे। शंकराचार्य के विदेश जाने पर भी रोक है। इसके लिए हाईकोर्ट से अनुमति लेनी होगी। अगर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया जाता है, तो दूसरा पक्ष जमानत कैंसिलेशन अर्जी दे सकता है।

### शेयर बाजार : सेंसेक्स 1205 अंक चढ़कर 75,273 पर बंद

**मुंबई।** शेयर बाजार में 25 मार्च को तेजी रही। सेंसेक्स 1,205 अंक (1.63%) की तेजी के साथ 75,273 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 394 अंक (1.72%) की तेजी रही, ये 23,306 पर कारोबार कर रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में बढ़त रही। आज ऑटो, बैंकिंग, मेटल और एफएमसीजी शेयर ज्यादा चढ़े। अमेरिका और ईरान के बीच सकारात्मक बातचीत की खबरों से बाजार में रौनक है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच कई अहम मुद्दों पर सहमति बन गई है। दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ा दिया है। शुरूआती कारोबार में लगभग सभी बड़े एशियाई बाजार बढ़त के साथ हरे निशान में रहे।

कोर्ट के आदेश की अनदेखी करना पड़ा भारी

# पूर्व अपर मुख्य सचिव सहित चार अधिकारियों को दो-दो माह की सजा

## कोर्ट ने सजा को तीन सप्ताह के लिए स्थगित रखा ताकि आदेश का पालन किया जा सके

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर कोर्ट के आदेश की अनदेखी अधिकारियों पर भारी पड़ी। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति प्रणय वर्मा की एकलपीठ ने पूर्व अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मोहम्मद सुलेमान, पूर्व में आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं रहे और वर्तमान में आयुक्त आदिम जाति कल्याण तरुण राठी, उज्जैन स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. डी के तिवारी और मंदसौर सीएमएचओ डॉ. गोविंद चौहान को कोर्ट की अवमानना का दोषी पाते हुए दो-दो माह कारावास की सजा सुनाई है।

मंदसौर स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ कर्मचारियों के पक्ष में छह दिसंबर 2023 को हाई कोर्ट ने एक आदेश पारित किया था। कोर्ट ने इन कर्मचारियों को वर्ष 2004 से सात अप्रैल 2016 तक नियमितीकरण और उसके साथ सभी अनुषंगी लाभ देने के निर्देश दिए थे। कोर्ट ने विभाग को आदेश के पालन के लिए तीन माह का समय दिया था, बावजूद इसके आदेश का पालन नहीं हुआ। इस मामले में नौ अवमानना याचिकाएं हाई कोर्ट में प्रस्तुत हुईं। कोर्ट ने अवमानना याचिकाओं में पक्षकार बनाए गए सभी अधिकारियों को दो-दो माह कारावास की सजा सुनाई है।



**याचिकाएं 22 बार सुनवाई के लिए लगी फिर भी पालन नहीं किया-** सात पेज के आदेश में कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ये अवमानना याचिकाएं 22 बार सुनवाई के लिए लगीं। हर बार इन याचिकाओं में अधिकारियों को अवसर दिया गया कि वे कोर्ट के आदेश का पालन कर लें, बावजूद इसके पालन नहीं हुआ। कोर्ट ने कहा कि छह फरवरी 2026 को आदेश दिया था कि अधिकारी चार सप्ताह में अनिवार्य रूप से आदेश का पालन करें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

**आंशिक पालन भी पर्याप्त नहीं-** कोर्ट में शासन की ओर से बताया गया कि 12 मार्च 2026 को एक आदेश जारी कर याचिकाकर्ताओं को नियमित करने के संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है, इस पर कोर्ट ने कहा कि पहली बात तो यह कि यह चार सप्ताह की समय सीमा में नहीं हुआ है, दूसरा यह कि पूर्व में जारी आदेश केवल कर्मचारियों के नियमितीकरण तक सीमित नहीं था।

### दिल्ली विधानसभा को लगातार दूसरे दिन बम से उड़ाने की धमकी



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा को लगातार दूसरे दिन बम की धमकी मिली है। बुधवार सुबह असेंबली स्पीकर के ओएसडी को धमकी भरा ईमेल मिला है। एजेंसियां जांच में जुटी हैं। गौरतलब है कि मंगलवार सुबह भी बजट सत्र शुरू होने से पहले विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के पास एक धमकी भरा ईमेल आया था। हालांकि जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला था। इसके चलते सुबह 11 बजे शुरू होने वाली सदन की कार्रवाई आधे घंटे की देरी से शुरू हो पाई थी।

# सीएम ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 25 मार्च को अपना 61वां जन्मदिन भोपाल में मुख्यमंत्री निवास में दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। मप्र सरकार के मंत्रियों, विधायकों और बीजेपी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने उन्हें सीएम हाउस पहुंचकर बधाई दी।

बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ता हाथों में मेंहदी लगवाकर सीएम को आशीर्वाद देने पहुंचीं। महिलाओं ने हाथों पर लिखा था- शक्ति का आशीर्वाद।

**युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भेंट किया त्रिशूल-** बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सीएम हाउस पहुंचे। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सीएम को त्रिशूल भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी।

**चिट्ठियां लेकर पहुंची महिलाएं-** बड़ी संख्या में बीजेपी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने सीएम को हाथ से लिखी चिट्ठियां भेंट कीं। इस दौरान बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे, मंत्री कृष्णा गौर, प्रतिमा बागरी, महिला मोर्चा की महामंत्री मोना सुस्तानी मौजूद रहे। अलग-अलग तरह के गिफ्ट बॉक्स बनाकर महिलाएं सीएम हाउस पहुंचीं।

## 31 मार्च के लिए ई-फाइल शेड्यूल न करें ट्रेजरी अफसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मार्च का अंतिम सप्ताह शुरू होते ही वित्तीय वर्ष के समापन से पहले बिल स्वीकृत कराने और भुगतान की प्रक्रिया तेज हो गई है। 31 मार्च की डेडलाइन नजदीक आने के चलते कोषालयों में पेंडेंसी बढ़ने लगी है, जिससे सिस्टम पर अतिरिक्त दबाव देखा जा रहा है। स्थिति को देखते हुए वित्त विभाग ने सभी कोषालय अधिकारियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि 31 मार्च को अत्यधिक लोड की स्थिति बनी रहेगी, इसलिए इस दिन ज्यादा ई-फाइल शेड्यूल न की जाएं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पहले ही ई-फाइल शेड्यूल कर भुगतान की प्रक्रिया पूरी कर लें। निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि 27, 28 और 29 मार्च को अवकाश रहने के कारण अधिकतर फाइलों को 25 और 26 मार्च को ही शेड्यूल किया जाए।

## बच्चों का स्क्रीन टाइम 1 घंटा रहे शाम 7 बजे के बाद इंटरनेट बंद

एजेंसी ▸▸ कर्नाटक

कर्नाटक सरकार ने 9वीं से 12वीं के छात्रों के डिजिटल इस्तेमाल को लेकर ड्राफ्ट पॉलिसी जारी की है। इसमें सिफारिश की गई है कि पढ़ाई के अलावा मनोरंजन के लिए स्क्रीन टाइम रोजाना 1 घंटे तय किया जाए। शाम 7 बजे के बाद इंटरनेट बंद करने की भी सिफारिश की गई है। ड्राफ्ट में कहा गया है कि छात्रों को सोने से एक घंटे पहले स्क्रीन से दूर रखा जाए। मोबाइल के लिए चाइल्ड प्लान का सुझाव दिया गया है, जिसमें ऑडियो-ओनली विकल्प और तय समय के बाद इंटरनेट बंद करने की व्यवस्था होगी। उम्र के हिसाब से डिवाइस और ऑपरेटिंग सिस्टम डेवलप करने की भी बात कही गई है। सरकार के मुताबिक, करीब 25% किशोरों में इंटरनेट की लत है, जिससे नींद की कमी, चिंता और ध्यान भटकने जैसी समस्याएं हो रही हैं।

सरकार ने कहा- देश में पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं

# घबराकर जरूरत से ज्यादा खरीदने से बचें

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को कहा कि हमारे पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल पंपों को सप्लाई करने वाले टर्मिनलों पर भी पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने दिल्ली में इंटर-मिनिस्ट्रियल ब्रीफिंग के दौरान लोगों से डर और घबराहट में पेट्रोल-डीजल की खरीदारी करने से बचने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है। सुजाता शर्मा ने कहा- पैनिक बाइंग के कारण पिछले दो दिनों में कई जगहों पर पेट्रोल पंपों और रिटेल आउटलेट्स के बाहर लंबी कतारें देखी गई हैं। हम बताना चाहते हैं कि देश में कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक है। हमारे पास सालाना करीब 26 करोड़ टन कच्चा तेल रिफाइन करने की क्षमता है। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने आगे कहा- पिछले 25 दिनों में करीब 2.5 लाख नए पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं। इसके अलावा लगभग 2.20 लाख उपभोक्ताओं ने एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट किया है।



अगर आप भी खरीदने जा रहे इंफ्रारेड चूल्हा

# जानें कितने वॉट का लेना रहेगा सही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हाल के समय में एलपीजी की बढ़ती कीमतों के कारण कई शहरों में एलपीजी सिलेंडर को लेकर मारामारी मची हुई है। साथ ही, सिलेंडर की बुकिंग के लिए लोगों को दिन भर लाइन में खड़ा होना पड़ रहा है। इसी बीच इंडक्शन चूल्हे की मांग बढ़ती जा रही है, जिसका फायदा उठाते हुए कंपनियां इनकी कीमत बढ़ाने में लग गई हैं। बढ़ती डिमांड के कारण इंडक्शन चूल्हे तेजी से आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं। ऐसे में इंफ्रारेड चूल्हे बाजार में नए विकल्प बनकर सामने आए हैं। खास बात यह है कि इंफ्रारेड चूल्हे मार्केट में आसानी से उपलब्ध हैं। वहीं, इनमें सारे बर्तन भी इस्तेमाल हो जाते हैं।

### क्या होता है इंफ्रारेड चूल्हा

इंफ्रारेड कुकटॉप सुरक्षित और स्वच्छ खाना पकाने में काफी अच्छा है। यह चूल्हा सिरेमिक ग्लास का बना होता है, जिसके नीचे एक उच्च-शक्ति वाला इंफ्रारेड हीटिंग एलिमेंट होता है, जो एक कॉइल या हैलोजन लैंप होता है। यह इंफ्रारेड विकिरण के रूप में ऊष्मा उत्सर्जित करता है। इस चूल्हे पर आप अपने किचन के एल्युमीनियम, स्टील, कॉपर और आयरन बर्तन इस्तेमाल कर सकते हैं, जो आप गैस पर करते हैं। इसके लिए आपको अलग से बर्तन नहीं खरीदने होते हैं।



- **कैसे काम करता है इंफ्रारेड चूल्हा-** अक्सर लोग इंडक्शन और इन्फ्रारेड चूल्हे में कन्फ्यूज हो जाते हैं, लेकिन आपको बता दें कि इंडक्शन चूल्हा सीधे बर्तन के बेस यानी मेटल को गर्म करता है, जबकि इंफ्रारेड चूल्हा इंफ्रारेड लाइट का उपयोग करके गर्मी पैदा करता है, जो बर्तन की सतह पर पहुंचकर उसे गर्म करता है। इसमें हीट पूरे बर्तन में फैलती है, जिससे खाना एक समान पकता है। खास बात यह है कि इंफ्रारेड कुकटॉप से खाना जल्दी पकाया जा सकता है।
- **कम बिजली इस्तेमाल करेगा या ज्यादा-** वैसे तो इंडक्शन और इंफ्रारेड कुकटॉप दोनों ही बिजली पर चलते हैं, लेकिन इंफ्रारेड चूल्हे इंडक्शन के मुकाबले अधिक बिजली खर्च करता है, क्योंकि ये चूल्हे रेडिएंट हीट इस्तेमाल करते हैं, जिसकी वजह से ये गर्म भी देर से होते हैं और इसे ठंडा होने में भी थोड़ा समय लगता है। यही कारण है कि यह ज्यादा बिजली की खपत करता है।
- **कितने वॉट का इंफ्रारेड चूल्हा लेना सही -** घर के लिए सबसे अच्छा इंफ्रारेड चूल्हा आमतौर पर 2000 वॉट का माना जाता है, जो 3-4 लोगों के परिवार के लिए खाना जल्दी पका सकता है। अगर आप हल्का काम जैसे चाय, मैगी, कॉफी, दूध गरम करना चाहते हैं तो 1500-1800 वॉट का भी सही रहेगा, लेकिन तेज कुकिंग के लिए 2000 वॉट ही बेहतर रहेगा। ध्यान रखें कि 2000 वॉट का चूल्हा 1 घंटे में लगभग 2 यूनिट बिजली खर्च कर सकता है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## नजूल पर खेल...!




शहर की संस्था में इन दिनों बाले झबाले एक जमीन को ढूंढा जा रहा है। मामला नामांतरण से उपजा बताया जा रहा है। खिलचीपुर से गयाकोठा जाने वाले मार्ग के आवासों में से कुछ का यह मामला है। यहां के मकानों के क्रय झविक्रय के बाद संबंधित विभाग ने फीस लेकर पंजीयन कर दिया। इसके बाद खरीदने वाला नामांतरण के लिए पहुंचा तो मामला पेचिदा हो गया। जमीन कहां से आई ढूंढना शुरू हुआ लेकिन महीनों बाद भी यह सामने नहीं आ रहा है कि जमीन आसमान से टपकी या हवा से आकर यहां जम गई। सर्वे नंबर और पूर्व मालिक का खसरा नंबर ही सामने नहीं आ रहा है। एक बार नहीं अनेक बार यह स्थिति तलाश ली गई लेकिन फिर भी हाल वही कायम रहे हैं। सालों पहले नाला सकरा हुआ तो जमीन निकल आई। सडक बनी और पास में अच्छी खासी जमीन को देखने के बाद कुछ जानकारों ने फ्री के माल पर हक जताने में कोई देर नहीं की। बाले झबाले ही गड्डों में कचरा और मटेरियल डलता गया और फिर अच्छा खासा प्लाट बन गया। देखते ही देखते मकान बनाकर बेच दिए गए और बडे ही योजनाबद्ध रूप से रजिस्ट्री हो गई। खुसूर-फुसूर है कि नजूल की जमीन को लेकर पिछले 25 वर्षों में शहर में भी काफी कुछ ऐसा ही हुआ है। नाले के आसपास की जमीन हो चाहे तालाब के आसपास के डूब की जमीन हो ऐसी जमीनों पर खेल कर दिया गया। ऐसे ही एक मामले में इंदौर रोड तालाब के पास की जमीन पर कालोनाईजर ने बिल्डिंग बना दी और माल बटोरकर रवाना हो गए। भ्रष्टाचार रोकने वाली संस्था जांच कर ही रही है। ऐसे और भी मामले हैं जहां नजूल फिजूल से माल बटोर लिया गया और सब कुछ गुड मंथन हो गया।

## ट्रैंडिंग

सब कह रहे हैं अगर युद्ध हुआ तो हम सब 30 साल पीछे चले जाएँगे

मतलब हम सब शादीशुदा फिर से कुंवारे हो जाएँगे

## बालाजी गार्डन पर मिक्स कचरा पाए जाने पर 20 हजार जुर्माना

**उज्जैन।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2025 की गाइडलाइन के अनुसार शहर के होटल, बड़े व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, अस्पताल, गार्डन इत्यादि को अपने यहां से निकलने वाले कचरे का स्वयं के द्वारा निष्पादन किया जाना है इसी क्रम में जिनके द्वारा यह प्रक्रिया नहीं की जा रही है जिन पर निरंतर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है जिसके क्रम में बुधवार को नरसिंह घाट स्थित बालाजी गार्डन पर मिक्स कचरा पाया गया जिसके क्रम में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा संबंधित पर 20 हजार का जुमार्ना लगाए जाने की कार्यवाही की गई।

## निगम अध्यक्ष ने वार्ड 24 में बोरिंग खनन कार्य का भूमि पूजन किया

**उज्जैन।** बुधवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा क्षेत्रीय पार्षद एवं जोन अध्यक्ष श्री सुशील श्रीवास की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 24 अंतर्गत निगम अध्यक्ष मद की राशि से होने वाले बोरिंग खनन कार्य का भूमि पूजन संपन्न किया गया।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष विजय चौहान, मंडल महामंत्री विनोदिनी पाटीदार, मुकेश चंद्रावत, बसंतीलाल मरमट, मुकेश जोशी, वरुण पितलिया, सुनील गुप्ता, मनीष शर्मा, संतोष जाट, कुलदीप घारिया उपस्थित रहे।

### लोगों को अधिकारियों की बातों पर नहीं आ रहा इकरार

# पेट्रोल पंपों पर कतार दूसरे दिन भी बरकरार

### शहर के साथ ही अंचल के पेट्रोल पंपों पर भी लग रहीं लंबी कतारें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार देर शाम से वाहनों के 'टैंक फुल' की होड़ बुधवार को भी पेट्रोल पंपों के खुलने के साथ देखी गई। अधिकारियों की बातों पर लोगों को इकरार नहीं आ रहा है। पेट्रोल पंपों पर ऐसे भीड उमड रही है जैसे फ्री में पेट्रोल-डीजल मिल रहा हो। अफवाहों ने ऐसा तड़का लगाया कि शहरों से यह आग रातों-रात अंचल के पंपों तक पहुंच गई और वहां भी वाहनों का हुजूम खडा हो गया है।

मंगलवार देर शाम से पेट्रोल और डीजल की किल्लत की अफवाह ने बगैर आधार के ही ऐसा दावानल रूप लिया कि देखते ही देखते पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस को उद्घोषणा करना पडी की यह अफवाह है उसके बाद भी लोगों को उस पर विश्वास नहीं आया। कलेक्टर सहित जिला आपूर्ति नियंत्रक और तमाम अधिकारियों ने लोगों के सामने पेट्रोल झडीजल की भरपूर उपलब्धता का पक्ष रखा उसके बाद भी भीड है कि कम होने का नाम ही नही ले रही है।

### एक ही मिशन पेट्रोल पंप की और

मंगलवार देर शाम से अफवाहों ने जोर पकडा तो उसके बाद जिधर देखो उधर से वाहन चालक पेट्रोल पंपों की और मिशन पर निकल पडा। पेट्रोल-डीजल को लेकर ऐसा माहौल बना कि हर कोई बस एक ही मिशन पर निकल पड़ा 'पहले टैंक फुल, बाकी सब बाद में'। इस बीच शहरी क्षेत्र के कुछ पेट्रोल पंपों के बंद होने का समय हो गया और इनमें से एक दो पर पेट्रोल स्टाक खत्म होने की खबर ने जोर पकडा तो दुसरे दिन बुधवार को भी सुबह से लंबी लाईनें पंपों पर यथावत बनी रही है। बाइक, कार, ट्रैक्टर सभी लाइन में लग गये। हालत ये रहे कि पेट्रोल पंप कम और पार्किंग स्थल के रूप में ज्यादा दिखाई दे रहे थे।



### कोई कमी नही, सब कुछ सामान्य है-कलेक्टर सिंह

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रोशनकुमार सिंह ने कहा है कि उज्जैन में पेट्रोल ,डीजल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है निर्वाध आपूर्ति जारी है और आगे भी कहीं भी कोई कमी नहीं होगी सभी पेट्रोलियम कंपनियों के द्वारा सप्लाई निरंतर दी जा रही है पर्याप्त स्टॉक भी उपलब्ध है।

### लाखों के वाहन लगे लाईन में

इस दौरान बुधवार को कई पंपों पर लाईन में महंगे वाहन भी खडे दिखाई दिए। 40 से 50 लाख की कारें भी लाईन में लगी देखी गई तो 3-5 लाख की बाईक भी लाईन में लगकर पेट्रोल लेते देखी गई है।

### शहरी क्षेत्र में सडकों पर जाम

पेट्रोल-डीजल के पैनिक की वजह से शहरी क्षेत्र के पेट्रोल पंपों पर जमकर वाहनों की कतारें लगी हुई हैं। ऐसे में आसपास की सडकों पर जाम जैसे हालात बन गए हैं। वहां से गुजरने वाले वाहनों को पर्याप्त आवागमन में सडक नहीं मिल पा रही है। कतारें इतनी लंबी कि सड़क पर जाम जैसे हालात दुसरे दिन भी दिन भर बने रहे हैं।

### बॉटल या केन में ईंधन, तो कार्रवाई-एसपी शर्मा

उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने कहा है कि अगर कोई भी पेट्रोल पंप संचालक किसी भी व्यक्ति को बॉटल या केन में पेट्रोल या डीजल देगा तो सम्बंधित व्यक्ति के विरुद्ध और पेट्रोल पंप संचालक के विरुद्ध दोनों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उज्जैन में सभी जगह रही चेकिंग की जा रही है। उन्होंने पेट्रोल-डीजल को लेकर कहा कि जिला आपूर्ति अधिकारी के अनुसार जिले में पर्याप्त उपलब्धता है ऐसे में पैनिक न फैलाएं।

### भरपूर स्टाक उपलब्ध

इधर पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर दुसरे दिन भी जिला आपूर्ति नियंत्रक शालू वर्मा ने भरपूर स्टाक उपलब्धता का दावा करते हुए कहा कि स्टाक के साथ सप्लाई भी नियमित है। उन्होंने कहा कि पंपों पर उपलब्धता के अनुसार समानुपातिक रूप से उपभोक्ताओं को पेट्रोल डीजल दिया जा रहा है। उन्होंने उपयोगकताओं से अपील करते हुए कहा कि आवश्यकता अनुसार फ्यूल का उपयोग करें। ना कोई कमी है, ना कोई संकट'है। डिपों में भी दो माह से अधिक का पेट्रोल डीजल उपलब्ध है।

### गांव तक फैला 'पेट्रोल पैनिक'

'पेट्रोल पैनिक' का असर दुसरे दिन शहरों से ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच गया। जिन क्षेत्रों में पेट्रोल पंप थे वहां आसपास के ग्रामीण इलाको से लोग दौड पडे और जहां पंप नहीं थे वे हाईवे एवं पास के शहरी क्षेत्रों की और दौड पडे लाईन लंबी होने से 1-2 घंटे पेट्रोल लेने में बर्बाद किया और फिर वापस गांव की और लौट गए। पेट्रोल के लिए लंबी-लंबी कतारें अभी भी जारी हैं।

# निगमायुक्त ने सर्जरी का क्रम निरंतर रखा, कुछ यंत्री हुए इधर से उधर

### प्रशासनिक व्यवस्था सक्षम बनाने को लेकर एक कदम और, जोन के साथ मुख्यालय की व्यवस्थाओं को भी सुदृढ किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में नवागत आयुक्त के आने के बाद से ही प्रशासनिक सर्जरी की कवायद चल रही थी। इसे आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अंजाम देना शुरू किया है। एक पखवाडे पूर्व लिपिक स्तर पर व्यवस्थाओं को सुदृढ किया गया था। इसके बाद मंगलवार की सर्जरी में यांत्रिकी शाखाओं को सुदृढता प्रदान की गई है। यंत्रियों को सिंहस्थ के कामों को तेजी से अंजाम देने की स्थिति में इधर से उधर किया गया है। जारी सूची में प्रशासनिक एवं लिपिकों को भी शामिल किया गया है।

मंगलवार को जारी आदेश में 11 कर्मचारियों अधिकारियों के कार्यों में बदलाव किया गया है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। जोन वार टीमों को इसमें मजबूती दी गई है और वैकल्पिक स्तर भी दिया गया है। इससे कार्य व्यवस्था सुदृढ होने की बात सामने आ रही है।

### इन्हें किया इधर से उधर

आदेश में प्रफुल्ल कुमार गठरे, सहायक आयुक्त वर्तमान कार्य के साथ-साथ प्रभारी अधिकारी (जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन शाखा, विधि एवं निर्वाचन) डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों की ट्रेकिंग कार्य, दीपक शर्मा, प्र. कार्यपालन यंत्री वर्तमान कार्य के साथ-साथ प्रभारी वृक्ष अधिकारी,

सुनील जैन, प्र. सहायक यंत्री, वर्तमान कार्य के साथ-साथ प्रभारी निगम कंट्रोल रूम, प्रदीप कुमार सेन, सहायक सामुदायिक विकास संगठक, एन.यू. एल.एम. वर्तमान कार्य के साथ-साथ नगर निगम स्वामित्व के समस्त आश्रय स्थलों के प्रभारी अधिकारी, विवेक मंडराई, उपयंत्री, झोन क्र. 01, शिल्पज्ञ एवं उद्यान (वार्ड क्रं. 1, 2, 5, 8 व 9), सुश्री संगीता पंवार, उपयंत्री, झोन क्र. 02, शिल्पज्ञ एवं उद्यान (वार्ड क्रं. 3, 4, 6, 7 व 16) नितिन बिसेन, उपयंत्री, पी.एच.ई. इलेक्ट्रिकल वर्तमान कार्य के साथ साथ उपयंत्री, प्रकाश विभाग,सचिन जायसवाल उपयंत्री, USCL वर्तमान कार्य के साथ-साथ प्रभारी, बायोमेथेनेशन प्लांट, मक्सी रोड़ उपयंत्री, स्वच्छ भारत मिशन (NCAP सहित), पिंकेश सिन्हा, सहायक वर्ग-03, सा.प्र.वि. सम्पत्तिकर शाखा (मुख्यालय), क्रिश सोनी, सहायक वर्ग-03, सम्पत्तिकर शाखा (मुख्यालय) को सामान्य प्रशासन विभाग,संदीप म्हाले, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक, स्थापना, को प्रभारी लिपिक स्वास्थ्य विभाग बनाया गया है।

### आदेश में ये भी किया

सिंहस्थ 2028 अंतर्गत स्वीकृत चौड़ीकरण कार्यों को सुचारू रूप से क्रियान्वयन किये जाने की व्यवस्था हेतु पूर्व में जारी आदेश क्रमांक प्रोजेक्ट सेल/2025/20, दिनांक 16.01.2025, आदेश क्रमांक सिंहस्थ/2025/212, दिनांक 30.05.2025 एवं आदेश क्रमांक सिंहस्थ/2025/484, दिनांक 10.10.2025 से नियुक्त किये गये अधिकारी/कर्मचारियों को रोड़ के भवन अधिकारी / निरीक्षक के दायित्वों से मुक्त किया जाता है, उक्त संबंधी कार्य संबंधित झोन के भवन अधिकारी / भवन निरीक्षक एवं संबंधित विभाग द्वारा सम्पादित किया जावेगा। पूर्व में जारी कार्यालयीन आदेश क्र./SBM/2024/1202 दिनांक 16.12.2024 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत गठित तकनीकी समिति आगामी आदेश पर्यन्त तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाती है। सुनील जैन, प्र. सहायक यंत्री, नगर पालिक निगम उज्जैन को सम्पत्तिकर दायित्वों से मुक्त किया जाता है। नरेश जैन, प्र. उपयंत्री, नगर पालिक निगम उज्जैन को स्वच्छ भारत मिशन के दायित्वों से मुक्त किया जाता है।

अधिकारी/कर्मचारीगण समय-समय पर वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा प्रदत्त आदेश/निदेशों का पालन सुनिश्चित करेंगे।उपरोक्त व्यवस्था अंतर्गत पदस्थ किये गये अधिकारी / कर्मचारीगण बिना रिलीव्ह की प्रतिक्षा किये नवीन पदस्थी स्थल पर उपस्थिति दर्ज कराते हुए अधीनस्थ प्रकरणों का चार्ज शीघ्र आदान-प्रदान कर सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### 2028 सिंहस्थ से पहले हाई-टेक प्लान की मांग, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज ने नेशनल सिक्योरिटी ग्रिड, एआई निगरानी और एनडीआरएफ केंद्र की उठाई जरूरत

# महाकाल के दरबार में बढ़ती भीड़.. संसद में उठी हाई-टेक सुरक्षा की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संसद में गंभीर चिंता जताई गई। राष्ट्रीय संत बाल योगी उमेश नाथ महाराज ने राज्यसभा में इस मुद्दे को उठाते हुए इसे करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और देश की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा विषय बताया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में प्रतिदिन 4.5 से 5 लाख लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं, वर्ष 2028 के सिंहस्थ महाकुंभ के दौरान यह संख्या 10-15 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। ऐसे में मौजूदा सुरक्षा व्यवस्था भविष्य की जरूरतों के लिहाज से अपर्याप्त दिखाई देती है।



राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज ने सुरक्षा के बहुस्तरीय मॉडल की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर को नेशनल सिक्योरिटी ग्रिड से जोड़ा जाए और सीआईएसएफ जैसी केंद्रीय एजेंसियों से नियमित सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। इससे सुरक्षा प्रोटोकॉल को राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुरूप बनाया जा सकेगा।

उन्होंने एआई आधारित 'स्मार्ट क्राउड एनालिटिक्स', फेस रिकग्निशन और ड्रोन सर्विलांस जैसी व्यवस्थाओं को लागू करने की मांग की। इसके अलावा, आपदा प्रबंधन को मजबूत करने के लिए एनडीआरएफ का स्थायी केंद्र उज्जैन में स्थापित करने का प्रस्ताव भी रखा गया।

फिलहाल मंदिर की सुरक्षा निजी एजेंसियों, स्थानीय पुलिस पर निर्भर है। लेकिन तेजी से बढ़ती श्रद्धालु संख्या और वैश्विक स्तर पर बढ़ती पहचान को देखते हुए सुरक्षा ढांचे के आधुनिकीकरण की आवश्यकता स्पष्ट हो रही है। संसद में उठी यह मांग सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को नई दिशा दे सकती है।

# आज महाअष्टमी पर होगी नगर पूजा

### अखाड़ा परिषद अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज माता को लगाएंगे मदिरा का भोग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगरवासियों की सुख-समृद्धि की कामना को लेकर चैत्र माह की नवरात्रि के अंतिम दिन महाअष्टमी पर श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार आयोजित होने वाली नगर पूजा का निर्वहन किया जाएगा। गुरुवार को 24 खंबा स्थित माता महामाया और महालाया माता को मदिरा का भोग लगाया जाएगा।

भव्य नगर पूजा में शामिल होने के लिए मां मनसा देवी ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष, श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा के सचिव और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी महाराज उज्जैन आएंगे। उनके साथ अन्य संत-महंत और महामंडलेश्वर भी शामिल होंगे।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के प्रबंधक डॉ. राहुल कटारिया ने बताया कि प्राचीन समय से नगर पूजा होती आ रही है। कोरोना महामारी के दौरान भी अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने हरिद्वार से आकर इस परंपरा का निर्वहन किया था। इसी क्रम में गुरुवार प्रातः 8 बजे 24 खंबा माता मंदिर से नगर पूजा प्रारंभ होगी।

अखाड़ा परिषद के प्रवक्ता डॉ. गोविंद सोलंकी ने बताया कि यात्रा के पश्चात बड़नगर रोड स्थित श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी में भव्य कन्या पूजन के साथ भक्तों का भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसमें सभी अखाड़ों के संत-महंतों के साथ जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण शामिल होंगे।

### 28 किलोमीटर मार्ग पर चलेगी मदिरा की धारा

इस यात्रा में 28 किलोमीटर लंबे मार्ग में कोटवार एक हांडी में मदिरा की धारा लेकर चलते हैं। रास्ते में आने वाले प्रमुख देवी और भैरव मंदिरों में नए ध्वज और चोला चढ़ाया जाता है। वहीं कुछ देवी मंदिरों में वहां माता रानी को पूजन सामग्री के साथ मदिरा का भोग लगाने की भी परंपरा है। पूरी यात्रा में बैंड-बाजों के साथ भक्तगण माता के जयकारे लगाते हुए चलते हैं। रात 8 बजे अंकपात मार्ग स्थित हांडी फोड़ भैरव पर यात्रा का समापन होगा।

### सिर्फ 3 सेमी सतह पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का चित्रण किया, 1 घंटे 32 मिनट में पूरा किया चुनौतीपूर्ण कार्य

# पिस्ता के खोल पर सजी 'नवदुर्गा', उज्जैन की छात्रा ने बनाया सूक्ष्म कला का विश्व रिकॉर्ड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की युवा चित्रकार शुभी शर्मा, छात्रा शिप्रा फाइन आर्ट्स कॉलेज उज्जैन ने सूक्ष्म कला (मिनीएचर आर्ट) के क्षेत्र में एक अनोखा विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने 'पिस्ता के खोल पर नवदुर्गा के सबसे छोटे चित्र' विषय पर कार्य करते हुए मात्र 3 सेंटीमीटर (30 मिमी) के अत्यंत सीमित आकार में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों का चित्रण किया। यह उपलब्धि बेहद चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। पिस्ता के खोल जैसी असमान और छोटी सतह पर




ब्रश कंट्रोल, रंग संतुलन और भाव अभिव्यक्ति बनाए रखना उच्च स्तर की एकाग्रता और अभ्यास की मांग करता है। शुभी ने इस अद्भुत कला को केवल 1 घंटा 32 मिनट की अवधि में पूरा किया, जो उनकी गति और सटीकता दोनों को दशार्ता है।



सूक्ष्म कला में सबसे बड़ी चुनौती 'डिटेलिंग' होती है—यानी बहुत छोटे आकार में चेहरे के भाव, आभूषण और प्रतीकों को स्पष्ट रूप से उकेरना। शुभी ने इस चुनौती को सफलतापूर्वक पूरा करते हुए प्रत्येक स्वरूप को अलग पहचान देने में सफलता हासिल की।

शुभी वर्तमान में शिप्रा फाइन आर्ट्स कॉलेज की छात्रा हैं। उनकी कला यात्रा बचपन से ही शुरू हो गई थी। उनके पिता, जो स्वयं कला शिक्षक और चित्रकार हैं, से उन्हें प्रारंभिक प्रेरणा मिली। इसी पारिवारिक माहौल ने उनकी रुचि को दिशा दी।

### सफलता का श्रेय अपने गुरु को दिया

वे अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरु डॉ. अभिषेक सिंह तोमर को देती हैं। उनके मार्गदर्शन में शुभी ने न केवल तकनीकी कौशल विकसित किया, बल्कि सूक्ष्म कला की जटिलताओं को भी समझा।

यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि उज्जैन शहर के लिए भी गर्व का विषय है। साथ ही, यह युवा कलाकारों के लिए एक संदेश है कि सीमित संसाधनों में भी नई ऊंचाइयां हासिल की जा सकती हैं, शुभी की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे शहर के लिए गर्व का विषय है और युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनकर उभरी है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 26 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### गदर 2 फिल्म की ऐक्ट्रेस सिमरत महाकाल मंदिर पहुंचीं

**उज्जैन।** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री सिमरत कौर मंगलवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचीं। उन्होंने नंदी हाल से भगवान महाकाल के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया और देहरी से जल अर्पित किया। सिमरत कौर ने बताया कि यह उनका महाकाल दर्शन का दूसरा अवसर है। उन्होंने कहा कि यहां की ऊर्जा दिव्य है और उन्हें विशेष आध्यात्मिक अनुभव हुआ। उन्होंने कहा कि उन्होंने बंगाल फाइल्स में काम किया है। महाकाल के दर्शन को उन्होंने अपने जीवन का खास पल बताया। अभिनेत्री ने मंदिर की दर्शन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यहां व्यवस्थाएं काफी अच्छी और सुचारु हैं। दर्शन के बाद सिमरत कौर ने मंदिर परिसर में शिखर के साथ फोटो सेशन भी कराया।

### बिहार के राज्य मंत्री रत्नेश कुमार ने किए बाबा महाकाल के दर्शन

**उज्जैन।** बिहार सरकार के राज्य मंत्री रत्नेश कुमार ने उज्जैन स्थित ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर के दर्शन किए। इस दौरान वे पूरी तरह बाबा महाकाल की भक्ति में लीन नजर आए। रत्नेश कुमार अपने धर्मपत्नी के साथ नंदी हॉल पहुंचे और वहां से बाबा महाकाल के दर्शन का लाभ लिया। नंदी जी के कानों में अपनी मनोकामना भी व्यक्त की। दर्शन के बाद मीडिया से बात करते हुए रत्नेश कुमार ने अपनी बात की शुरूआत जय श्री महाकाल के जयकारे से की। उन्होंने कहा, ₹आज प्रभु ईश्वर महाकाल के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। स्वाभाविक है हम सभी का सौभाग्य है कि नवरात्रि में बाबा महाकाल के दर्शन का लाभ मिला। हम लोग भावुक हैं, ज्यादा क्या कह सकते हैं, एकदम इमोशनल है। दर्शन बहुत अच्छा हुआ।

### खराब रिजल्ट पर बनेगी दस-दस सदस्यीय 3 कमेटियां

**इंदौर।** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के बीएड, लॉ और एमबीए कोर्स के खराब रिजल्ट को लेकर मचे बवाल के बीच डीएवीवी ने बड़े सुधार की तैयारी की है। एक तरफ जहां एमबीए और बीएड के कॉलेज छात्रों के लिए डीएवीवी जो ऑनलाइन क्लासेस लगाने जा रही है, उसमें पढ़ाने के लिए यूटीडी के रिटायर्ड प्रोफेसरो को मौका दिया जाएगा। यही नहीं हर विषय के अलग-अलग प्रोफेसर क्लास लेंगे। दो घंटे की यह क्लास होगी। वहीं दूसरी तरफ खराब रिजल्ट में सुधार के लिए एक और बड़ा कदम उठाते हुए दस-दस सदस्यीय 3 कमेटियां बनाई जा रही हैं। कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर तीनों कोर्स में बड़ा सुधार किया जाएगा। कुलपति प्रो. राकेश सिंघई का कहना है कि यह तीनों कमेटियां रिजल्ट में आ रही परेशानी में सुधार से लेकर अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान में सुधार से लेकर काम करेगी।

### प्रदूषण को लेकर आईआईटी की रिपोर्ट के बाद उठे सवाल

**इंदौर।** सिरपुर तालाब में प्रदूषण को लेकर आईआईटी इंदौर की रिपोर्ट के बाद यहां पनप रही जलकुंभी को लेकर फिर सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह निगम प्रशासन का दावा है। इसके मुताबिक झील में अब गंदा पानी नहीं जा रहा, क्योंकि वहां एसटीपी काम कर रहा है, लेकिन मौके पर अब भी जलकुंभी और काई नजर आ रही है। निगम खुद मान रहा है कि मुख्य झील के मुकाबले छोटे सिरपुर क्षेत्र में ज्यादा समस्या है। यहां जल गुणवत्ता अभी भी पूरी तरह नहीं सुधरी। निगम ने सिरपुर रामसर साइट में 10 से 11 आउटफॉल चिह्नित किए थे। अधिकारियों के अनुसार इनमें से 9 आउट-फॉल बंद कर दिए गए हैं। 20 किमी का सीवर नेटवर्क तैयार किया गया।

### मांगलिया डिपो से पेट्रोल-डीजल की सुचारू आपूर्ति


**इंदौर।** इंदौर जिले में पेट्रोल एवं डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर आज सुबह 6 बजे से मांगलिया स्थित एचपीसीएल, भारत पेट्रोलियम एवं इंडियन ऑयल के डिपो पर टैंकरों में ईंधन भरने का कार्य तेज गति से प्रारंभ कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 8 बजे तक मांगलिया डिपो से हिंदुस्तान पेट्रोलियम की 25 टैंकर लोरियां, भारत पेट्रोलियम की 17 तथा इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की 19 टैंकर लोरियां विभिन्न पेट्रोल पंपों के लिए रवाना हो चुकी हैं। डिपो पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध है और पूरी क्षमता के साथ टैंकरों को भरा जा रहा है। जिला प्रशासन की टीम सुबह 5 बजे से ही सक्रिय होकर मांगलिया डिपो तथा फील्ड के पेट्रोल पंपों का सतत निरीक्षण कर रही है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अपनी आवश्यकता के अनुसार ही पेट्रोल-डीजल प्राप्त करें। जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है तथा आपूर्ति पूरी तरह व्यवस्थित रूप से जारी है। लोहा मंडी क्षेत्र में पेट्रोल 149 रुपये प्रति लीटर बिकने के वायरल वीडियो को लेकर उठे सवालों पर खाद्य विभाग ने स्थिति स्पष्ट की है। विभाग के अनुसार, वीडियो में दिखाया गया पेट्रोल सामान्य पेट्रोल नहीं बल्कि एक्सपी 100 कैटेगरी का प्रीमियम पेट्रोल है, जिसकी कीमत पहले से ही अधिक निर्धारित होती है।

## नकली बिस्किट को असली सोना बताकर ठगे थे 5 लाख

### 3 माह की तलाश के बाद गिरफ्त में आये झाबुआ के दंपति, कोर्ट में पेश कर भेजा गया जेल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**





नकली सोने का बिस्किट असली बातकर 5 लाख नगद ठगने वाले दंपति तीन माह बाद पुलिस की गिरफ्त में आ गए। दंपति से 5 लाख नगद बरामद कर पुलिस ने बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश किया। दोनों को जेल भेजा गया है।

दिसंबर 2025 में जीरो पाइंट ब्रिज के नीचे हर्षित भोजनालय का संचालन करने वाली जसोदा पति राजकुमार जीनवाल निवासी हाथीपुरा ने माधवनगर थाना पुलिस को शिकायती आवेदन देकर बताया था कि भोजनालय पर खाना खाने आए कालू और उसकी पत्नी साबरबाई ने बताया कि मजदूरी का काम करते हैं खुदाई में सोने का बिस्किट मिला। उन्होंने बिस्किट बताते हुए बेचने की बात कही। उन्होंने बिस्किट में से ही एक टुकड़ा तोड़कर दिया और कहा कि असली है। बिस्किट के टुकड़े को सुनार से चेक कराया तो असली होना सामने आया। रुपये नहीं होने पर बिस्किट खरीदने से मना कर दिया। लेकिन 2 दिन बाद पति-पत्नी फिर लौटे और बताया कि उनके बेटे की शादी है 5 लाख की जरूरत है अमानत के तौर पर बिस्किट रख लो, जो 400 ग्राम से अधिक का है वापस आकर बिस्किट लेंगे और तुम्हारे रुपए लौटा देंगे। लालच में आकर उसने 5 लाख रुपए पति-पत्नी को दे दिए और बिस्किट रख लिया। कुछ दिनों तक दोनों वापस नहीं लौटे तो उसने बिस्किट दोबारा से चेक कराया जो नकली सोने का होना सामने आया।

जसोदा ने पुलिस को बताया कि दोनों पति-पत्नी ने झाबुआ के आंवलीफालिया का रहने वाला बताया था। थाना प्रभारी राकेश भारती ने नकली सोना देखकर 5 लाख ठगने वालों की तलाश के लिये एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम, प्रधान आरक्षक आशुतोष नगर, आरक्षक देवराजसिंह, प्रधान महिला आरक्षक अन्नपूर्णा, आरक्षक प्रतिभा और फूलनश्री की टीम गठित की। तीन माह से दोनों की तलाश जारी थी, मंगलवार को सूचना मिलने पर पुलिस आलोट पहुंचे और धोखाधड़ी करने वाले दंपत्ति कालू पिता तेरिया भाबोर 50 वर्ष और साबरबाई पति कालू 45 वर्ष को गिरफ्तार कर उज्जैन ले आई। दोनों की निशानदेही पर ठगे गए 5 लाख रुपए नगद भी बरामद किए गए हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

### कालू करता था बैंड बजाने का काम

बताया जा रहा है कि धोखाधड़ी करने वाले दंपति पिछले कई महीनो से उज्जैन स्थित चामुंडा माता चौराहा फुटपाथ पर रह रहे थे। कालू भाबोर बैंड बजाने का काम करने लगा था वही पत्नी फुटपाथ पर रहकर मांगने खाने का काम करती थी। दोनों जसोदा के भोजनालय पर कुछ दिनों तक लगातार खाना खाने पहुंचे थे इस दौरान उसे अपने झांसे में लिया था। 5 लाख मिलने के बाद दोनों उज्जैन से लापता हो गए थे और अलग-अलग शहरों में रहकर मजदूरी का काम कर रहे थे लेकिन कानून के लंबे हाथ उन तक पहुंच गए।



### हाथों से बनाते थे बिस्किट

बताया जा रहा है कि भील समुदाय के दंपत्ति पीतल और अन्य पीली वस्तु को गला कर सोने का बिस्किट बनाते थे, जिसके एक हिस्से में असली सोना भी लगते थे, जिसको भी झांसा देना होता था उसे बिस्किट में से असली सोने का हिस्सा तोड़कर चेक करने के लिए दे देते थे, असली होने पर जसोदा उनके झांसे में आ गई थी लेकिन दोनों ने असली टुकड़ा वापस ले लिया था, बाद में रुपए लेकर टूटा हुआ नकली बिस्कुट थमाकर दोनों फरार हो गए। फिलहाल पुलिस पूछताछ में उनसे और अन्य किसी वारदात का खुलासा नहीं हो पाया है।

## लक्ष्य 3497 करोड़ अब तक आए 2324 करोड़ ही

### मार्च महीने में संपत्तियों की रजिस्ट्री कम, पिछले साल आए थे कुल 2528 करोड़

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



पंजीयन विभाग को सरकार ने वित्तीय वर्ष की शुरूआत में 3497 करोड़ रुपए राजस्व का लक्ष्य दिया था जो पिछले वित्तीय वर्ष में आए राजस्व से करीब साढ़े 900 करोड़ अधिक था मगर यह लक्ष्य पाना काफी मुश्किल है।

साढ़े 11 माह में 2324 करोड़ रुपए आए है। अब वित्तीय वर्ष समाप्त होने में 6 दिन ही शेष हैं और इस बीच तमाम सरकारी छुट्टियां भी हैं जिससे लोग अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री करवाने कम आएंगे। इधर कलेक्ट्रेट सहित सभी पंजीयन कार्यालयों में शाम के समय सन्नाटा रहता है जबकि पहले मार्च के आखिरी दिनों में खूब रजिस्ट्रीयां होती थीं। इस बार जिले में संपत्तियों की खरीदी बिक्री में लोगों की ज्यादा रूचि नहीं है। बाजार में पैसों की भी कमी बताई गई है वहीं बड़े सौदे नहीं हो रहे हैं। शहर के भीतर ही मकान, जमीन की खरीदी बिक्री अधिक हो रही है जिससे पंजीयन विभाग को कम शुल्क ही मिल रहा है। इधर सरकार ने बीते अप्रेल माह में इन्दौर जिले को 3497 करोड़ को जो लक्ष्य दिया था। उसमें से 16 मार्च तक की स्थिति में 2324 करोड़ रुपए आए हैं और पिछले साल कुल राजस्व ही 2528 करोड़ आया था और 186276 दस्तावेज पंजीबद्ध हुए थे। अर्थात इतने लोगों ने संपत्ति खरीदी बेची थी।

### छुट्टियों के दिन भी कार्यालय खुले

वरिष्ठ जिला पंजीयक मंजूलता पटेल ने बताया कि हम 2600 करोड़ का लक्ष्य पाने के लिए प्रयासरत हैं। छुट्टियों के दिन भी कार्यालय खुले रखे जा रहे हैं। हर दिन जो स्लॉट बुक हो रहे हैं उनके अनुसार रजिस्ट्री हो रही हैं। मगर जानकारों का मानना है कि सरकार ने जो लक्ष्य दिया है उसे पानी काफी मुश्किल है। कलेक्टर कार्यालय के अलावा ढक्कनवाला कुंआ, विजय नगर, एमओजी लाइन और महू, सांवेर, देपालपुर में भी पंजीयन कार्यालय हैं। यहां उपपंजीयक बैठते हैं। सभी जगह स्लॉट बुक करके रजिस्ट्री करवाई जाती है।

### नई गाइड लाइन के साथ इन क्षेत्रों को मिलेगी रजिस्ट्री की सौगात

नई गाइड लाइन (2026-2027) लागू होने के साथ ही यह शहर की कई कॉलोनियों के लिए खुशखबरी लेकर आएगी। नई गाइड लाइन के साथ ही यहां पर रजिस्ट्री की अनुमति भी मिल जाएगी। नई गाइड लाइन के पहले ही इंदौर की प्रॉपर्टी गाइड लाइन में 91 नई कॉलोनियां शामिल हो चुकी हैं। अब अप्रैल में 10 और नई कॉलोनियों को गाइड लाइन में शामिल किया जाएगा और फिर यहां पर भी रजिस्ट्री शुरू हो जाएगी। इसके बाद इन कॉलोनियों में प्लॉटधारक या प्रॉपर्टी लेने वाले रजिस्ट्री करवा सकेंगे। फरवरी में इंदौर पंजीयन विभाग ने 101 कॉलोनियों का प्रस्ताव दिया था, लेकिन मुख्यालय से 10 कॉलोनियों में अलग-अलग तरह की विसंगति होने से उन्हें रोक दिया गया था। अब इन्हें अप्रैल से लागू होने वाली नई गाइड लाइन में जोड़ लिया जाएगा। जिन 10 कॉलोनियों को छोड़ा है, उनमें लोकेशन की प्रस्तावित दरों में कुछ विसंगतियां थीं। इसलिए फिलहाल उन्हें छोड़ा गया है।

## उज्जैन स्मार्ट सिटी स्मार्ट सिटी एक्सपो 2026 में पुरस्कृत



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

स्मार्ट निगरानी एवं सार्वजनिक सुरक्षा श्रेणी का सम्मानित पुरस्कार उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड को 33 वे कान्क्लेव-इंडिया स्मार्ट सिटी एक्सपो 2026 में प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के नेतृत्व में किए गए उत्कृष्ट कार्यों का परिणाम है। इस सम्मान को संस्था की ओर से संदीप शिवा द्वारा ग्रहण किया गया।

उज्जैन स्मार्ट सिटी द्वारा स्थापित उन्नत निगरानी प्रणाली, इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर सीसीटीवी नेटवर्क, ट्रैफिक मैनेजमेंट एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को एक नई दिशा प्रदान की है। इन तकनीकी पहलों के माध्यम से नागरिकों की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण तथा त्वरित आपातकालीन सहायता सुनिश्चित की जा रही है। यह सम्मान उज्जैन को एक सुरक्षित, स्मार्ट एवं तकनीकी रूप से सशक्त शहर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### इंदौर में सजेगा रंगमंच का महाकुंभ

## अप्रतिम नाट्य महोत्सव 2026 का आयोजन 28 मार्च से होगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**



इंदौर की समृद्ध रंगमंचीय परंपरा को प्रोत्साहित करने और कला एवं संस्कृति के संवर्धन के उद्देश्य से अप्रतिम नाट्य महोत्सव 2026 (सीजन-2) का आयोजन किया जा रहा है। यह भव्य नाट्य उत्सव चार दिनों तक आयोजित होगा, जिसमें प्रदेश भर के 28 प्रतिष्ठित नाट्य समूह अपनी प्रस्तुतियाँ देंगे।

महोत्सव का उद्घाटन 28 मार्च 2026 को रविंद्र नाट्य गृह में होगा साथ ही प्रथम दिवस की नाट्य प्रस्तुतियां दी जाएँगी। इसके बाद महोत्सव की अन्य प्रस्तुतियाँ 3 अप्रैल से 5 अप्रैल 2026 तक देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सभागार, खंडवा रोड पर आयोजित की जाएँगी।

आईआईएसटी ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स के समूह सलाहकार श्री अरुण एस भटनागर ने बताया कि उद्घाटन अवसर पर प्रसिद्ध टेलीविजन एवं फिल्म अभिनेता श्री शिवाजी साटम (सीआईडी धारावाहिक) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे, जबकि पद्म श्री कालूराम जी बामनिया (कबीर निर्गुण गायक) अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएँगे। विशिष्ट अतिथि श्री प्रेमशंकर शुक्ल (भारत भवन, भोपाल) और श्री जयंत भिसे (सानंद न्यास, इंदौर) उपस्थित रहेंगे ' कार्यक्रम के अंतिम दिन, 5 अप्रैल को विशिष्ट अतिथि के रूप में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ राकेश सिंघई के साथ ही स्पर्श ग्रुप के सीईओ अमित सक्सेना भी उपस्थित रहेंगे ' पद्मश्री प्रह्लाद सिंह टिपानिया द्वारा कबीर भजनों कि प्रस्तुति सुबह 10 बजे से दी जाएगी ' नाट्य महोत्सव में प्रवेश निःशुल्क है ' चार दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में दर्शकों को विविध विषयों और शैलियों पर आधारित उत्कृष्ट नाट्य प्रस्तुतियाँ देखने को मिलेंगी '

### 4.52 करोड़ का पानी 7 दिन भी साफ नहीं रख सके

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

भूतड़ी अमावस्या के 18 मार्च के स्नान पर्व के लिए नर्मदा से शिप्रा में लिए 4.52 करोड़ के पानी को जिम्मेदार 7 दिन भी सुरक्षित नहीं रख पाए। जबकि दावे किए थे कि इसी पानी से 12 अप्रैल को पंचक्रोशी यात्रा के शुभारंभ का स्नान भी श्रद्धालुओं को करवा दिया जाएगा। हालात यह है कि शिप्रा में पानी काला और दूषित हो गया है। ऐसे में सवाल यह कि क्या जिम्मेदार पंचक्रोशी यात्रा के लिए नर्मदा का महंगा पानी फिर से लेंगे? सबसे प्रमुख कारण शिप्रा में कान्ह का गंदा मिलना है। इंदौर से आ रहा सीवर व नाले का पानी कान्ह के जरिए शिप्रा में मिलता है। इसे रोकने के लिए बनाया मिट्टी का कच्चा बांध क्षतिग्रस्त है। शिप्रा नदी किनारे विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। आसपास घाट निर्माण व बीच में पुल-पुलियाओं के काम हो रहे हैं। कामों के चलते मिट्टी व मटेरियल के मिलने से पानी गंदा हो रहा है।

## मैन्युअल फिटनेस जांच अस्थाई रुप से फिर लागू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

वाहन स्वामियों और परिवहन व्यवसाय से जुड़े लोगों को परिवहन विभाग ने बड़ी राहत दी है। अब ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) सेंटर शुरू होने तक मैन्युअल फिटनेस जांच हो सकेगी।

पहले विभाग ने आदेश जारी कर मैन्युअल फिटनेस जांच को बंद कर दिया था। ऐसे में आसपास के छोटे जिलों और कस्बों के वाहन स्वामियों को फिटनेस के लिए इंदौर, उज्जैन जैसे शहरों तक आना पड़ता था। मध्य प्रदेश के कई जिलों में वाहनों की मैन्युअल फिटनेस जांच की व्यवस्था अस्थायी रूप से फिर से लागू कर दी गई है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस (एआइएमटीसी) द्वारा एटीएस सेंटर शुरू होने तक मैन्युअल फिटनेस जांच जारी रखने की मांग की गई थी, क्योंकि कई जिलों में इनका संचालन शुरू नहीं हुआ था। ट्रांसपोर्ट कांग्रेस ने एटीएस सेंटर शुरू होने के बाद जिलों में पुरानी मैन्युअल जांच व्यवस्था को चरणबद्ध बंद करने की मांग की थी। अब परिवहन विभाग ने मैन्युअल व्यवस्था लागू करने से हजारों वाहन मालिकों, ट्रक-बस आपरेटरों और ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले कुछ समय से कई जिलों में एटीएस शुरू होने की प्रक्रिया के कारण फिटनेस जांच को लेकर वाहन मालिकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। एआइएमटीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश सबरवाल ने बताया कि संगठन ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए लगातार प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप यह निर्णय लिया गया है।



## न्यूज-कॉलम



## न्यायाधीश महोदय ने उप जेल बड़वाह का किया ओचक निरीक्षण

**सनावद/बड़वाह।** उप जेल बड़वाह का किया ओचक निरीक्षण जहां श्री न्यायाधीश महोदय ने कहा कि आप सभी को कानूनी अधिकार प्राप्त है आप सभी निशुल्क वकील, तारीख का स्टेटस, शिक्षा संबंधित सभी अधिकार है आप इनका लाभ ले सकते हे आप कैदी है लेकिन आपके भी अधिकार हे और अधिकारों से आपको वंचित नहीं रखा जा सकता हे आपके पहनने ओढ़ने भोजन उचित ध्यान रखा जाता है आपकी तारीख का फाइल में गवाह का संपूर्ण स्टेटस आपको बताया जाता है जो आपका अधिकार है आप सब के कानूनी अधिकार है आप इन्हे जाने ओर लाभ ले तत्पश्चात श्री मान न्यायाधीश महोदय ने भोजन शाला बैरक का निरीक्षण किया और जेल स्टाफ को कहा कि बंदियों के भोजन से लेकर पहनने ओढने का उचित ध्यान रखें न्यायाधीश महोदय ने कहा कि कैदियों के मामलों की नवीनतम जानकारी प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेंगे जिन्हें कानूनी सहायता परिषद द्वारा सहायता प्रदान की जा सके जेल शिविर में जेलर साहब युवराज मुवेल साहब न्यायालय खंड पीठ सदस्य रविन्द्र अम्बिया नायब नाजिर संतोष खन्ना जेल स्टाफ मौजूद थे।

## भाजपा किसान मोर्चा ने धामनगांव में किया किसान सम्मान समारोह



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा मध्य प्रदेश सरकार के घोषित किसान कल्याण वर्ष के अंतर्गत किसान सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में बुरहानपुर जिले के ग्राम धामनगांव में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस के आतिथ्य में किसान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, पदाधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मनोज लधवे ने बताया कि किसान सेवा सप्ताह के अंतर्गत पूरे मध्य प्रदेश में किसानों को केंद्र में रखकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें मंडियों में शीतल जल व्यवस्था, प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों का सम्मान, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा किसानों के साथ सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम का श्रवण शामिल है। धामनगांव में आयोजित किसान सम्मान समारोह में किसानों के योगदान को रेखांकित करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज माने, मोर्चा जिला अध्यक्ष अरुण पाटिल, उपसंचालक कृषि मनोहर सिंह देवके, भाजपा नेता राजेश चौहान सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान भाई एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़वानी में प्राचीन बावड़ी में श्रमदान कर की गई साफ-सफाई

**बड़वानी।** प्रदेशव्यापी 'जल गंगा संवर्धन अभियान 2026' के अंतर्गत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन में बड़वानी जिले के जल स्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा मोटी माता स्थित प्राचीन बावड़ी की साफ-सफाई के लिए विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत नगर पालिका के कर्मचारियों, स्वच्छता मित्रों,विधिक सेवा प्राधिकरण और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर प्राचीन बावड़ी परिसर में व्यापक श्रमदान कर बावड़ी से गंदगी, कचरा और गाद को बाहर निकाला, ताकि पारंपरिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर जलस्तर में सुधार लाया जा सके।

## संभवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक भक्ति भाव से मनाया

**सनावद।** जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर संभवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक सभी समाजजनों बड़े हर्षोल्लास से मनाया।सन्मति जैन काका ने बताया की आज चैत्र शुक्ल छठ के दिन जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर संभवनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक सभी समाजजनों ने बसे हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर सभी जैन मंदिरों में विशेष अभिषेक पूजन कर निर्वाण कांड का वाचन कर लाडू समर्पित किया गया। इस अवसर पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में रजत जैन, सुरेश मुंशी, पवन धनोते, रवींद्र जैन सुनील पावणा, नवनीत जैन, रदेश जैन राजकुमारी जैन, हेमा मुशी, सरला जैन, अंजू पाटनी, मधु भूच, पुष्पा जैन सुरेखा पाटनी, मोहिनी जैन उपस्थित थी।

### जनपद पंचायत बाग में " संकल्प से समाधान अभियान" के तहत

# विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



जनपद पंचायत बाग में दिनांक 25 मार्च को " संकल्प से समाधान अभियान" अंतर्गत तृतीय चरण का विकासखंड स्तरीय शिविर का आयोजन गरिमामय पुर्ण आयोजित हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया इसके तत्पश्चात श्री विष्णु कुमार गुप्ता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बाग के द्वारा शिविर मे उपस्थित अतिथियों का पुष्पहारों से स्वागत किया गया एवं शिविर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई

शिविर में विभिन्न विभाग अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया । एवं वृद्धावस्था पेंशन योजना 22 दिव्यांग पेंशन योजना,01 कल्याणी पेंशन योजना,01 संबंध योजना अंतर्गत, 03 पात्र हितग्राही सहित कुल 27 स्वीकृति पत्रक अतिथियों के द्वारा प्रदाय किए गये । शिविर में विभागों के कुल 17 आवेदन प्राप्त हुआ । समस्त विभागो के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा अपने अपने विभागों द्वारा संचालित योजनाओं तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित जानकारी जनपद पंचायत बाग के पीसीओ बलराम अलावा द्वारा दी गई।

साथ ही संकल्प से समाधान अभियान के तहत नशामुक्ति अभियान की सभी उपस्थित हितग्राहियों अधिकारियों के द्वारा शपथ भी ली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकरीबाई नारायण भूरिया,द्वारा की गई, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष इंजि सुरेश सिसोदिया, विशिष्ट अतिथि धर्मेन्द्र बामनिया सरपंच ग्राम पंचायत बाग, विकासखंड शिक्षा अधिकारी डी एस बघेल, बीआरसी धर्मेन्द्र ठाकुर ,कैलाश भंवर सरपंच प्रतिनिधि जामला,विधायक प्रतिनिधि भारत मंडलोई,जामसिह पटेल सरपंच ग्राम पंचायत पाडल्या,कैलाश डावर सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत महाकालपुरा, कार्यक्रम में समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारियों उपस्थित रहे ओर अपने अपने विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी उनके द्वारा दी गई।

### मध्यप्रदेश शासन की नई निति के तहत

# आंगनवाड़ी में विद्यारंभ कार्यक्रम मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बाग



मध्यप्रदेश शासन की नई निति के तहत आगनवाडी केंद्र में बच्चो को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित करने हेतु इसके निर्देश जारी किए गये उसी के तहत एकिकृत महिला एवं बाल विकास विभाग की बाग ब्लाक आंगनवाड़ी केंद्र में विद्यारंभ कार्यक्रम मनाया गया इसी कड़ी में बाग सेक्टर बायपास आंगनवाड़ी में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन एवं बाग परियोजना अधिकारी कमल निंगवाल के मार्गदर्शन में बड़ी भव्यता से मनाया गया भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम अगाल एवं नगर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शहजाद खान भारती की उपस्थिति में ।

इस दौरान अतिथियो द्वारा 5 से 6 वर्ष के बच्चों को विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरित किए गये साथ ही केन्द्र के अंदर बच्चों के प्रवेश करने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओ ने फूल बरसाकर स्वागत किया गरिमामय इस कार्यक्रम के दौरान सेक्टर प्रभारी श्रीमती संगीता बघेल ने बताया मध्यप्रदेश शासन की यह नई योजना हे इसका आज ही के दीन सभी आगनवाडी केन्द्रों में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हे हमारे जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं परियोजना अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर के किया गया । कार्यक्रम के तहत अजीम प्रेमजी फाउंडेशन लगातार महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ मिलकर आगनवाडीयों में शालापुर्व शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए काम कर रहा है । विद्यारंभ कार्यक्रम में उनके द्वारा सभी बच्चों के लिए बाल चौपाल के तहत अलग - अलग खेल गतिविधियां की गई।

## सामूहिक जनभागीदारी से जल संरक्षण हेतु प्रयास जारी



**बुरहानपुर।** जल ही जीवन का आधार है, इसी संकल्प के साथ प्रदेश सरकार द्वारा "जल गंगा संवर्धन अभियान" संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने के साथ-साथ जनसहभागिता के माध्यम से इसे जनआंदोलन का रूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं। नगर पालिका परिषद नेपानगर के वार्ड क्रमांक 11 और 22 में विभिन्न कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें मिट्टी खुदाई, गार्डन में बच्चों के लिए खेलकूद की व्यवस्थाएं, ओपन जिम, लाइटिंग और पौधारोपण शामिल हैं। इसके अलावा, सीतानहानी मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार का कार्य भी प्रारंभ है। 19 मार्च को जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका परिषद नेपानगर द्वारा वार्ड क्रमांक 22 बीड़ रैयत स्थित अतिप्राचीन धार्मिक स्थल सीतानहानी मंदिर परिसर में साफ-सफाई और श्रमदान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती पाटिल, अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## शहर में 27 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन



शहर में 27 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्रीराम जन्मोत्सव समिति एवं गौ रक्षक तालाब चौक के तत्वावधान में आयोजित इस शोभायात्रा में 17 आकर्षक झांकियां, 15 डीजे, 4 अखाड़े तथा ढोल-ताशों के साथ भव्य आयोजन किया जाएगा। रामलला राजसी ठाठ- बाट के साथ रथ में विराजमान रहेंगे, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र होंगे।

शोभायात्रा को लेकर पूरे शहर को भगवा ध्वज एवं तोरणों से सजाया गया है। 40 से अधिक सेवा स्टॉल और स्वागत मंच सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा लगाए जाएंगे, जहां श्रद्धालुओं का स्वागत किया जाएगा।समिति के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने बताया कि शोभायात्रा का यह 13वां वर्ष है। दोपहर 2 बजे भोला चौक से आरती के बाद प्रशासनिक अधिकारियों एवं जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शोभायात्रा प्रारंभ होगी। यह यात्रा तालाब चौक, तवड़ी, कलादेवल, श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर, किला गेट, सराफा बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा और श्रीकृष्ण टॉकीज होते हुए रात करीब 12 बजे श्रीराम मंदिर धर्मशाला, बस स्टैंड पहुंचेगी।

आयोजन को लेकर समिति द्वारा एक माह पूर्व से ही तैयारियां शुरू कर दी गई थीं। झांकियों, ढोल-ताशों, डीजे तथा बैनर-पोस्टर की व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर ली गई थीं। अनिल गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष तिथियों में अंतर होने के कारण कुछ स्थानों पर 26 मार्च तो कुछ जगह 27 मार्च को श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। आयोजन समिति ने शहर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है।

## पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त की



**आलीराजपुर।** पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर श्री रघुवंशसिंह के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब की गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना आजाद नगर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बडी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। घटना का संक्षिप्त विवरण एवं पुलिस कार्यवाहीः दिनांक 24 मार्च को मुखबिर तंत्र से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की हुण्डई औरा कार में अवैध मदिरा भरकर कालीयावाव मार्ग से दाहोद (गुजरात) की ओर ले जाई जा रही है। प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी आजादनगर निरीक्षक शिवराम तरोले के नेतृत्व मे गठित टीम के वाहन की घेराबंदी हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा ग्राम कालीयावाव स्थित हथनी नदी पुलिया के समीप नाकाबंदी कर आने-जाने वालें संदिग्ध वाहन के आने पर उसे रोककर तलाशी की कार्यवाही की गई जिसस पर एक कार की पिछली सीट और डिक्की में बडी मात्रा में अवैध शराब पाई गई।

## युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण का शुभारंभ

**बड़वानी ।** 7 दिवसीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण का शुभारंभ सोमवार को शुभम मेरिज गार्डन झामरिया गार्डन बडवानी में मुख्य अतिथि श्री पद्म विलोचन शुक्ल पुलिस अधीक्षक जिला बडवानी द्वारा किया गया। श्री शरदचन्द्र राय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड बडवानी के द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा युवा आपदा मित्रों को आपदा राहत बचाव कार्यों में जिला प्रशासन के साथ सहयोग देने हेतु आव्हान किया गया।

## एसडीएम ने पेट्रोल पंप पर देखी व्यवस्था, संचालकों को दिए निर्देश

**मंडलेश्वर।**बुधवार को कलेक्टर भव्या मित्तल ने पेट्रोल और डीजल पंप पर बेवजह बढ़ती भीड़ को लेकर जिले की मीटिंग में प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए। निर्देशो को लेकर एसडीएम पूर्वा मंडलोई ने स्थानीय पम्प संचालको को अवगत करवाया। एसडीएम ने बुधवार को स्थानीय स्तर पर पेट्रोल पंप पर अपनी टीम के साथ व्यवस्थाओ को देखा। साथ ही पम्प संचालको से कहा कि तहसील में पेट्रोल डीजल के 18 पम्प संचालित हो रहे है। जहां पर पर्याप्त आपूर्ति है। जिनके लिए कंट्रोल रूम और व्हाट्सएप ग्रुप भी बना लिया है।पम्प पर अग्निशमन यंत्र, अनाउंसमेंट सिस्टम ,बेरीकेटिंग ,प्रॉपर एंट्री और एग्जिट गाड़ियो के लिए सुचारू रूप से आवागमन हो इस दिशा में कार्य करना है। एसडीएम श्रीमती मंडलोई ने कहा कि किसी भी प्रकार की कालाबाजारी पर सख्त कार्यवाही की जायेगी । साथ ही कोई भी व्यक्ति को केन या ड्रम में पेट्रोल डीजल नही देना है । इसके अलावा पम्प संचालक सूचना बोर्ड भी लगाए जिनमे पम्प पर स्टॉक और अन्य बिंदुओं की जानकारी आमजन के लिए साझा की जाए। एसडीएम ने सेल्स ऑफिसर को भी लगातार मॉनिटरिंग करने एवम कोई भी इशू है तो तत्काल समस्या को हल करवाने की बात कही।

## नगर में श्रीराम एवं सांईराम पालकी यात्रा को लेकर तैयारियां पूर्ण

**बड़वानी।** शहर में श्रीराम नवमी महोत्सव के अंतर्गत निकलने वाली भव्य श्रीराम एवं साईराम पालकी यात्रा को लेकर तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। पालकी यात्रा गायत्री मंदिर बड़वानी से शाम 5 बजे प्रारंभ होगी, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए निकलेगी। यात्रा मार्ग में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारी संगठनों द्वारा स्वागत, शीतल पेय एवं प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई है। पालकी यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत एवं सेवा व्यवस्थाएं इस प्रकार रहेंगी- डॉ. चक्रेश पहाड़िया परिवार द्वारा पोहे एवं शीतल जल सेवा, करुणा स्टोर्स द्वारा कुल्फी वितरण, श्रीराम कुललेश्वर डोला समिति द्वारा शरबत सेवा (जितेन स्टोर्स), श्री साईं सुपर बाजार द्वारा आइसक्रीम सेवा, पार्षद सचिन शर्मा द्वारा रंजीत चौक पर नींबू पानी एवं आम जूस वितरण किया जाएगा। इसी प्रकार द्वारा रणजीत चौक पर भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया जाएगा। तिरुपति बालाजी ग्रुप द्वारा मधुरम गोल्ड के पास कचोरी एवं शीतल पेय से स्वागत किया जाएगा। जागृत हिंदू मंच बड़वानी के द्वारा एमजी रोड पर पुष्पों से स्वागत किया जाएगा। परमश्री कंप्यूटर द्वारा झाडू बाजार में स्वागत किया जाएगा।स्वप्निल माहेश्वरी द्वारा मोटी माता चौक पर रसना वितरण किया जाएगा, वहीं कोंग्रेस पार्टी बड़वानी के द्वारा मोटी माता चौक पर पुष्पों से स्वागत किया जाएगा। श्री साई बुक स्टोर एवं आईटी प्लस कंप्यूटर द्वारा कन्या स्कूल कारंजा के पास कुल्फी वितरण, श्री साईं मंदिर डिपो द्वारा पानी की बोतल वितरण तथा श्री सरस्वती इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा अंजड़ नाका पर आइसक्रीम से स्वागत किया जाएगा।

## कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**बड़वानी ।**राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा बुधवार को घोषित कक्षा पांचवी और आठवीं के परीक्षा परिणाम में बड़वानी जिले के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। कक्षा आठवीं में जिले का परीक्षा परिणाम 97.06 प्रतिशत एवं कक्षा पांचवी में जिले का परीक्षा परिणाम 96.94 प्रतिशत रहा है अनुतीर्ण एवं अनुपस्थित रहे विद्यार्थियों के लिए माह जून जुलाई में पुनः परीक्षा आयोजित की जाएगी इसके पश्चात जिले का परीक्षा परिणाम सहित दो प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। कलेक्टर जयति सिंह के निर्देशानुसार इस वर्ष गुणवत्ता युक्त परीक्षा परिणाम के लिए विशेष प्रयास किया।

## धामनोद - बड़वाह पेट्रोल पंप पर उमड़ी भारी भीड़

**मंडलेश्वर।धामनोद।** बड़वाह रोड स्थित इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर अफवाह के चलते मंगलवार रात को अचानक रात्रि 10 बजे पेट्रोल भरवाने के लिए वाहनों की भीड़ लग गई वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग गई पेट्रोल पंप पर भीड़ होने की सूचना मिलते ही मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी पुलिस प्रशासन के साथ मौके पर पहुंचे और भीड़ को नियंत्रित किया थाना प्रभारी की समझाइए के बाद रात्रि 11 बजे पेट्रोल पंप बंद कर दिया गया। पुनः बुधवार सुबह फिर करीब 6.30 बजे से ही पेट्रोल पंप पर दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतार लगना शुरू हो गई थी। सुबह 9 बजे तक स्थिति यह रही कि लगभग 300 से 400 वाहन लाइन में खड़े नजर आए। भीड़ के चलते कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति भी बन गई और वाहन चालकों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।लगातार बढ़ती भीड़ के कारण पेट्रोल पंप पर उपलब्ध पेट्रोल और डीजल का स्टॉक दोपहर करीब 12.30 बजे तक समाप्त हो गया। इसके बाद कई वाहन चालकों को बिना ईंधन लिए वापस लौटना पड़ा। भीड़ के कारण सड़क के एक हिस्से पर यातायात भी प्रभावित हुआ, हालांकि मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने लाइन व्यवस्थित करने का प्रयास किया।

## सूर्यवंशी कुमरावत समाज का गणगौर, अन्नकूट व वार्षिक मिलन समारोह सम्पन्न

**बड़वानी।** अखिल भारतीय सूर्यवंशी कुमरावत समाज बड़वानी के द्वारा स्थानीय सिद्धेश्वर मंदिर में गणगौर पर्व के उपलक्ष्य में अन्नकूट एवं वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और भगवान की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेश कानडी (उज्जैन), जवाहर कुमरावत (इंदौर) एवं विष्णु भारतीय (कन्नौद) ने की। अतिथियों ने समाज की एकता, शिक्षा और संगठन की आवश्यकता पर जोर देते हुए समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजपुर,कुक्षी, कन्नोद, सेंधवा,धरमपुरी, रतलाम, सनावद, महेश्वर एवं अन्य स्थानों के समाजबंधु कार्यक्रम में शामिल हुए। समाज के विकास और आगामी गतिविधियों पर चर्चा की गई।

## छात्रवृत्ति आवेदनों के निराकरण हेतु समय-सीमा निर्धारण

**बड़वानी।**आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा जारी सूचना के अनुसार, वर्तमान वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए एमपी टास पोर्टल आगामी 26 मार्च से बंद कर दिया जाएगा। इस परिप्रेक्ष्य में समस्त संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे प्री-मैट्रिक (9वीं-10वीं), पोस्ट-मैट्रिक (11वीं-12वीं) और महाविद्यालयीन छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त सभी लंबित आवेदनों का नियमानुसार शत-प्रतिशत सत्यापन एवं स्वीकृति तत्काल सुनिश्चित करें। यदि इस समय-सीमा के पश्चात कोई भी आवेदन लंबित पाया जाता है और उससे संबंधित प्रकरण सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होता है।

## डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे ने की जनसुनवाई

**आलीराजपुर।** प्रति मंगलवार की भांति जनसुनवाई कक्ष में जनसुनवाई का आयोजन डिप्?टी कलेक्?टर सुश्री निर्मला कलमे की अध्यक्षता में किया गया। इस जनसुनवाई में श्री रसूलिया पिता खुमला तोमर निवासी ग्राम कन्थारी पोस्ट पिपलीयावाट तहसील सोण्डवा ने आवेदन दिया कि मैं चलन निःशक्तता अस्थि बाधित हूँ,मुझे बस में सफर करने के लिए पास की आवश्यता हैं एवं मुझे विकलांगता पेंशन राशि व किसी भी शासकीय योजनाओ का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा हैं इस संबंध में जनपद पंचायत सोण्डवा में भी आवेदन दिया गया था किन्तु आज तक मेरे आवेदन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### ईरान इजराईल के विवाद असर का ग्रामीण क्षेत्र में आया

# गेहूं काटने की हार्वेस्टर मशीन के चक्के थमे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन



खरसौदकलां। ईरान इसराइल के गहराए विवाद का असर ग्रामीण क्षेत्र में दिखाई देने लगा है। वर्तमान में पिछले दो दिनों से तेल पदार्थ की अभाव में फसल काटने की हार्वेस्टर मशीन के चक्का थमने से किसानों के सामने गैंहू की परिपक्व फसल को जुटाने में संकट खड़ा हो गया है।

क्षेत्र में पिछले दिनों से इराक एवं इजराइल के बीच गहराया विवाद में तेल पदार्थ पर विपरीत असर पड़ा है। यहां तक की वर्तमान में पेट्रोल पदार्थ के साथ-साथ में डीजल पर भी विपरीत असर पड़ा है ऐसे में किसानों को कृषि यंत्र में ट्रैक्टर के साथ चार पहिया वाहन रुकने लगे हैं। वही दो पहिया वाहन में प्रेटोल के लिए घंटों कतार में खड़े रहकर गंतव्य तक पहुंचने में परेशानी पैदा हुई है।वहीं क्षेत्र में परिपक्व गेहूं की फसल कटाई में हार्वेस्टर मशीन के तेल पदार्थ के अभाव में पूरी तरह से चक्के रुक गए है। एसे में किसानों को फसल को संग्रहीत करने में भारी संकट आया है।

एलपीजी गैस के लिए भी घरेलू उपभोक्ता हैं परेशान क्षेत्र में तेल पदार्थ के साथ-साथ में गैस सिलेंडर में भी संकट उभरा है। यहां तक की व्यवसायिक दुकानों को गैस सिलेंडर अभाव में वर्तमान में दुकानों पर ताले लटकाने के लिए मजबूर हुए है । वहीं मांगलिक कार्य में मुंडन संस्कार मान मन्नत के अलावा पगड़ी रश्मे जैसे कार्यक्रम को भी शिथिल करने के लिए ग्रामीण लोग मजबूर है।

# ई-केवाईसी में लापरवाही पर तराना के सीएमओ को नोटिस, टीएल मीटिंग में कलेक्टर के निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

नल-जल योजना के पूर्ण हुए प्रोजेक्ट के हस्तांतरण समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करने पर एसडीओ राजेश होलकर का एक माह का वेतन कटेगा और नोटिस भी जारी होगा। इसी तरह समग्र ई-केवाईसी अभियान के कार्य में लापरवाही बरतने पर तराना के सीएमओ को भी कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। इन कार्रवाई के लिए सोमवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने टीएल मीटिंग में निर्देश दिए। कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित मीटिंग में कलेक्टर ने इंदौर में हुई आगजनी की घटना पर चिंता व्यक्त की। ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए एसडीएम, विद्युत मंडल, नगर निगम, नगरीय निकायों और जनपद के अधिकारियों को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, औद्योगिक संस्थानों, होटल, कार्यालयों में फायर सेफ्टी का निरीक्षण कर फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विद्युत मंडल को ओवरलोडिंग और ईवी चार्जिंग संबंधित आवश्यक जानकारी देकर नागरिकों को जागरूक करने को भी कहा। साथ ही उन्होंने सभी नगरीय निकायों और सभी जनपद सीईओ को समग्र ई-केवाईसी कार्य शत-प्रतिशत दो सप्ताह में पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने जिला आपूर्ति नियंत्रक से कहा कि एलपीजी की कालाबाजारी करने वाले और मूल्य से अधिक कीमत पर एलपीजी बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। नल-जल के कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि को आमंत्रित नहीं करते, अब कार्रवाई शुरू अक्सर जिला पंचायत से जुड़ी बैठकों व सभाओं में जनप्रतिनिधियों की यह शिकायत रहती आई है कि पीएचई का अमला नल-जल योजना के पूर्ण होने पर उसे पंचायत को हस्तांतरण करने के समारोह में उन्हें आमंत्रित तक नहीं करते हैं। वह भी तब जब समारोह के आयोजकों को वरिष्ठ अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को बुलाने पर जोर देते रहे हैं।

खास न्यूज

## शांतिनगर में चाकूबाजी, 2 युवक घायल

**उज्जैन।** रात 10 बजे चाकूबाजी में घायल 2 युवकों को उनके परिचित चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। दोनों को चाकू के गहरे घाव लगे थे, लेकिन हालत खतरे से बाहर थी। बताया जा रहा है कि राजेन्द्र नगर में रहने वाले विशाल पिता अरविंदसिंह राठौर 29 साल और सचिन पिता ओमप्रकाश बारोड़ 28 साल निवासी जेलियाखेड़ी राघवी को उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती किया गया है। दोनों पर को चाकू से हमला होना बताया गया। दोनों घायलों को अस्पताल लाने वालों ने बताया कि शांतिनगर में कुछ युवकों से विवाद होने पर चाकू मारे गये है। मामला पुलिस विवेचना से जुड़ा होने पर ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा नीलगंगा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के अनुसार घायलों के बयान दर्ज होने पर ही उनके साथ हुई घटना और चाकू मारने वालों की जानकारी सामने आ पायेगी।

## खाना मांगने पर पुत्र-बहू ने डंडे से की मारपीट

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम नैनावद स्थित इंदिरा कॉलोनी में रहने वाले 60 वर्षीय राधेश्याम पिता पर्वत सिंह ने बहू पूजा और पुत्र ओमप्रकाश से खाना देने के लिए कहा तो बहू और पुत्र ने अपशब्द का प्रयोग करते हुए डंडे से बुजुर्ग राधेश्याम के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। जिस बेटे को पिता ने बड़ा कर सब कुछ दिया उसके द्वारा की गई मारपीट से दुखी पिता ने मामले की शिकायत तराना थाने पहुंचकर की। पुलिस ने घायल राधेश्याम का मेडिकल परीक्षण कराकर पुत्र और बहू के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

## आशुमेतरानी माता मंदिर के पास मिली युवक की लाश

**उज्जैन।** आशुमेतरानी माता मंदिर के पास बुधवार शाम एक युवक लाश पड़ी होने की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। युवक के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला। जिससे उसकी पहचान हो चुके। जीवाजीगंज थाना प्रभारी विवेक कनोडिया ने बताया कि शाम को कुछ लोगों ने जूना सोमवारिया रिंगरोड पर आशुमेतरानी माता मंदिर के पास एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के लोगों ने युवक को पहचानने से इंकार कर दिया। पुलिस ने उसके कपड़ों की तलाशी ली तो जेब से जहरीले पदार्थ की शीशी बरामद हुई। उसके पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं था जिससे उसकी पहचान की जा सके। हाथ पर सिर्फ बीके गुदा मिला है। फिलहाल शव को चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष में रख मर्ग कायम किया गया है। मामला आत्महत्या का सामने आया है। परिजनों का पता चलने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

## निगम अध्यक्ष द्वारा किया गया सड़क निर्माण कार्य भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 40 की क्षेत्रीय पार्षद के प्रयासों से वार्ड में मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत राशि रुपए लगभग 37 लाख की लागत से सीमेंट कंक्रीट रोड निर्माण का कार्य करवाया जाएगा उक्त कार्य का भूमि पूजन बुधवार को निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती जानी बाई सतीश राठौर, जोन अध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम मालवीय, मंडल अध्यक्ष श्री हरीश सोलंकी, महामंत्री श्री आनंद खींची, श्री कमलेश बैरवा की उपस्थिति में किया गया।


उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 40 अंतर्गत नगर निगम द्वारा मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत राशी रुपए लगभग 37 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य करवाया जाएगा उक्त कार्य अंतर्गत बजरंग नगर की विभिन्न गलियों में सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य होगा साथ ही निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव के निर्देश के क्रम में बजरंग नगर की मुख्य रोड पर भी सीमेंट कंक्रीट किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रतिष्ठान से एक ही तारीख में एक नहीं दो शिक्षकों को सेवा मुक्त किया गया, शंकित अध्यापक भी रवाना, छात्र ने बनाया विडियो बैठक में सामने आई बात

# अध्यापकों की आपात बैठक में छात्रों को प्रताड़ित न करने की हिदायत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महिर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान परिसर में संचालित आवासीय विद्यालय में छात्र की बेरहमी से बेंत से पिटाई के मामले में बुधवार को सचिव वीरूपाक्ष जद्दीपाल ने एक आपात बैठक बुलाई थी। इसमें उन्होंने स्थानीय अध्यापकों को सीधे निर्देश दिए की छात्रों को किसी भी स्तर पर प्रताडित नहीं किया जाए। उद्दंडता पर दंड देना आवश्यक हों तो जाप बढाएं, पाठ बढाएं पर शारिरीक तौर पर प्रताडना देने के मामले कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।


महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेदविद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्तशासी संस्था)
Maharshi Sandipani Rashtriya Vedavidya Pratishthan, Ujjain
(An autonomous organisation under Ministry of Education, Govt. of India)
प.सं. 26-12/2024(शै.)/मसारावेविप्र/ 1927 दिनांक : 21-03-2026
कार्यालय आदेश
श्री मिथिलेश कुमार पाण्डेय, अथर्व वेद शौनक शाखा अध्यापक, राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन को संविदा सेवा से सेवामुक्त करने के सम्बन्ध में।
श्री मिथिलेश कुमार पाण्डेय, अथर्व वेद शौनक शाखा अध्यापक, राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन द्वारा सेवामुक्त करने के लिए दिए गए आवेदन दिनांक 21-03-2026 को स्वीकार करते हुए श्री पाण्डेय को राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन की संविदा सेवा से तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त किया जाता है।
21.3.2026

प्रतिष्ठान से आवासीय विद्यालय प्रबंधकों को बैठक की सूचना दी गई थी,जिसकी जानकारी स्थानीय आवासीय विद्यालयों के वेद अध्यापकों को बुधवार सुबह ही लगी और पूर्वान्ह में करीब पौन घंटे की बैठक में सचिव ने निर्देश देने के साथ ही मारपीट मामले की जानकारी लगने का पूरा विवरण भी बताया । साथ ही कहा कि छात्रों को प्रताडना तो किसी भी हाल में नहीं दी जाना चाहिए। उन्होंने स्थानीय अध्यापकों को कहा कि इसे लेकर देश भर के आवासीय विद्यालय अध्यापकों को भी निर्देश जारी किए जा रहे हैं। इसे लेकर उन्होंने नियमानुसार कार्रवाई की बात भी अध्यापकों को कही। आपात बैठक को लेकर प्रतिष्ठान की और से किसी प्रकार की सहयोगात्मक सूचना मिडिया को उपलब्ध नहीं करवाई गई ।

### छात्र से बनवाया अध्यापक ने विडियो

सूत्रों के अनुसार बैठक में स्थानीय स्तर के करीब 2 दर्जन से अधिक अध्यापक शामिल हुए थे।सचिव कक्ष के पास बैठक कक्ष में यह बैठक रखी गई थी। सूत्रों के अनुसार सचिव ने इस दौरान बेंत से मारपीट घटनाक्रम का जिक्र करते हुए घटना के समय वहां उपस्थित अध्यापक के एक छात्र से विडियो बनवाने के मामले का भी जिक्र करते हुए पूरी जानकारी से अवगत करवाया।

### एक नहीं दो अध्यापक सेवा मुक्त

15 मार्च को छात्र को प्रताडित करने का मामला हुआ था जिसका विडियो 21 मार्च को वायरल हुआ था। इसी दिन छात्र को प्रताडित करने वाले अध्यापक दत्तादास शेवढे को सेवा मुक्त करने के कार्यालय आदेश सचिव ने जारी किए थे। उनके साथ ही सचिव ने उसी दिन घटना के दिन स्थल पर मौजूद एक अन्य कार्यालय आदेश में मिथिलेश कुमार पाण्डेय, अथर्व वेद शौनक शाखा अध्यापक, राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन द्वारा सेवामुक्त करने के लिए दिए गए आवेदन 21 मार्च 26 को स्वीकार करते हुए उन्हें भी राष्ट्रीय आदर्श वेद विद्यालय, उज्जैन की संविदा सेवा से तत्काल प्रभाव से सेवामुक्त किए जाने के आदेश दिए थे।

# कमरे का दरवाजा बंद कर युवक ने लगाई फांसी

## आटो चालक भी गमछे के फंदे से लटका मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार रात 2 लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। एक की मां से कहासुनी हुई थी, दूसरे का पत्नी से विवाद होना सामने आया है। फिलहाल पुलिस दोनों मामलों में जांच कर रही है।

जीवाजीगंज थाना प्रधान आरक्षक प्रवीण जाट ने बताया कि रात में ब्राह्मण गली अवंतिपुरा क्षेत्र में रहने वाले जतीन पिता शंकर बैस 22 साल द्वारा कमरा बंद कर फांसी लगाने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी। दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा गया। जांच के दौरान सामने आया कि सबसे पहले घटना का पता मां रेखा बैस को चला। उन्होने बताया कि रात में नशा कर घर लौटा था, खाना खाने की बात पर विवाद करने के बाद कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया था। कुछ देर बाद खाना लेकर पहुंची तो दरवाजा नहीं खोला, खिड़की से देखने पर पंखे से लटका नजर आया। प्रधान आरक्षक के अनुसार मामले में मर्ग कायम पोस्टमार्टम कराया गया है।

बताया जा रहा था कि मृतक जतीन चरक अस्पताल में काम करता था, लेकिन पिछले 6 माह से ड्युटी पर नहीं जा रहा था। उसके पिता का पूर्व में निधन हो चुका है। वह मां और छोटे भाई केसाथ रहता था। घटनास्थल से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है।

### पिता को अस्पताल लेकर पहुंचा था पुत्र

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के ज्ञान टेकरी पर रहने वाले राजेश पिता रामनारायण शर्मा 40 साल ने रात को पत्नी से विवाद होने के बाद गमछे का फंदा बनाकर गले में डाल लिया था। पुत्र रौनक ने देखा तो नीचे उतारा और अस्पताल लेकर पहुंचा, राजेश की सांसे चल रही थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया, लेकिन कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। एएसआई यशवंत कछावय ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों ने बताया कि राजेश आटो चलता था और 2 बच्चों का पिता था। रात में शराब पीकर आने पर पत्नी से विवाद हुआ था।

### 55 साल के वृद्ध ने खाया जहरीला पदार्थ

बुधवार को खाराकुआं थाना क्षेत्र के पानदरीबा क्षेत्र के गणेश मंदिर लोटि स्कूल के पास रहने वाले सचिन पिता विष्णुनारायण तिवारी 55 साल ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन हालत बिगड़ती देख चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने आईसीयू में भर्ती किया लेकिन कुछ देर बाद मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा। आशंका जताई गई है कि पारिवारिक विवाद के चलते मौत को गले लगाया है। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज करेगी।

## महर्षि गौतम जयंती पर आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महर्षि गौतम जयंती के पावन अवसर पर परमेश्वरी गार्डन में भव्य, रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़े उत्साह एवं गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थिति थे।

इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। विशेष आकर्षण के रूप में उज्जैन के प्रसिद्ध हिप्नोथेरेपिस्ट संजय व्यास द्वारा प्रस्तुत मेंटालिज्म एवं माइंड रीडिंग शो ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। उनका प्रदर्शन पूरे कार्यक्रम में चर्चा का मुख्य केंद्र रहा और उपस्थित जनसमूह ने इसे भरपूर सराहा।

कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को विशेष रूप से सम्मानित करते हुए उन्हें पुरस्कार वितरित किए गए, जिससे बच्चों में उत्साह एवं प्रोत्साहन का वातावरण बना।

समाज के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त समाजबंधुओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यकारिणी सदस्यों की अथक मेहनत एवं समर्पण की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान समाज की सक्रिय नेत्री माया राजेश त्रिवेदी को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह सम्मान बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठित स्व. श्री बालकृष्ण उपाध्याय के सुपुत्र द्वारा प्रदान किया गया, जो कार्यक्रम का एक गौरवपूर्ण क्षण रहा।

## खुद को दादा बताकर बदमाशों ने मांगे 50 हजार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जयसिंहपुरा मार्ग हरिफाटक ब्रिज के नीचे होटल पर काम करने वाले अमन पिता बहादुरसिंह आंजना निवासी ब्रजराजखेड़ी का मंगलवार-बुधवार रात बुलेट से घर लौटते समय हरिफाटक ब्रिज के नीचे बदमाशों ने रास्ता रोक लिया और बोला कि हम क्षेत्र के दादा है यहां से बुलेट निकालना है तो 50 हजार रुपए देना होगे। अमन ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए बुलेट में तोड़फोड़ कर दी, यही नहीं जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अमन ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत महाकाल थाने पहुंचकर दर्ज कराई और बताया कि मारपीट करने वाले अदनान निवासी बेगमबाग, राम उर्फ रामू नीलगंगा, कार्तिक और अन्य थे। एएसआई शंकरलाल कनोजे ने बताया कि अमन की शिकायत पर बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर राम उर्फ रामू को हिरासत में लिया गया है। अन्य बदमाशों की तलाश की जा रही है जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बाइक चालक ने युवक को मारा चाकू

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के बजाज शोरूम के सामने संजीव पिता रमेशचंद्र सोनी निवासी ओरापार्क को बाइक क्रमांक एमपी 13 ईडब्ल्यू 9984 के चालक ने चाकू मारकर घायल कर दिया। संजीव की शिकायत पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। संजीव के अनुसार उक्त बाइक चालक को बाइक साइड में करने के लिये कहा था, उसने विवाद करते हुए चाकू मार दिया। पुलिस के अनुसा बाइक नम्बर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की 4 दिन बाद मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ग्राम पान बड़ोदिया का रहने वाला उमराव पिता कालू पंवार 63 वर्ष टीवीएस गाड़ी से उज्जैन आया था जिसे 20 मार्च की शाम अरविंद नगर मार्ग जैन मंदिर के सामने अज्ञात कार ने टक्कर मार दी थी। बुजुर्ग उमराव गंभीर घायल हुआ था जिसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया था। परिवार जानकारी लगने पर अस्पताल पहुंचा था। चार दिनों से उमराव का उपचार चल रहा था, मंगलवार-बुधवार रात बुजुर्ग की मौत हो गई। चिमनगंज थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया।

अज्ञात कार चालक की तलाश दुर्घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरो के माध्यम से की जा रही है। दुर्घटना का एक मामला मंगलवार-बुधवार नरवर थाना क्षेत्र के ग्राम गावडी में हुआ कालापीपल के ग्राम लसुडिया से अजय पिता छगनलाल अपनी बहन के ससुराल शादी में आया था, रात में लौटते समय बाढ़कुमेद के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी अजय गंभीर घायल हुआ है जिसका उपचार शासकीय अस्पताल में चल रहा है।

## पानी की टंकी के नीचे युवक बेच रहा था शराब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। धार्मिक नगरी में शराब पर प्रतिबंध लगने के बाद से अवैध शराब परिवहन और बेचने की गतिविधियां काफी बढ़ गई है। मंगलवार रात भेरूगढ़ थाना पुलिस को खबर मिली कि पानी की टंकी के नीचे एक युवक अवैध तरीके से देशी शराब बेच रहा है।

एसआई महेंद्रसिंह सेंधव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर युवक को हिरासत में लिया, जिसके पास से 61 क्वार्टर शराब के बरामद हो गए। पूछताछ में युवक का नाम अशोक पिता प्रेमचंद मालवीय निवासी रामगढ़ फंटा सामने आया। युवक के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है। जप्त शराब 6 हजार से अधिक कीमत की होना बताई गई है।

अवैध शराब के एक अन्य मामले में इंगोरिया पुलिस ने भी कार्रवाई की और ग्राम ऊंटवास स्थित यात्री प्रतीक्षालय के पास से तूफान पिता मांगीलाल मकवाना को गिरफ्तार कर 1120 रुपये कीमत की देशी शराब बरामद की।

## निगम आयुक्त मिश्रा ने किया निरीक्षण

**उज्जैन।** निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा द्वारा नृसिंह घाट एवं वी डी क्लॉथ मार्केट से कंठाल चौराहा तक चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया कि नृसिंह घाट पर अवैध अतिक्रमण हटाते हुए घाट पर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। निगम आयुक्त द्वारा वी डी क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा चौड़ीकरण कार्य का अवलोकन किया जाकर नागरिकों से चर्चा कर आश्वत किया कि चौड़ीकरण कार्य आप सभी के सहयोग से संभव हो पाया है निश्चित ही आने वाले समय में उज्जैन के विकास कार्य योजना में नागरिकों की सहभागिता सराहनीय होगी।


**कार्यालय कलेक्टर, जिला उज्जैन एवं समुचित सरकार**
**मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग**

राजस्व प्रकरण क्रमांक : 0004/अ-82/2025-26

क्रमांक/621/भू-अर्जन/2026 उज्जैन, दिनांक : 25.03.2026

**सार्वजनिक/ व्यापक सूचना**

**"भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013" (क्रमांक 30 सन् 2013) अन्तर्गत धारा - 21**

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि **ग्राम कस्बा उज्जैन, तहसील उज्जैन नगर, जिला उज्जैन** की भूमि का अधिग्रहण **हरिफाटक रेलवे ओवर ब्रिज 4-लेन का ईपीसी मॉडल पर निर्माण के लिये** किया जाना है। अतः आप स्वयं अथवा अपने अधिकृत मुख्तयार के मार्फत उपस्थित होकर अधोलिखित वर्णित भूमि जिसे सार्वजनिक प्रयोजन अर्थात **हरिफाटक रेलवे ओवर ब्रिज 4-लेन का ईपीसी मॉडल पर निर्माण हेतु** भूमि का अर्जन किया जा रहा है, भूमि पर अपने हित, अधिकार, मुआवजा राशि, भूमि पर अधिकार के फलस्वरूप मुआवजा में हित संबंधी दावे तथा भूमि के परिमाप/नप्ती संबंधी अथवा अन्य आपत्ति (यदि कोई हो) मय अभिलेखों, दस्तावेजों एवं प्रमाणों के साथ सूचना पत्र **जारी दिनांक से 30 दिवस में** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग उज्जैन नगर, जिला उज्जैन में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। सूचना उपरांत अनुपस्थित रहने की दशा में यह माना जाकर कि आपको कुछ नहीं कहना है व प्रकरण की कार्यवाही विवरण सही है, एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर निराकरण कर दिया जावेगा।

**अनुसूची-1**

**भूमि का वर्णन**

(क) जिला - उज्जैन
(ख) तहसील - उज्जैन नगर
(ग) ग्राम - कस्बा उज्जैन
(घ) अर्जित रकबा - 0.070 हेक्ट.

**अनुसूची-2**

**निजी भूमि का विवरण**

| क्र. | भूमि स्वामी का नाम | खसरा नं. | अर्जित रकबा हेक्ट. | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1. | जीवन पिता शंकर शेखर बबली रेखा पिता लक्ष्मीचंद विद्याबाई बेवा लक्ष्मीचंद संजू दिनेश संगीता सुनीता पिता रमेश सरोज बेवा मुकेश राहुल अंकुश नीतू मोनिका पिता मुकेश दीपबाई बेवा दशरथ लोकेश धर्मेंद्र अनीता पिता दशरथ जाति भाट पता उज्जैन नगर उज्जैन मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 2347/1 | 0.048 | |
| 2. | श्रीमती मीना पुरोहित पति दीपक पुरोहित कुश पुरोहित 2 पिता दीपक पुरोहित पता सी 333 विवेकानन्द नगर उज्जैन मध्यप्रदेश भूमिस्वामी | 2347/2 | 0.002 | |
| 3. | बालचंद पिता विनायक परमानंद पिता विनायक दौलतराम पिता विनायक गोरधन पिता विनायक पता कस्बा उज्जैन, उज्जैन नगर भूमिस्वामी, पुष्कर पिता नन्दाराम पता निवासी 108 बेगमपुरा कस्बा उज्जैन, उज्जैन नगर भूमिस्वामी | 2349/1 2349/2 | 0.020 | |
| | कुल योग | | 0.070 | |

म.प्र. माध्यम/125092/2026 **कलेक्टर, जिला उज्जैन**


गैरहाजिर कर्मचारियों पर सख्ती, महापौर ने दिए नोटिस के निर्देश, उपस्थिति व्यवस्था पर उठे सवाल.. जहां पदस्थ वहीं लगे हाजिरी, फाइल लंबित रखने पर भी चेतावनी

# महापौर का औचक निरीक्षण, गैरहाजिरों पर गिरी गाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम में कार्य संस्कृति और उपस्थिति व्यवस्था को लेकर महापौर मुकेश टटवाल ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को महापौर ने नगर निगम के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान कई विभागों में कर्मचारी बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए, जिस पर महापौर ने तत्काल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्पष्ट कहा कि जो कर्मचारी जिस विभाग में पदस्थ हैं, उनकी उपस्थिति उसी विभाग में दर्ज होनी चाहिए। अन्य विभागों में हाजिरी लगाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के संकेत देते हुए उन्होंने इसे प्रशासनिक अनुशासन से जुड़ा मुद्दा बताया।




महापौर ने निगम के सचिव कार्यालय, विधि विभाग, लेखा शाखा, कोषालय, पेंशन शाखा, ऑडिट शाखा, जनसंपर्क विभाग, आईटी सेल, स्थापना शाखा, बिल्डिंग परमिशन, सामान्य प्रशासन एवं शिल्पज्ञ विभाग का निरीक्षण किया। इस दौरान उपस्थिति रजिस्टर की जांच कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया गया।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि कुछ स्थानों पर फाइलें अनावश्यक रूप से लंबित रखी जा रही हैं। इस पर महापौर ने कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर कार्यालय पहुंचे और कार्यों का निष्पादन तय समय सीमा में करें। साथ ही कार्यालयों में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, प्रकाश शर्मा, जितेंद्र कुवाल, डॉ योगेश्वरी राठौर, कैलाश प्रजापत, पार्षद प्रतिनिधि श्री बालकृष्ण पटेल, खुशाल गुप्ता एवं उपायुक्त मनोज मौर्य मौजूद रहे।

# साधना की उपलब्धि



अनेक साधक वर्षों तक साधना करते रहते हैं, पर उनके मन में एक प्रश्न बार-बार उठता रहता है, आखिर साधना की वास्तविक उपलब्धि क्या है? क्या यह कुछ आध्यात्मिक अनुभवों तक सीमित है या यह जीवन को गहरे स्तर पर बदलती भी है? भारतीय संत परंपरा इस प्रश्न का उत्तर प्रेम और अनुभव के माध्यम से देती है। कई भक्त संतों ने कहा है कि साधना का सबसे बड़ा फल है परम सत्ता के प्रति गहरा और स्वाभाविक प्रेम। जब साधक के भीतर ईश्वर के प्रति ऐसा आकर्षण उत्पन्न हो जाता है, जो किसी नियम, भय या सामाजिक दबाव से नहीं, बल्कि हृदय की सहज भावना से उपजता है, तब वह भक्ति की उच्च अवस्था में प्रवेश करता है। इसे ही रागात्मक या स्वाभाविक भक्ति कहा गया है। इस अवस्था में साधक के लिए ईश्वर का स्मरण कोई कर्तव्य नहीं रह जाता, बल्कि उसके जीवन की सहज धड़कन बन जाता है।

इस भाव को समझने के लिए प्रकृति की ओर देखना पर्याप्त है। विशाल समुद्र में असंख्य लहरें उठती हैं। वे कुछ समय के लिए अलग दिखाई देती हैं, लेकिन वास्तव में वे समुद्र से अलग नहीं होतीं। अंततः वे उसी समुद्र में लौट जाती हैं, जहां से उनका उद्भव हुआ था। इसी प्रकार यह सम्पूर्ण सृष्टि एक अनंत चेतना से उत्पन्न होकर उसी में विलीन होने की ओर अग्रसर है। प्रत्येक जीव, प्रत्येक मन और प्रत्येक चेतना उसी मूल स्रोत की ओर लौटने की यात्रा में है। कई संत कवियों ने इस सृष्टि को आनंद का महासागर बताया है। उनके अनुसार परम सत्ता आनंद और प्रेम का अनंत स्रोत है। इसी कारण इस जगत की प्रत्येक गति में एक लय और संगीत छिपा हुआ है। जब हवा बहती है, जब नदी बहती है, जब ग्रह और तारे अपने मार्ग पर चलते हैं, इन सबमें एक सूक्ष्म ताल और लय मौजूद रहती है। आध्यात्मिक साधना का एक महत्वपूर्ण अनुभव इसी सूक्ष्म लय से जुड़ा हुआ माना गया है। जब साधक नियमित साधना के जरिये अपने मन को शांत और सूक्ष्म बनाता है, तब उसे भीतर एक अनोखी ध्वनि का अनुभव होने लगता है। यह ध्वनि बाहरी कानों से सुनाई देने वाली नहीं होती, बल्कि चेतना के भीतर अनुभव की जाती है। भारतीय परंपरा में इसे ह्यओंकारह्न या ह्यप्रणव नादह्न कहा गया है। कई भक्त कवियों ने इसे कृष्ण की बांसुरी के मधुर स्वर के रूप में भी प्रतीकात्मक ढंग से व्यक्त किया है। जब साधक इस दिव्य ध्वनि का अनुभव करने लगता है, तब उसकी साधना में एक नया उत्साह और नई गहराई आ जाती है। उसे लगता है, कोई शक्ति उसे अपने केंद्र की ओर खींच रही है। इस अवस्था में साधना बोझ नहीं रहती, आनंदमय यात्रा बन जाती है। यही वह बिंदु है, जहां भक्ति, ध्यान और प्रेम एक-दूसरे में मिल जाते हैं।



## सम्पादकीय

# धर्म और आरक्षण

धर्मांतरण और अनुसूचित जाति के दर्जे से संबंधित मामले में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला दूरगामी और सराहनीय है। शीर्ष अदालत ने साफ-साफ कहा है कि हिंदू, बौद्ध और सिख धर्म को छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपनाने वाले इस समुदाय के व्यक्ति को अनुसूचित जाति वाली सुविधाएं नहीं मिलेंगी। अदालत ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें हाईकोर्ट ने ईसाई धर्म अपना चुके एक व्यक्ति की एससी-एसटी (अत्याचार रोकथाम) कानून के तहत संरक्षण की मांग को खारिज कर दिया था। निस्संदेह, वह उचित फैसला था। आखिर स्वेच्छा से कोई धर्म-परिवर्तन कब करता है? जब वह नए धर्म से प्रभावित होता है या फिर अपने मूल धर्म के किसी विद्रूप से हमेशा के लिए मुक्ति चाहता है! जिस धर्म की जाति-व्यवस्था से दुखी हो उसे छोड़कर आप किसी अन्य धर्म को अपनाते हैं, फिर त्यागी गई जाति को हासिल सुविधाओं के हकदार कैसे हो सकते हैं? चाहे वह सुविधा शिक्षा संस्थानों या नौकरियों में आरक्षण की हो या सामाजिक प्रताड़ना से कानूनी संरक्षण की हो।

सदियों से समाज के हाशिये पर जी रही जातियों- अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए संविधान-निर्माताओं ने सरकारी नौकरियों व शिक्षा में आरक्षण की व्यवस्था की थी। इसके पीछे उनका पवित्र उद्देश्य यही था कि इन समुदायों के लोग आजाद लोकतांत्रिक देश में अपने को अलग-थलग न समझें; उनका सामाजिक-आर्थिक उत्थान हो और एक समतामूलक भारतीय समाज का निर्माण हो सके। विडंबना यह है कि आज जब देश आजादी के अमृत काल में प्रवेश कर चुका है, तब भी अनुसूचित जातियों व जनजातियों को संरक्षण की जरूरत पड़ रही है। कटु सच्चाई तो यह है कि सन 1989 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) कानून बनाने की नौबत आई। इसलिए, सुनिश्चित किया जाना भी बहुत महत्वपूर्ण है कि कोई इन कानूनों का दुरुपयोग न करे। जिस व्यक्ति की याचिका के संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला आया है, वह धर्म-परिवर्तन करके दस वर्षों से एक प्रतिबद्ध ईसाई की भूमिका निभा रहा है, बल्कि पादरी बन चुका है और इसके बावजूद अपनी पुरानी जाति के लाभ उठाना चाहता था। इसलिए अदालत ने उचित ही कहा है कि ऐसा व्यक्ति किसी कानूनी, सांविधानिक या आरक्षण के लाभ का दावा नहीं कर सकता। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए, जब बौद्ध धर्म अपनाकर मेडिकल कॉलेज में अल्पसंख्यक आरक्षण की मांग कर रहे दो सवर्ण युवाओं की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया था।

## अफवाहबाजी से रहे सावधान

# युद्धकाल का संकट, राजनीति और नागरिक कर्तव्य



अमेरिका-इजराइयल और ईरान युद्ध को प्रारंभ हुए 15 दिन का समय व्यतीत हो चुका है और अभी भी युद्ध का दायरा बढ़ ही रहा है। खाड़ी देशों में चल रहे युद्ध और आक्रामकता के कारण संपूर्ण विश्व में तेल और गैस की आपूर्ति बुरी तरह से प्रभावित हो रही है। अन्य आवश्यक उत्पादों के जहाजों की आवाजाही भी प्रभावित हो रही है। विश्व के तमाम देशों की सरकारें एवं विपक्षी दल कदम से कडम मिलाकर तेल, गैस व ऊर्जा संकट, आर्थिक अनिश्चितता तथा कार्यालयों के पलायन के कारण उत्पन्न हो रहे संकट का सामना कर रहे हैं। सभी देशों में सत्तापक्ष व विपक्ष मिलजुल कर कर रहे हैं वहीं भारत में विपक्ष इस संकट का उपयोग अपने ही देश को नीचा दिखाने के लिए कर रहा है। भारत में इस युद्ध तथा उससे उपजे वैश्विक संकट पर अलग ही राजनीति हो रही है। जब से युद्ध आरम्भ हुआ है भारत में लखनऊ से लेकर श्रीनगर और जम्मू कश्मीर के बडगाम जिले तक अमेरिका-इजराइल के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करने के लिए आक्रामक विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। विरोध प्रदर्शन कर रहे इन लोगों ने पहले कभी भारत में होने वाले आतंकवादी हमलों निंदा तक नहीं की है। विपक्ष में बैठे राजनीतिक दल तथा उनके नेता इन प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे आदि सरकार की विदेश नीति के खिलाफ अनवरत लेख लिख रहे हैं और किसी न किसी बहाने प्रधानमंत्री मोदी की छवि को नुकसान पहुंचाने के प्रयास कर रहे हैं।

युद्धकाल के कारण पूरी दुनिया में आपूर्ति व्यवस्था बाधित हो जाने के कारण तेल, गैस व अन्य उत्पादों की कीमतों में वृद्धि हो रही है। चीन, जापान, कोरिया जैसे समृद्ध देश और पाकिस्तान, बांग्लादेश व श्रीलंका जैसे हमारे पड़ोसी देश पेट्रोल व डीजल की कीमतों में 10 प्रतिशत से लेकर 60 प्रतिशत तक की वृद्धि कर चुके हैं। कई देशों में महंगाई चरम सीमा पर पहुंच रही है पड़ोसी पाकिस्तान में तो लॉकडाउन जैसे हालात पैदा हो गए हैं जबकि भारत मे पेट्रोल व डीजल के दाम काफी स्थिर हैं। भारत में केवल घरेलू रसोई गैस के दामों में ही 60 रुपए की वृद्धि की गई है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी युद्ध से पैदा हुए संकट पर स्वयं नजर रख रहे हैं। भारत के विदेश मंत्री तथा प्रधानमंत्री मोदी दुनियाभर के नेताओं के साथ संपर्क में हैं तथा आपूर्ति श्रृंखला को बनाए रखने के लिए नए मार्ग ढूंढ रहे हैं। अभी तक भारत केवल 27 देशों से ही तेल व गैस की खरीदता था किंतु अब 40 देशों के साथ क्रय सम्बन्ध बनाए जा रहे हैं।

विडंबना है कि विपक्ष इस संकट का उपयोग राजनीति के लिए कर रहा है। विपक्षी दल के नेता, आईटी सेल तथा कार्यकर्ता अपने आकाओं की शह पाकर अफवाह बाज बनकर सड़क पर आ गए हैं। बड़े नेता ऊपर संसद ठप कर रहे हैं और छोटे-बड़े जमाखोरों के साथ मिलकर आम जनमानस का पैनिक बटन दबाकर गैस सिलेंडर के लिए लंबी-लंबी कतारें लगवा रहे हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं जबकि प्रधानमंत्री मोदी व उनकी सरकार की पहल का ही परिणाम है कि ईरान-अमेरिका-इजरायल जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट से दो भारतीय जहाज शिवालिक और नंदादेवी 927000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर भारत आ रहे हैं। भारत सरकार व अधिकारियों के प्रयास से ही फारस की खाड़ी में सभी भारतीय सुरक्षित हैं। भारत के 253 नाविक अब तक सुरक्षित वापस आ चुके हैं। भारत सरकार ऊर्जा आपूर्ति और नागरिक सुरक्षा पर पर्याप्त ध्यान दे रही है। प्रधानमंत्री मोदी कैबिनेट की बैठक में अपने मंत्रियों से स्पष्ट कर चुके हैं कि युद्ध का असर आम जनता पर नहीं पड़ना चाहिए। युद्धकाल में जो लोग भारत की विदेश नीति को फेल बताने वालों को स्मरण रखना चाहिए कि कि जब संघर्ष के कारण उड़ानें प्रभावित होने पर कई ईरानी नागरिक भारत में फंस गए थे भारत ने ही उन्हें ईरान की सहायता से उनके देश पहुँचाया। वहीं युद्ध के बीच 1.72 लाख भारतीय सकुशल भारत वापस आए हैं।

भारत सरकार युद्धकाल में जनता को कोई समस्या न हो इसके लिए लगातार कार्य कर रही है किंतु क्या हम सभी नागरिक अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं? परिस्थितियां इसका उत्तर नहीं में दे रही हैं। यदि नागरिक भी कर्त्तव्य बोध से बंधे होते तो आज देश में गैस सिलेंडर को लेकर जो पैनिक मचा हुआ है वह न होता। ऊर्जा संकट की आहट मात्र से अफवाह बाज सक्रिय हो गए और ऐसी अफवाहें उड़ाई गई कि जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू हो गई है। जिन घरों मे एक या दो भरे हुए एलपीजी सिलिंडर मौजूद हैं वो भी हल्ला मचा रहे हैं। प्रतिदिन होने वाली सिलिंडर बुकिंग 55 लाख से बढ़कर 75 लाख हो गई। देशभर मे अजीब नजारे देखने को मिल रहे हैं। जो परिवार 853 रुपए का गैस सिलेंडर खरीदने में भार का अनुभव करते थे अब वही लोग चोर बाजार से 3500 तक का सिलेंडर खरीदने की हैसियत दिखा रहे हैं।

समाज मे नैतिकता व सदाचार की कमी के कारण ही जमाखोरी व कालाबाजारी एक सामाजिक बुराई का रूप ले चुकी है। युद्धकाल में देशवासियों का एक बहुत बड़ा वर्ग कर्तव्य से विमुख होकर अपने लिए मुनाफे का अवसर खोज रहा है। अभी भारत का युद्ध से कोई सबंध नहीं है और यह युद्ध भारत से बहुत दूर हो रहा है तब भी जिस प्रकार का पैनिक भारत में हुआ है वह कुछ भारतीयों की ही विकृत मानसिकता को प्रदर्शित कर रहा है। संकट है किंतु अगर कुछ भी कर्त्तव्य बोध होता तो हालात बिल्कुल सामान्य ही रहते। अंततः अब सरकार ने जमाखोरों और कालाबाजारियों पर कार्यवाई आरम्भ कर दी है और उसके नतीजे भी सामने आने लगे हैं। ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध अभी काफी लंबा चलने की आशंका है तथा हालात अभी और भी खराब ही हो सकते हैं किन्तु भारत ही एकमात्र ऐसा राष्ट्र है जिसके लिए होमुर्ज स्ट्रेट का रास्ता खोला गया है। सरकार अपना काम कर रही है किंतु अब समय आ गया है कि भारतीय नागरिक भी अपने कर्तव्य का पालन करें और पैनिक न हों।

**– मृत्युंजय दीक्षित**

## मिशन विसर्जन

अरे भैया राम-राम! क्या बताएँ, हमारे मोहल्ले के झुनझुनवाला जी का जो यूरेका-यूरेका है न, वो आर्किमिडीज वाला कम और बॉर्डर वाला सर्जिकल स्ट्राइक ज्यादा लगता है। आर्किमिडीज ने तो टब में बैठ के सिद्धांत खोजा था, पर हमारे झुनझुनवाला जी जब बाथरूम से मुस्कुराते हुए, हवा में मुक्का लहरा के निकलते हैं, तो समझ लो आज उन्होंने गुरुत्वाकर्षण को पटखनी दे दी है। मोहल्ले में सन्नाटा ऐसा रहता है जैसे वर्ल्ड कप के फाइनल में आखिरी गेंद पर छह रन चाहिए हों और स्ट्राइक पर खुद झुनझुनवाला जी का पेट खड़ा हो। सस्पेंस तो देखिए, कबाड़ी भाई हाथ में सिगरेट का बंडल और कड़क चाय की प्याली लेकर ऐसे टहलते हैं जैसे किसी सुसाइड मिशन पे जा रहे हों। बोले– ₹अरे लल्लन भैया, जब तक ई कैफीन की मिसाइल अंदर जाके धमाका नहीं करती, तब तक नीचे का गेटवे ऑफ इंडिया खुलता ही नहीं है!₹ उनके पेट को भी रिश्वत चाहिए, बिना 'पेमेंट' के वहां का ट्रैफिक सिग्नल लाल ही रहता है। अजीब स्थिति हैं भाई, कोई नाभि के पास सरसों का तेल रगड़ रहा है, तो कोई कहता है कि जब तक हम मोहल्ले के उस काले कुत्ते को दो बार जोर से डांट न लें, तब तक विसर्जन का भाव ही नहीं जागता।

हमारे हेडमास्टर चौरसिया जी का पेट तो भाई साहब एकदम उसूलों वाला है। जब तक दैनिक जागरण का संपादकीय पढ़ के दो-चार भ्रष्ट नेताओं को मन ही मन सस्पेंड न कर दें, तब तक कुदरत अपनी फाइल आगे नहीं बढ़ाती। चौरसिया जी का एडिटर जब तक खुश नहीं होता, तब तक वो एक इंच नहीं हिलते। वहीं दूसरी तरफ, खन्ना जी बाथरूम में जाकर किशोर कुमार के दर्द भरे नगमे गाते हैं। उन्हें लगता है कि मेरे नैना सावन-भादो गाने से अंदर की खुश्की सावन में बदल जाएगी। संगीत का ऐसा प्रेशर-कुकर उपयोग आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। उधर एडवोकेट साहब हैं, जो टॉयलेट की सीट पर बैठकर सुप्रीम कोर्ट के पुराने फैसले और दलीलें पढ़ते हैं। उनका मानना है कि जब तक दिमाग पर लीगल प्रेशर नहीं पड़ता, तब तक कुदरत अपना फाइनल जजमेंट नहीं सुनाती। कोई सुबह-सुबह बायीं आंख मींचकर दायीं नाक से ऐसी लंबी सांस खींचता है जैसे सारा ब्रह्मांड अंदर भर लेगा, उसका दावा है कि इससे इंजन रिवर्स गियर से सीधा टॉप गियर में आ जाता है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 26 मार्च 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:29 सूर्यास्त 18:36
चैत्र मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - अष्टमी 11:48 उपरांत नवमी
नक्षत्र - आर्द्रा 16:18 उपरांत पुर्नवशु
योग - शोभन 25:31 उपरांत अतिगंड
करण - बव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण मिथुन में रहेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 06 तारिख

**मेष-** पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**वृषभ-** सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन-** शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**कर्क-** कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें।

**सिंह-** व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें।

**कन्या-** शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी।

**तुला-** किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा।

**वृश्चिक-** किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा।

**धनु-** आय में निश्चितता रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी।

**मकर-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**कुंभ-** कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी।

**मीन-** पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545**

## समसामयिक

# संकट में संयम या स्वार्थ? –खाड़ी तनाव के बीच देशहित बनाम राजनीति का सवाल



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

जब-जब दुनिया संकट के दौर से गुजरती है, तब असली परीक्षा केवल सरकारों की नहीं, बल्कि नागरिकों की चेतना, जिम्मेदारी और राष्ट्रभक्ति की भी होती है। आज वैश्विक परिदृश्य में युद्ध के बादल मंडरा रहे हैं, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ता तनाव पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और संसाधनों को प्रभावित कर रहा है। ऐसे समय में भारत जैसे विशाल और संवेदनशील देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि जनमानस के धैर्य और राजनीतिक परिपक्वता की है।

यह वह समय है, जब हर नागरिक का छोटा-सा निर्णय–चाहे वह आवश्यकता से अधिक गैस सिलेंडर लेना हो या संयम रखना–देश की स्थिति को मजबूत भी कर सकता है और कमजोर भी। सवाल केवल संकट का नहीं है, सवाल यह है कि हम इस संकट में अपने राष्ट्र के साथ खड़े हैं या अपने स्वार्थ के साथ?

विश्व इतिहास में एक चर्चित प्रसंग है–द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जब ब्रिटेन में अंडों की कमी की आशंका बनी, तब तत्कालीन प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने नागरिकों से अपील की कि वे अंडे न खरीदें, क्योंकि यह सैनिकों के लिए आवश्यक हैं। कहा जाता है कि अगले ही दिन दुकानों पर भीड़ उमड़ी, लेकिन खरीदने के लिए नहीं, बल्कि अपने पास मौजूद अंडे लौटाने के लिए।

यह घटना केवल अनुशासन की नहीं, बल्कि उस राष्ट्रचेतना की प्रतीक है, जहां नागरिक संकट के समय स्वयं को नहीं, बल्कि देश को प्राथमिकता देते हैं।

आज खाड़ी क्षेत्र, विशेषकर मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव–जहां अमेरिका ईरान और इजरायल जैसे देश आमने-सामने हैं–ने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित किया है। इसका प्रभाव भारत पर भी पड़ना स्वाभाविक है। एलपीजी, पेट्रोल और डीजल जैसी आवश्यक वस्तुओं को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं, और इसी के साथ समाज में अनावश्यक संग्रह की प्रवृत्ति भी देखने को मिल रही है।

दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ऐसे संवेदनशील समय में भी देश की राजनीति अपने दायित्वों से विमुख होती दिखाई देती है। विपक्ष का कर्तव्य केवल प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में सहयोग करना भी है। संकट के समय यदि राजनीतिक दल आपसी मतभेदों को किनारे रखकर एकजुटता का परिचय दें, तो यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति बन सकता है। किंतु जब आपदा को अवसर बनाकर केवल जनभावनाओं को भड़काने या वोट बैंक को साधने का प्रयास होता है, तो यह न केवल अनुचित है, बल्कि राष्ट्रहित के विरुद्ध भी है।

यह समय आरोप-प्रत्यारोप का नहीं, बल्कि आत्ममंथन का है। यह समय भय फैलाने का नहीं, बल्कि विश्वास जगाने का है। और यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि राष्ट्रनीति का है।

नागरिकों के लिए भी यह आवश्यक है कि वे संयम और समझदारी का परिचय दें। आवश्यकता से अधिक संसाधनों का संग्रह केवल दूसरों के अधिकारों का हनन ही नहीं, बल्कि संकट को और गहरा करने वाला कदम है। वहीं सरकार के लिए यह समय पारदर्शिता, त्वरित निर्णय और प्रभावी प्रबंधन का है, ताकि जनविश्वास बना रहे।

अंततः, राष्ट्र की शक्ति केवल उसकी सीमाओं या संसाधनों में नहीं, बल्कि उसके नागरिकों की सोच और उसके नेताओं की नीयत में निहित होती है। यदि हम हर संकट में एकजुट रहेंगे, तो कोई भी चुनौती हमें कमजोर नहीं कर सकती।

# बातें बची हैं, पर बातचीत क्यों खत्म हो रही है?



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

आज हमारे पास शब्दों की कोई कमी नहीं है, कमी है उस सच्चाई, उस गहराई और उस आत्मीय स्पर्श की, जो शब्दों को साधारण बात से उठाकर सच्ची बातचीत में बदल देता है। हम दिन भर अनगिनत लोगों से बात करते हैं, संदेशों का आदान-प्रदान करते हैं, प्रतिक्रियाएँ देते हैं–फिर भी जब रात की खामोशी उतरती है, तो भीतर एक अजीब-सा खालीपन रह जाता है। यह खालीपन यूँ ही नहीं जन्म लेता, यह इस बात का साक्षी है कि बातें तो बहुत हुईं, पर बातचीत कहीं खो गई। क्योंकि बातचीत केवल शब्दों का मेल नहीं, बल्कि दो मनों, दो भावनाओं और दो आत्माओं का सच्चा जुड़ाव है–और जब यह जुड़ाव नहीं बनता, तो शब्द केवल शोर बनकर रह जाते हैं।

आज बातचीत के खत्म होने की सबसे बड़ी वजह यह है कि हमने उसे एक औपचारिकता, एक आदत और एक रूटीन बना दिया है। क्या हाल है?, सब ठीक?, खाना खाया?–ये सवाल जरूरी जरूर हैं, लेकिन ये रिश्तों में जीवन नहीं भरते, ये सिर्फ उनकी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। असली बातचीत तब जन्म लेती है जब हम सतह से नीचे उतरते हैं, जब हम सच में जानना चाहते हैं कि सामने वाला कैसा है, उसके भीतर क्या चल रहा है, कौन-सी बातें उसे चुप कर रही हैं। और सबसे जरूरी–जब हम इन सवालों के जवाब सुनने के लिए ठहरते हैं, बिना जल्दबाजी, बिना औपचारिकता, पूरी संवेदनशीलता के साथ। हमारी सबसे बड़ी कमी यही है कि हम सुनना भूल गए हैं–हम सिर्फ जवाब देने के लिए इंतजार करते हैं। जब कोई अपनी बात कह रहा होता है, तब हमारा ध्यान उसकी भावनाओं पर नहीं, बल्कि अपने अगले शब्दों पर होता है। यही कारण है कि सामने वाला सुना हुआ नहीं, बल्कि अनदेखा और अनसुना महसूस करता है। यही अनदेखापन धीरे-धीरे एक गहरी दूरी में बदल जाता है, जो बिना शोर किए रिश्तों को कमजोर कर देता है और अंततः बातचीत को खत्म कर देता है। शायद अब समय आ गया है कि हम फिर से सीखें–कम बोलना नहीं, बल्कि सच में सुनना और दिल से जुड़ना।

डर और असुरक्षा भी बातचीत को गहराई तक पहुँचने से रोक देते हैं। हम अपनी सच्ची भावनाओं, अपने भीतर छिपे सच और अपनी नाजुक संवेदनाओं को व्यक्त करने से कतराते हैं–कहीं हमें गलत न समझ लिया जाए, कहीं हमारी कमजोरी उजागर न हो जाए, कहीं हमारी छवि टूट न जाए। इसलिए हम सुरक्षित शब्दों का सहारा लेते हैं, सतही बातें करते हैं, और अपने असली भावों को भीतर ही दबाए रखते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि जहाँ जोखिम नहीं होता, वहाँ सच्ची गहराई भी नहीं होती। बातचीत तब जीवंत और अर्थपूर्ण बनती है, जब हम अपने भीतर की सच्चाई को, अपनी अपूर्णताओं और असहजताओं के साथ, साहसपूर्वक सामने रखने का हौसला करते हैं।

तकनीक ने बातचीत को तेज, सुविधाजनक और हर पल उपलब्ध जरूर बना दिया है, लेकिन उसे गहराई और संवेदनशीलता नहीं दे पाई। टेक्स्ट, इमोजी और छोटे-छोटे संदेशों ने भावनाओं को सीमित और संक्षिप्त कर दिया है। हम तुरंत जवाब तो दे देते हैं, लेकिन उन शब्दों को महसूस करने, उन्हें समझने और उनके पीछे छिपे भावों को पकड़ने का समय नहीं लेते। जबकि सच्ची बातचीत को समय चाहिए, ठहराव चाहिए, और एक ऐसा धैर्य चाहिए जिसमें शब्दों के बीच की खामोशी भी सुनी जा सके। जब हर चीज जल्दबाजी में हो, तो बातचीत भी उसी जल्दबाजी की शिकार हो जाती है–और यही कारण है कि आज हम एक-दूसरे से जुड़े तो हैं, लेकिन वास्तव में समझे नहीं जाते।

## धर्म-आस्था

# जब-जब बिखरता समाज, तब-तब याद आते हैं श्रीराम



अमित राव
(दैनिक अवन्तिका)

या आज का समाज उस आदर्श की ओर अग्रसर है,जिसे हम ह्यरामराज्यह्न के नाम से जानते हैं,या हम उससे लगातार दूर होते जा रहे हैं? यह प्रश्न केवल दार्शनिक नहीं,बल्कि हमारे समय की सबसे बड़ी सामाजिक चुनौती भी है। श्री राम नवमी का पावन पर्व हमें इसी आत्ममंथन का अवसर प्रदान करता है। त्रेतायुग में श्रीराम का अवतरण केवल एक धार्मिक घटना नहीं,बल्कि मानवता को दिशा देने वाला एक युगांतरकारी क्षण था। आज,जब समाज अनेक प्रकार के नैतिक और सामाजिक संकटों से जूझ रहा है,तब श्रीराम के आदर्श पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं।भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में जन्मे श्रीराम ने अयोध्या में राजा दशरथ और माता कौशल्या के यहाँ जन्म लेकर यह सिद्ध किया कि महानता वंश या वैभव से नहीं,बल्कि चरित्र और आचरण से निर्धारित होती है। उनके जीवन का प्रत्येक प्रसंग हमें यह सिखाता है कि सच्चा नेतृत्व वही है,जो स्वयं के हितों से ऊपर उठकर समाज और कर्तव्य को प्राथमिकता देता है। आज,जब नेतृत्व के अर्थ बदलते हुए दिखाई देते हैं,तब श्रीराम का जीवन एक आदर्श मानक प्रस्तुत करता है।

श्रीराम का वनवास केवल एक पारिवारिक निर्णय का परिणाम नहीं था,बल्कि यह त्याग,धैर्य और मयार्दा का सर्वोच्च उदाहरण है।पिता की आज्ञा का पालन करते हुए उन्होंने 14 वर्षों का वनवास बिना किसी विरोध के स्वीकार किया। यह प्रसंग आज के समय में अत्यंत महत्वपूर्ण है,जब अधिकारों की मांग तो प्रबल है,किंतु कर्तव्यों के प्रति निष्ठा कम होती जा रही है। श्रीराम हमें यह सिखाते हैं कि जीवन में संतुलन तभी संभव है,जब अधिकार और कर्तव्य दोनों का समान रूप से सम्मान किया जाए।समाज में बढ़ती असमानताओं और विभाजनों के बीच श्रीराम का जीवन समरसता का संदेश देता है। वनवास के दौरान उन्होंने समाज के हर वर्ग को अपनाया और उनके साथ समान व्यवहार किया। शबरी के जूठे बेर स्वीकार करना केवल भक्ति का प्रसंग नहीं,बल्कि सामाजिक समानता का गहन संदेश है। यह घटना दशार्ती है कि सच्चा धर्म मनुष्यता में निहित है,न कि सामाजिक भेदभाव में। आज,जब समाज जाति, वर्ग और आर्थिक असमानताओं के कारण विभाजित होता जा रहा है,तब यह संदेश और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। ह्यरामराज्यह्न की अवधारणा भारतीय समाज में आदर्श शासन व्यवस्था का प्रतीक रही है।

कहा जाता है कि श्रीराम के शासनकाल में प्रजा सुखी,सुरक्षित और संतुष्ट थी। न्याय,पारदर्शिता और उत्तरदायित्व उस शासन के मूल स्तंभ थे। आज के लोकतांत्रिक युग में भी ह्यरामराज्यह्न एक प्रेरणा के रूप में देखा जा सकता है। यदि शासन व्यवस्था में ईमानदारी,सेवा और जनकल्याण को प्राथमिकता दी जाए,तो आधुनिक समाज भी उस आदर्श के निकट पहुँच सकता है। यह केवल एक कल्पना नहीं,बल्कि एक लक्ष्य है,जिसे सही नीतियों और नैतिकता के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।परिवार,जो समाज की नींव होता है,आज अनेक चुनौतियों से जूझ रहा है। रिश्तों में स्वार्थ,अहंकार और असहिष्णुता बढ़ती जा रही है। ऐसे समय में माता सीता और श्रीराम का संबंध हमें पारस्परिक सम्मान,विश्वास और त्याग का महत्व समझाता है। वहीं,भरत का उदाहरण यह दशार्ता है कि सच्चे संबंध सत्ता और स्वार्थ से ऊपर होते हैं। भरत ने सिंहासन को अस्वीकार कर अपने भाई के प्रति निष्ठा को सर्वोपरि रखा–यह त्याग आज के समाज में दुर्लभ होता जा रहा है।अहंकार,जो व्यक्ति के पतन का सबसे बड़ा कारण बनता है, आज के समाज में तेजी से बढ़ रहा है। रावण इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वह अत्यंत विद्वान और शक्तिशाली था, किंतु उसका अहंकार ही उसके विनाश का कारण बना। इसके विपरीत,श्रीराम ने अपने सामर्थ्य और ज्ञान के बावजूद सदैव विनम्रता को अपनाया। यह हमें यह सिखाता है कि सच्ची महानता विनम्रता में ही निहित होती है,न कि अहंकार में।आज का युवा वर्ग जीवन की जटिलताओं और प्रतिस्पर्धा के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रहा है। करियर का दबाव,सामाजिक अपेक्षाएँ और व्यक्तिगत संघर्ष उन्हें निरंतर चुनौती देते हैं। ऐसे समय में श्रीराम का जीवन एक मार्गदर्शक के रूप में सामने आता है। उनका धैर्य, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा यह सिखाते हैं कि कठिनाइयों से भागने के बजाय उनका सामना करना ही सच्ची सफलता की पहचान है।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,47,500, रवा- 1,47,400 चांदी- टंच- 2,27,000 पाट- 2,26,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## सरस्वती शिशु मंदिर के स्कूली बच्चों की स्थानीय परीक्षाओं का हुआ समापन

**महिदपुर रोड।** नगर के सर स्वती शिशु मंदिर सहित झुटावद सं कुल केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी छ शिशु मंदिरों के स्कूली बच्चों की 9 मार्च सोमवार से प्रारंभ हुई स्थानीय परीक्षाएं 24 मार्च मंगलवार को खत्म हो गई। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य रामेश्वर परमार तथा झुटावद संकुल केंद्र के प्रभारी राजेंद्र सिंह राजावत ने जानकारी देते हुए बताया संकुल केंद्र के अंत र्गत आने वाले सभी छः सरस्वती शिशु मन्दिरों में 9 मार्च से स्कूली बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं जिनमें कक्षा छठी सातवीं तथा नौवीं व ग्यारहवीं कक्षाओं के स्थानीय प रीक्षा नाम है प्रारंभ हुई थी जो 24 मार्च मंगलवार को कक्षा छठी अं ग्रेजी कक्षा सातवीं विज्ञान कक्षा 9वी गणित कक्षा ग्यारहवीं राज नीति-अर्थशास्त्र विषय के अंतिम प्रश्न पत्रों के साथ समाप्त हो गई । विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा वार्षिक परी क्षाओं के साथ- साथ उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य भी निरंतर किया जा रहा है प्रतिष्ठा के जारी परीक्षा समय चक्र के अनुसार 30 मार्च सोमवार को स्थानीय परीक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये जायेगे।

## शासकीय श्री वराह मिहिर विद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन




**कायथा ।** श्री वराह मिहिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कायथा में नवीन शिक्षण सत्र 2026 27 हेतु पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में विशेष रूप से 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्रदान करने तथा बालकों की सहमति व सहभागिता सुनिश्चित करने तथा नवीन प्रवेश उत्सव की तैयारी निशुल्क साइकिल वितरण कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं के परीक्षा फल की समीक्षा की गई मीटिंग में एसएमसी अध्यक्ष राधेश्याम डडानिया,प्राचार्य प्रकाश कुमार,नवीन राज सिंह,हेमंत सुनानिया,नितेश परमार,संतोष राठौड़,जितेंद्र कुमार काशनिया,उपस्थित थे उक्त जानकारी संस्था के शिक्षक जगदीश चंद्र परमार द्वारा दी गई

हनुमान जयंती पर सामूहिक सुंदरकाण्ड का अद्‍भुत आयोजन

## महिला, बच्चे, युवाओं में सुंदरकाण्ड पाठ को लेकर अपार उत्साह

**ब्यावरा।** श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम पर श्रीहनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सामुहिक सुंदरकाण्ड के रूप में लगातार चौथी बार अद्धुत आयोजन होगा। नगर में इस भव्य और अद्धभुत आयोजन को लेकर महिला, बच्चे, युवाओ में सुंदरकाण्ड पाठ को लेकर अपार उत्साह देखने को मिलता है। सुन्दरकाण्ड पाठ सुंदर लय व ताल के साथ बिना रूके, बिना थके, बिना भजनों के अद्वितीय होगा। श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर आयोजित होने वाले इस अनूठे धार्मिक आयोजन के प्रति आम लोगो में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है. कार्यक्रम में ट्रस्ट परिवार द्वारा आम श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। संगीत की धुन के बीच शांत माहौल में जब एक साथ सैकड़ों लोग अपने स्वर से सुंदर चौपाईयों का गान करटे है तो माहौल बड़ा ही आनंददायी होता है। श्री हनुमान जयंति पर आयोजित सामुहिक सुंदरकाण्ड में आम व्यक्ति, महिला वर्ग, बच्चों को भी आमंत्रित किया है। महिलाओं, पुरूषो के बैठने की पृथक-पृथक व्यवस्था होगी। मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा इसके लिए पंजीयन मंगलवार से शुरू किया जायेगा। पंजीयन मंदिर धाम पर होगा। पंजीकृत श्रद्धालुओं के लिय अलग से बैठक, आरती, प्रसादी आदि की व्यवस्था की जायेगी। पंजीकृत श्रद्धालुओं की संख्या 251 निर्धारित की गई है। सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ के लिये उत्साह देखने को मिल रहा है।



## सुनहरी गेट पर मरम्मत करने के बजाय चूरी डाली, गिरने का खतरा

**आष्टा।** नगर के सुनहरी किला गेट पर नगर पालिका द्वारा लंबी चौड़ी सड़क खोदी थी। जिसकी बाद में मरम्मत करने की बजाए गिट्टी की चूरी डाल दी। जबकि इसी मार्ग पर बड़ी घाटी होने की वजह से वाहन चलाना मुश्किल होता है। उसके बाद भी इसकी मरम्मत को लेकर नजर अंदाज किया गया है। जिससे बड़ी दुर्घटना भी घटित हो सकती है। रोजाना आने -जाने वाले आम नागरिकों व मंदिर दर्शन करने वाले 4,5, लोग गिट्टी की इस चूरी के कारण गिर रहे है। नगर पालिका किले की घाटी के इस मार्ग को व्यवस्थित कराएं। यहां पर 24 घंटे वाहनों का आवागमन बना रहता है।

पारिवारिक विवाद के बीच क्रॉस केस दर्ज

# मकान कब्जे को लेकर महिलाओं ने दंपत्ति को पीटा, ताला तोड़कर घुसीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

ओम साईं विहार इलाके में मंगलवार को महिलाओं के एक समूह ने जमकर हंगामा किया। आरोप है कि उन्होंने एक मकान पर जबरन कब्जा करने की कोशिश की और मकान मालिक धीरेंद्र सिंह व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की।

पीथमपुर से आईं सलोनी सिंह, सरिता सिंह और लगभग 10 अन्य महिलाएं लाठी-डंडों के साथ मौके पर पहुंचीं। उन्होंने मकान का ताला तोड़कर जबरन अंदर प्रवेश किया और धीरेंद्र सिंह से मारपीट की।



जानकारी के अनुसार, मुख्य आरोपी सलोनी सिंह, धीरेंद्र सिंह के बड़े भाई की पत्नी हैं। उनका तलाक का मामला हाई कोर्ट में विचाराधीन है। ओम साईं विहार स्थित इस मकान को लेकर पिछले कई दिनों से विवाद चल रहा है।

### घटनाक्रम सीसीटीवी में कैद

मारपीट की यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। फुटेज में महिलाएं ताला तोड़कर अंदर घुसते और हंगामा करते हुए साफ नजर आ रही हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल, औद्योगिक थाना क्षेत्र पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर मामले में क्रॉस रिपोर्ट दर्ज की है।

# कोतवाली पुलिस ने किया बाइक चोरी का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शहर की कोतवाली पुलिस ने 16 मार्च को बेरछा रोड स्थित सरदार पटेल गार्डन से हुई मोटरसाइकिल चोरी के मामले को सुलझाते हुए मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बाइक के पुर्जे और एक अन्य बिना कागजात की संदिग्ध मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक चोरी की बाइक के पाट्‌र्स लेकर शाजापुर की ओर आ रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने लाहौरी गांव के पास घेराबंदी की और दोनों संदिग्धों को धर दबोचा। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान बबलू उर्फ बनवीर (28 वर्ष) निवासी ग्राम जरखी और यूनुस शाह (28 वर्ष) निवासी ग्राम सकराई के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई बाइक के पाट्‌र्स के अलावा एक और मोटरसाइकिल भी जब्त की है, जिसके वैध दस्तावेज आरोपी पेश नहीं कर सके। गौरतलब है कि उमियाधाम कॉलोनी निवासी फरियादी अमित कुमार नायक ने 16 मार्च को थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया था कि सरदार पटेल गार्डन में एक कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान पार्किंग से उनकी बाइक चोरी हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने पर एक व्यक्ति बाइक ले जाते हुए नजर आया था, जिससे पुलिस को आरोपियों तक पहुंचने में अहम मदद मिली। फिलहाल मामले में पुलिस की आगे की जांच जारी है।



महिदपुर में 11वां परशुराम जन्मोत्सव

## बैठक में तय हुई रूपरेखा, विभिन्न आयोजनों पर चर्चा

**महिदपुर।** प्रतिवषार्नुसार ब्राह्मण समाज महिदपुर-झारड़ा क्षेत्र द्वारा इस वर्ष 11वां परशुराम जन्मोत्सव एवं चल समारोह मनाया जाएगा। आयोजन की रूपरेखा एवं कार्यक्रम तय करने के लिए 22 मार्च, रविवार को श्रीराम मंदिर औदीच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला, जेल रोड महिदपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परशुराम जन्मोत्सव के साथ होली मिलन समारोह, हिंदू नववर्ष समारोह सहित अन्य सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई। समाज के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय प्रभारियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जन्मोत्सव आयोजन के संयोजक के रूप में सत्यनारायण शर्मा पेटलावद को दायित्व दिया गया। वहीं महिदपुर नगर प्रभारी संजय व्यास, महिला नगर प्रभारी उमा पांडे, झारड़ा क्षेत्र प्रभारी विकास उपाध्याय, नागपुरा-महिदपुर रोड क्षेत्र प्रभारी चंद्रशेखर पंड्या तथा झुटावद-घौंसला क्षेत्र प्रभारी नीतेश मेहता (पलवा) को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। संचालन महेश रावल ने किया। आभार कमलेश उपाध्याय ने माना। आयोजन से संबंधित जानकारी प्रदीप पंड्या (कढ़ाई) द्वारा दी गई। बैठक में समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता सुनिश्चित करने एवं आयोजन को बनाने का आह्वान किया गया।

शिकायतों के त्वरित व समयबद्ध समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

# नवागत एसपी हितिका वासल ने जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर दिखाई संवेदनशीलता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सभागृह में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई में जिले के विभिन्न थाना/चौकी क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें एवं आवेदन पुलिस अधीक्षक श्रीमती वासल के समक्ष प्रस्तुत किए। श्रीमती वासल ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरता, धैर्य एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनके प्रकरणों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निराकरण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।



पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान करना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई का उद्देश्य नागरिकों को त्वरित न्याय, राहत एवं विश्वास प्रदान करना है, ताकि पुलिस एवं जनता के बीच संबंध और अधिक सुदृढ़ हो सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक प्रकरण का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि जनसुनवाई के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की सतत मॉनिटरिंग की जाए, जिससे आमजन को समय पर राहत मिल सके और पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, धोखाधड़ी, साइबर अपराध, लंबित विवेचनाएं तथा पुलिस कार्यवाही से संबंधित अनेक प्रकरण सामने आए। कुछ मामलों में पुलिस अधीक्षक द्वारा मौके पर ही समाधान के निर्देश दिए गए, वहीं अन्य मामलों में संबंधित थाना प्रभारी एवं अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## नकली मैंगो जूस बनाते व्यक्ति पकड़ा, हानिकारक केमिकल जब्त कार्रवाई जारी

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए नकली मैंगो जूस बनाते एक व्यक्ति को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान रतीलाल सोनकर निवासी जौनपुर उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल स्वीटनर सक्रीन, रंग, शक्कर व चासनी का उपयोग कर मैंगो जूस तैयार करते हुए पाया गया। मौके से मैंगो जूस, शक्कर चासनी एवं सक्रीन के नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। साथ ही लगभग 5 किलो आर्टिफिशियल स्वीटनर सक्रीन जब्त किया गया, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक माना जाता है। जांच में यह भी पाया गया कि संबंधित व्यक्ति बिना वैध खाद्य लाइसेंस के जूस तैयार कर रहा था। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत पंचनामा बनाकर कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि गर्मी के मौसम में बाहरी राज्यों से कई लोग जिले में मैंगो जूस के ठेले लगाते हैं, जिनमें कुछ लोग रंग, केमिकल एवं अखाद्य पदार्थों का उपयोग कर आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हैं। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में इस प्रकार की जांच लगातार जारी है और मिलावट करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अचलेश्वर धाम में अखंड रामायण



**इंगोरिया।** अचलेश्वर महादेव मंदिर पर नवरात्रि महोत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नौ दिवसीय अखंड रामायण पाठ चल रहा है। रामनवमी पर समापन होगा। दशहरा पर्व पर प्रतिवषार्नुसार मंदिर प्रांगण पर विशाल कन्या भोजन और भंडारा रखा गया है। संस्थापक पंडित कोमल दास चतुर्वेदी की प्रेरणा से थाना परिसर इस शिव धाम पर सावन में पूरे एक माह तक, मकर संक्रांति से महाशिव रात्रि तक 45 दिवसीय अखंड रामायण, चैत्र नवरात्रि में नौ दिन और शारदीय नवरात्र में भी नौ दिन तक अखंड रामायण पाठ का आयोजन सतत 43 वर्षों से चला आ रहा है।

## बकायादारों पर बिजली कंपनी का डंडा, उपभोक्ताओं में मचा हड़कंप

**शाजापुर।** सालों से बिजली के बिलों को नजरअंदाज कर रहे डिफाल्टरों पर अब विद्युत वितरण कंपनी ने नरमी छोड़कर सख्त रुख अपना लिया है। बकाया वसूली के लिए कंपनी अब सीधे जब्ती की कार्रवाई पर उतर आई है, जिससे बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई मुख्य रूप से ग्राम आला उमरोद, पिपलिया गोपाल, धारा खेड़ी पूर्वी और धारा खेड़ी पश्चिम में की गई।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुश्री आयुषी सोनी पिता श्री ज्ञानकुमार सोनी निवासी 38/3, वराही माता की गली, कार्तिक चौक, उज्जैन की ओर से है कि उनका एक भूखण्ड कमांक ई-9, EWS, ब्लाक-सी, स्थित तिरूपति ड्रीम्स, ग्राम दाउदखेड़ी, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जिसकी चतुर्सीमा पूर्व सड़क कालोनी की, पश्चिम-कालोनी की बाउण्ड्रीवाल, उत्तर- कालोनी की बाउण्ड्रीवाल व दक्षिण- भूखण्ड कमांक ई-08 है। उक्त भूखण्ड की चैन रजिस्ट्री जो कि विक्रेता मेसर्स तिरूपति ईस्टेट, उज्जैन अधिकृत व्यक्ति श्री अमित कावडिया केता हेमेन्द्र यादव पिता विनोद यादव के नाम की होकर जिसका उप-पंजीयक कार्यलय उज्जैन का ई-पंजीयन क्रमांक MP432022021-A1813308 दिनांकित 22.09. 2021 है। उक्त मूल रजिस्ट्री मेरे पक्षकार से दिनांक 15.03.26 को फ्रीगंज या उज्जैन क्षेत्र में कहीं गिर गई है। जो ढूँढने पर भी नहीं मिल रही है।

अतः इस जाहिर सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त मूल रजिस्ट्री किसी को भी प्राप्त होवे तो वह रजिस्ट्री का दुरूपयोग न करे व तत्काल मेरे पक्षकार को देवें या मेरे कार्यलय में 3 दिनों में आकर जमा करें सो सूचित है। इति दिनांक- 25.03.2026

**सौरभ मंगल, हाईकोर्ट एडवोकेट**
**122 सीनियर एम.आई.जी. इन्दिरा नगर,**
**आगर रोड़, उज्जैन मोबा. 9424892503**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता मूल भूमि स्वामी कलाबाई पति रामचंद्र जी, धर्मेन्द्र पिता रामचंद्र जी, गायत्री पिता रामचंद्र जी, भगवतीप्रसाद पिता रामचंद्र जी, जाति नाई निवासी कचनारिया तहसील तराना जिला उज्जैन मध्यप्रदेश से उनके स्वामित्व, स्वत्व एवं अधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 142/1/2/1 रकबा 0.10 आरे कुल किता 01 कुल विकित रकबा 0.10 आरे लगानी स्थित ग्राम रलायती प.ह. नंबर 109 तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्यप्रदेश को क्रय करने का सौंदा चिट्ठी पत्रक किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है। अब शेष विक्रय धन अदा कर विक्रय अनुबंध पत्र व विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उक्त वर्णित कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासन या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो, अथवा उक्त सम्पत्ती किसी को रहन या अन्य किसी भी प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ती रखें। अन्य दशा मैं बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा । व कोई आपत्ती मान्य नहीं होगी सूचित हो। इति दिनांकः 24-03-2026

**कमलसिंह यादव (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तहसील कार्यालय घट्टिया, जिला उज्जैन**
**मोबाईल 94248 14613**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 134 स्थित तिरूपति प्लेटिनम ब्लॉक-ए ग्राम दाउदखेड़ी प.ह.न. 37 तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 66.89 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम में- भूखण्ड़. क्रमांक 185, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक 135 तथा दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 133 स्थित हैं। तथा उक्त संपत्ति मोनु गुर्जर पिता श्री रामसिंह गुर्जर एवं शर्मिला पति श्री रामसिंह गुर्जर ने इसके पूर्वस्वामी मोहित कुमार प्रजापति पिता श्री दिनेश कुमार प्रजापति से रजि. विक्रय पत्र क्रमांक MP432022022A1880230 दिनांक 26/08/2022 के माध्यम से क्रय कि। एवं मोनु गुर्जर का स्वर्गवास दिनांक 27/03/2023 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी श्रीमति शर्मिला पति श्री रामसिंह गुर्जर हुये। एवं श्रीमति शर्मिला ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार ए.यू. स्मॉल फायनेंस बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी**
**कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी *जितेन्द्र सिंह पिता श्री सजन सिंह जाति राजपूत निवासी व कृषक ग्राम भूतिया तहसील घटिया जिला उज्जैन म0प्र0* ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि *सर्वे नबंर 7 व सर्वे नबंर 8 रकबा 3.19 हैक्टर मे से रकबा 0.60 हैक्टर बरूख पश्चिम दिशा की भूमि, कुल किता 02 कुल रकबा 0.60 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम भूतिया प0ह0न0 00105 तहसील घटिया जिला उज्जैन मध्य?प्रदेश* में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय एवं विनिमय करने का अनुबंध पत्र किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (05) पांच दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो।

इति दिनांक - 25-03-2026

**राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)**
**तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड दुकान क्रमांक 07 ग्राम घटिया**
**जिला उज्जैन मो.नं. 8719997462, 9584898788**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दुर्दमनसिंह पिता स्व. श्री देवीसिंहजी चौहान निवासी भदेड मय चक तहसील व जिला उज्जैन का पुत्र जयप्रतापसिंह को उसका आचरण ठीक नहीं होने के कारण उसे घर से अलग कर दिया है, उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई व्यवहार किसी से किया जाता है तो उससे मेरे पक्षकार दुर्दमनसिंह तथा उनकी बहन मधु चौहान की किसी प्रकार की कोई जवाबदारी नहीं रहेगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांक- 25/03/2026 ई., स्थान उज्जैन

**(मदनलाल दुग्गड़) अभिभाषक**
**1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**फोन 94253-80339**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र माली पिता विष्णु माली जाति माली निवासी हनुमान बाग दत्त अखाडा बड़नगर रोड उज्जैन ने उनके दादा देवचन्द्रजी से उनके पिता विष्णुप्रसाद, रमेशचन्द्रजी माली बाबूलालजी माली पुत्रगण देवचन्द एवं भूरीबाई पुत्री देवचन्द्र जाति माली निवासी हनुमान बाग दत्त अखाड़ा बडनगर रोड उज्जैन के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की पैतृक कृषि भूमि सर्वे नं. 2755 रकबा 0.282, हैक्टेयर सर्वे नंबर 2756 रकबा 0.021 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2757 रकबा 0.0730 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2768/1 रकबा 0.340 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2776/1 रकबा 0.2400 सर्वे नंबर 2776/2 रकबा 0.2090 सर्वे नंबर 2777/1 रकबा 0.0630 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2777/2 रकबा 0.0310 हैक्टेयर सर्वे नंबर 2780 रकबा 0.0420 हेक्टयर सर्वे नं. 2781 रकबा 0.0420 हेक्टेयर सर्वे नं. 2782 रकबा 0.0210 हैक्टेयर कुल किता 11 कुल रकबा 1.3640 हैक्टेयर कस्वा उज्जैन हनुमान बाग दत्त अखाडा उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि पैतृक सम्पत्ति होकर मेरे पक्षकार जितेन्द्र पिता विष्णु माली का सहदायिकी अंश है, और उक्त भूमि का बंटवारा नहीं हुआ है। उक्त संपत्ति पैतृक संपत्ति होकर संयुक्त परिवार की संपत्ति है। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमि पर अपने पिता से अपने हिस्से की मांग की थी किंतु उनके द्वारा मना करने पर मेरे पक्षकार ने एक वाद वास्ते घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा एवं बंटवारा किये जाने हेतु माननीय न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश महोदय कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय में प्रस्तुत किया जो आरसीएस ए नंबर 532/25 का विचाराधीन होकर उक्त वाद मे वादी के पक्ष मे एवं प्रतिवादी अर्थात मेरे पक्षकार के पिता व काका व बुआ के विरूद्ध अस्थायी निषेधाज्ञा दिनांक 24-2-2026 को जारी की गई है और माननीय न्यायालय द्वारा यह आदेश पारित किया गया है कि मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 39 नियम 1 व 2 का स्वीकार किया जाकर मेरे पक्षकार के पक्ष में एवं प्रतिवादीगणों के विरूद्ध इस आशय की निषेधाज्ञा जारी की गई है कि प्रतिवादीगण प्रकरण के निराकरण तक उपरोक्त कृषि भूमि का विक्रय, अंतरित, हस्तांतरित, ऋणग्रस्त व भारग्रस्त करने का प्रयास नही करे। अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था, सहकारी संस्था बैंक आदि उपरोक्त वर्णित कृषि के संबंध मे कोई सव्यवहार नही करे और यदि किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो वह माननीय न्यायालय के आदेश के पालन में मेरे पक्षकार पर बंधनकाकर नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 25-3-2026

**ममता जोशी एडवोकेट**
**चेम्बर नंबर 12 नई कोर्ट परिसर कोठी पैलेस उज्जैन**
**मोबा. 89894-50826**

## न्यूज कॉलम

### बड़े वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, तीन की मौत

**सागर।** सागर के ग्राम सौरई के पास बुधवार रात तेज रफ्तार अज्ञात भारी वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। तीनों की उम्र 22 साल से भी कम है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार, सागर-बंडा रोड पर स्थित ग्राम सौरई में फैक्ट्री के पास हाईवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर में बाइक सवार तीन युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे। हादसे में सिर में गंभीर चोट आने से तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना देख राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर एसडीओपी प्रदीप वाल्मिकी, थाना प्रभारी समेत पुलिस बल मौके पर पहुंचा। मामले की जांच शुरू की। शवों का पंचनामा बनाकर एंबुलेंस की मदद से बंडा अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक क्रमांक एमपी 15 जेडपी 0832 को थाने पहुंचाया है। वहीं बाइक को टक्कर मारने वाला वाहन मौके से फरार हो गया।

### कोटा में 64 साल की महिला के गहने लूटे

**कोटा।** कोटा में 64 साल की बुजुर्ग महिला से बदमाश ने सोने और चांदी के गहने लूट लिए। बदमाश ने धार्मिक डर दिखाकर बुजुर्ग महिला को बातों में उलझा लिया। बदमाश ने महिला को विश्वास में लेने के बाद कहा- मंत्र जाप से पहले शरीर पर पहने सभी आभूषण उतारकर हाथ में रखो, तभी पूजा सफल होगी। सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गया। घटना केशवपुरा स्थित मुक्ति धाम पुलिया के पास की बताई जा रही है। मामला बुधवार शाम 7 बजे दादाबाड़ी थाने के इलाके में हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के बेटे रवि सोनी ने बताया- मेरी मां निर्मला सोनी काल भैरव मंदिर पर दर्शन करने गई थीं। दर्शन कर लौटते समय रास्ते में बदमाश ने उन्हें रोक लिया। उसने कहा कि उनके बेटे और पोते पर बड़ी विपदा आने वाली है और उससे बचने के लिए विशेष मंत्र का 11 बार जाप करना होगा।

### अज्ञात बाइक की टक्कर से दो महिलाएं घायल

**शाजापुर।** शहर के बीकेएसएन कॉलेज के सामने बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। यहां सड़क पार कर रही दो महिलाओं को एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं, जिनका फिलहाल अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, दोनों महिलाएं बीकेएसएन कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग से सड़क पार कर रही थीं, तभी अचानक एक तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों महिलाएं सड़क पर गिरकर घायल हो गईं। घटना के तुरंत बाद वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को संभाला और बिना देरी किए उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही है।

### ट्राले ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवक गंभीर

**शाजापुर।** जिले के लालघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे-52 पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। सनकोटा गांव के पास रॉन्ग साइड (गलत दिशा) से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्राले ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सुबह करीब 11 से 12 बजे के बीच की है। रमन राजावत और कृष्णा राजावत अपनी बाइक पर सवार होकर मझानिया गांव से मक्सी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सनकोटा गांव के समीप सामने से गलत दिशा में आ रहे एक बेकाबू ट्राले ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ट्राले की टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार दोनों युवक उछलकर सड़क पर जा गिरे और उन्हें गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और घायलों को तत्काल चिकित्सा के लिए अस्पताल भेजा गया।

### फूड जोन के 12 फास्ट फूड एवं अन्य दुकानों की जांच

**शाजापुर।** मेला में लगने वाली 12 दुकानों का ग्रीष्म ऋतु तथा आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा राजस्व विभाग के संयुक्त दल द्वारा औचक निरीक्षण कर फूड जोन एवं मेला क्षेत्र के व्यवसायों के तलने के लिए प्रयुक्त कड़ाई के तेल, रंग, मोमोज, कटी हुई सब्जी, फलों, ब्रेड, सॉस, पानी पूरी के पानी, क्रीम, उबले आलू की जांच की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एमके वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान दुकानदारों को कड़ाई का तेल नियमित रूप से बदलने, खाद्य सामग्री ढककर रखने, खाद्य रंग का समिति मात्र में ही उपयोग करने, स्वच्छता से कार्य करने साफ-सफाई रखने, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक स्तर की खाद्य सामग्री का ही उपयोग कर आईसक्रीम, कुल्फी, ज्यूस, सॉफ्टी बनाने, संग्रहण तथा विक्रय करने के संबंधी निर्देश दिए।

## 37 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के 16 समूहों का आठवें चरण में निष्पादन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

आबकारी नीति के प्रावधानों के अनुरूप शाजापुर जिले में प्रथम चरण के तीनों बैचों एवं द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पांचवें, छठवें, सातवें चरण में निष्पादन से शेष रही 37 कम्पोजिट मदिरा दुकानों के 16 समूहों का आठवें चरण में निष्पादन 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला निष्पादन समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से किया जाएगा। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आठवें चरण में 25 मार्च 2026 को प्रातः 10.00 बजे से 26 मार्च 2026 को दोपहर 4.00 बजे तक ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के लिए ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट किए जा सकेंगे। इसी प्रकार 26 मार्च 2026 को दोपहर 4.05 बजे से ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोले जाएंगे। 26 मार्च 2026 को सायं 5.30 बजे से सायं 6.50 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिए जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि) ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि निर्धारित हैं। संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 26 मार्च 2026 को सायंकाल 6.00 बजे (जो भी बाद में हो) ई-टेण्डर खोले जाएंगे।

## पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाह से मची खलबली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

युद्ध के हालातों और उसके कारण भविष्य में पेट्रोल-डीजल की भारी किल्लत होने की एक अफवाह ने शाजापुर शहर में अचानक हड़कंप मचा दिया। लोग संभावित संकट से घबराकर अपनी गाड़ियों की टंकियां फुल कराने के लिए आधी रात को ही सड़कों पर निकल पड़े। आलम यह रहा कि रात 12 बजे शहर के प्रमुख टंकी चौराहा स्थित भारत पेट्रोल पंप पर वाहनों की भारी भीड़ जमा हो गई और लंबी-लंबी कतारें लग गईं। बुधवार की रात सोशल मीडिया और लोगों की आपसी चर्चाओं में यह भ्रामक खबर तेजी से फैली।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार के एकमात्र स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान दो मंजिला ग्राम चिरोला कला तहसील बडनगर जिला उज्जैन मै स्थित है। मेरे पक्षकार के द्वारा उसके स्वामित्व एवं मकान के संबंध में उसके द्वारा न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बडनगर जिला उज्जैन के न्यायालय में एक व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक आर.सी.एस.ए/2/2026 प्रस्तुत किया है। जिसमें मकान का पूर्ण विवरण एवं चतुर्सीमा का उल्लेख है। स्मरण हो कि मेरे पक्षकार ने उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान को किसी भी प्रकार से किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को अंतरण नही किया है। कुछ अज्ञात व्यक्ति मेरे मकान पर जबरन कब्जा करने हेतु प्रयत्नशील है जिसके संबंध में मेरे पक्षकार ने थाना भाटपचलाना एवं तहसीलदार को शिकायत दर्ज कराई गई है। अतः सूचनार्थ यह जाहिर सूचना प्रकाशित की जा रही है।

दिनांकः 25-03- 2026

**एच.ए.खान अधिवक्ता**
**कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन**
**मो. न. 9826083709**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी धनसिंह साहू पिता श्री काशीराम साहू निवासी ग्राम निनोरा तहसील व जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यावसायिक व्यपर्तित भूमि आराजी सर्वे नम्बर-533/1/1/1 रकबा 0.050 हेक्टयर स्थित ग्राम निनोरा तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-34 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त व्यावसायिक व्यपर्तित भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त व्यावसायिक व्यपर्तित भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-25.03.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन मोः 99930 79516-94250 94349**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अभय कुमार पिता श्री मिश्रीलाल यादव उर्फ अजय यादव पिता श्री मिश्रीलाल यादव निवासी 54 अंकपात मार्ग, निकास चौराहा, गली नंबर 2 माधव गोशाला, उज्जैन (म.प्र.) का निवासी हूँ, यह कि, मेरे ड्राईविंग लाईसेंस जो मुझे INDIAN UNION DRIVING LICENSE ISSUED BY MADHYA PRADESH के द्वारा प्रदान किया गया है, उक्त दस्तावेज में मेरा नाम ABHAY YADAV S/O M.L. YADAV है, उक्त नाम मेरा दस्तावेजी नाम है, एवं मेरा आधार जो भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा जारी एंव आयकर विभाग द्वारा जारी पेन उक्त दोनो दस्तावेजों में मेरा बोलता नाम AJAY YADAV S/O MISHRILAL YADAV है एवं मेरे स्वामित्व एवं आधिपत्य की सपंत्ति जिसका नगर पालिका निगम गृह क्रमांक 10, पुराना नंबर 5/373 में का भाग, स्थित धोबी गली, काछीवाडा, उज्जैन में स्थित है जिसका दस्तावेज क्रमांक 1828 दिनांक 04/10/2010 है, उक्त संपत्ति में मेरा नाम अभय कुमार पिता श्री मिश्रीलाल जी यादव दर्ज है, इस हेतु मैं यह प्रमाणित करता हूँ कि मेरा दस्तावेजी ABHAY YADAV S/O M.L. YADAV है एंव मेरा मुँह बोला बोलता नाम AJA ADAV S/O MISHRI-LAL YADAV है उक्त दोनो नाम मेरे ही है, मैं उक्त संपत्ति को मैं बेचना चाहता हूँ, यह दोनो नाम मेरे होकर एक ही व्यक्ति के है तथा मैं दोनों नाम से जाना व पहचाना जाता हूँ।

अतः उक्त नाम से सम्बधित किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस सूचना से 3 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति दैनिक अवंतिका में पेपर प्रकाशन के माध्यम से प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात में इस जाहिर सूचना के आधार पर उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र निष्पादित कर दूंगा उसके पश्चात कोई आपत्ति आदि मान्य नही होगी।

इति दिनांक 25/03/2026 स्थान उज्जैन

**अभय कुमार पिता श्री मिश्रीलाल यादव उर्फ अजय यादव पिता श्री मिश्रीलाल यादव निवासी 54 अंकपात मार्ग, निकास चौराहा, गली नंबर 2 माधव गोशाला, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबाईल नंबर 9827293536**

### जाहीर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी मैरे पक्षकार ने भूमि स्वामी भेरुलाल पिता धूला जी जाति बलाई निवासी ग्राम घटिटया तहसील घटिटया जिला उज्जैन से भूमि सर्वे क्रमांक 162/1 रकबा 0.76 हैक्टर कुल किता 01 रकबा 0.76 हैक्टर स्थित ग्राम घटिटया तहसील घटिटया जिला उज्जैन में स्थित होकर से सौदा चिट्ठी संपातिद कर बयाना राशि भी प्राप्त कर ली है अनुबंध पत्र भी समय अवधि में संपादित करवा लिया जावेगा। एवं समय अवधि में पंजीयन भी पूर्ण करवा दिया जावेगा।

यह कि उक्त अनुबंधित भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार मे कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कायार्लीयन समय मे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मैरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो-

इति दिनांक-25-03-2026

**विष्णु राईया**
**सर्विस प्रोवाईडर ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो.नं.-75664-70288**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामीगण 1. श्री ज्ञानेश्वर तिवारी पिता श्री बी.पी. तिवारी, 2. कुहुक तिवारी पिता श्री ज्ञानेश्वर तिवारी, निवासीगण ए-66, मंदाकिनी बस्ती, कोलार मार्ग भोपाल म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक अ-8/5, स्थित उज्जैन विकास प्राधिकरण की " त्रिवेणी विहार योजना" में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 216.00 वर्गमीटर है, उक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है, अब अनुबंध-पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड का अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो।

इति दिनांक-25/03/2026, उज्जैन

**मोनिका सिंह, एडवोकेट**
**ऑफिस-सीएफ 10, भरतपुरी, उज्जैन**
**मो. नम्बर 98263 42244**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री प्रीति पाण्डेय पति सतीश पाण्डेय निवासी 34 यूनिवर्सिटी रोड उज्जैन को फर्म बीसीएम इंदौर कार्यालय बीसीएम हाइट्स श्री बालचंद मेहता मार्ग इंदौर म.प्र., उज्जैन कार्यालय गंगेडी उज्जैन-इंदौर रोड उज्जैन म.प्र. द्वारा भूखंड क्रमांक 1134 जो कि शांति महालोक कॉलोनी उज्जैन में है, आवंटित किया गया है। उपरोक्त आवंटित भूखंड की मूल रसीद क्रमांक जीके 0133 दिनांक 30-7-2024 जो कि दिनांक 19-3-2026 को गुम हो गई है जिसकी सुचना मेरे पक्षकार द्वारा सम्बन्धित पुलिस स्टेशन में व डेवलपर / फर्म के कार्यालय में भी दी गई है। उक्त वर्णित भूखंड क्रमांक 1134 की रसीद क्रमांक जीके 0133 के आधार पर कोई भी व्यक्ति / संस्था आदि किसी भी प्रकार का क्रय / अंतरण व्यवहार न करे` यदि कोई भी व्यक्ति ऐसा करता है तो उसका सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित क्रय कर्ता का होकर अवैध और प्रभावहीन रहेगा जो मेरे पक्षकार पर किसी भी तरह से बंधनकारक नहीं होगा` यह सूचित हो। इति दिनांक 25-3-2026

**हितेश थानी (अधिवक्ता)**
**कार्या.50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड (न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन**
**मो. 8817888422**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि भूमि स्वामी विभव पिता कोशलेन्द्र पाठक, निवासी ग्राम चितामन जवासिया तहसील व जिला उज्जैन के एकांकी स्वत्व स्वामित्व की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 94 रकबा 0.69 हैक्टर भूमि स्थित ग्राम चिंतामन जवासिया, तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जिसको मेरे पक्षकार ने से क्रय करने का सौदा तय कर अनुबंधपत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है। अब सिर्फ विक्रय पत्र का संपादन कराना शेष है।

अतः उक्त वर्णित भूमि पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भूमि में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो यह इस जाहिर सूचना से 3 (तीन) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा म्याद के गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भूमि की विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे फिर किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 25-03-2026 स्थान उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडव्होकेट**
**दुकान नंबर सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर-99264-66157**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा ग्राम नानुखेडा पटवारी हल्का नम्बर 00133 तह. तराना जिला उज्जैन में स्थित सर्वे नम्बर 95/1/1 रकबा 0.72 हेक्टर कृषी भुमि आशीष देवड़ा पुत्र सुभाषचन्द्र देवडा जाति तैली निवासी कृषक ग्राम नानुखेड़ा तह. तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व एंव आधिपत्य कि स्थित है। जिसके पूर्व में सर्वे नम्बर 94/1/1 कि भुमि पश्चिम में शासकिय कांकड़ उत्तर में सर्वे नम्बर 95/1/2 की भुमि तथा दक्षिण में सर्वे नम्बर 96/1/98 कि भुमि स्थित है। उक्त चतुर्सीमता में वर्णित कृषी भूमि को विक्रेता आशीष देवड़ा द्वारा क्रेता उस्मान पटेल पिता शरीफ पटेल जाति नायता निवासी ग्राम नलेश्री तह. तराना जिला उज्जैन द्वारा कृय किया गया है। जिसका आंशिक बयाना भी अदा कर दिया गया है। जिस किसी को भी उक्त वर्णित बिक्रित सम्पत्ति सम्बन्धीत लेख या दस्तावेज हो शासकिय अर्द्धशासकिय लेन देन हो. या किसी प्रकार का उक्त सम्पत्ति पर कर्ज या टेक्स बकाया हो या उक्त भुमि संबंधित कोई आपत्ति हो, तो मय मूल दस्तावेज मेरे कार्यालय में उपस्थित हो कर आज दिनांक से 7 दिवस के अन्तराल में आपत्ति दर्ज करा सकता है। 7 दिन के बाद कोई आपत्ति मान्य नही कि जावेगी।

दिनांक : 25.03.2026

**कार्यालय एड्व्होकेट**
**मिर्ज़ा असद बैग**
**कोर्ट परीसर तराना जिला उज्जैन**
**मोबा. 7415348079**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण (1) श्री शरद गोयल, पिता श्री लक्ष्मण लाल गोयल एवं (2) श्रीमती रेखा गोयल, पति श्री शरद गोयल, निवासीगण 53/1 शिकारी गली, उज्जैन (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखंड क्रमांक 35 मनी विहार एक्सटेंशन, ग्राम चिंतामण जवासिया, तहसील एवं जिला उज्जैन (म.प्र.) स्थित है, जिसे मेरे पक्षकारगण द्वारा पूर्व स्वामी अनिल बौरासी, पिता स्व. राजकुमार बौरासी से विधिवत निष्पादित एवं पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022025ए1040813 दिनांक 20/01/2025 के माध्यम से क्रय किया गया है तथा उक्त दिनांक से ही संपत्ति पर उनका निर्विवाद, पूर्ण एवं शांतिपूर्ण स्वामित्व एवं आधिपत्य स्थापित है; यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त मूल विक्रय पत्र के अंतिम 4 पृष्ठ भूलवश गुम हो जाने के कारण, समुचित प्रयासों के उपरांत प्राप्त न होने पर, मेरे पक्षकारगण द्वारा उसकी विधिवत प्रमाणित प्रति प्राप्त कर ली गई है, जो विधि अनुसार पूर्णतः वैध एवं ग्राह्य है; साथ ही मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त संपत्ति के व पंजीकृत विक्रय पत्र कि प्रमाणित प्रति के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक में ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यह स्पष्ट रूप से अभिलिखित किया जाता है कि उक्त संपत्ति किसी भी प्रकार के गिरवी, बंधक, भार या अन्य किसी दावे से पूर्णतः मुक्त है; अतः यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय निकाय, फर्म, शासकीय, अर्धशासकीय अथवा अन्य किसी को उक्त संपत्ति के संबंध में या विक्रय पत्र के संबंध में या ऋण के संबंध में कोई दावा, आपत्ति या अधिकार हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर समस्त प्रामाणिक दस्तावेजों सहित लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय पते पर प्रस्तुत करे, अन्यथा निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा तथा यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पूर्णतः निष्कंटक, विवादमुक्त एवं मेरे पक्षकारगण के स्वामित्वाधीन है, और भविष्य में कोई भी दावा या आपत्ति विधि अनुसार अस्वीकार्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित दावेदार की स्वयं की होगी` यह सूचित हो।

**अधिवक्ता अर्पित जैन**
**मोबाइल नंबर :- 9424892418**
**कार्यालय :- 94 संत नगर सांवेर रोड उज्जैन (म.प्र.)**

### जाहीर सूचना

**भूमि सर्वे कमांक 200 रकबा 4.890 हेक्टेयर ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन के संबंध में**

मेरे पक्षकार पियुष पहाड़िया पिता बसंतीलाल जी पहाड़िया निवासी 15, आशिष नगर, इन्दौर की ओर से सर्व साधारण को सूचित व सावधान किया जाता है कि **मुकेश कुमार जैन पिता प्रभुलाल जैन निवासी 167/2, सेठी नगर उज्जैन** द्वारा अपने स्वत्व व स्वामित्व की उपरोक्त उल्लेखीत भूमि सर्वे क्रमांक 200 रकबा 4.890 हेक्टेयर स्थित ग्राम चंदेसरा को लिखित अनुबंध दिनांक 13.07.2024 के माध्यम से मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय हेतु अनुबंधित किया गया है एवं विक्रय मूल्य भाग भुगतान की राशि भी प्राप्त कर ली गई है। अनुबंध की शर्तों के तहत विक्रय पत्र संपादन हेतु दिनांक 09.10.2025 तय हुई किंतु उक्त मुकेश कुमार उक्त दिनांक को विक्रय पत्र पंजीयन हेतु उपस्थित नहीं हुए। साथ ही उनके द्वारा मेरे पक्षकार के साथ धोखाधड़ी करते हुए मेरे पक्षकार के पक्ष में अनुबंधित भूमि का विक्रय पत्र दिनांक 30.05.2025 को ही **परफेक्ट हाईटेक एल.एल.पी. द्वारा अधिकृत नामित भागीदार मोहनलाल चुघ पिता ताराचंद चुघ** के पक्ष में संपादित कर दिया है।

**मेरे पक्षकार को उक्त तथ्य की जानकारी प्राप्त होते ही मेरे पक्षकार द्वारा श्रीमान प्रधान जिला जज महोदय उज्जैन के न्यायालय में अनुबंध के विनिर्दिष्ट अनुपालन, स्थाई निषेधाज्ञा एवं विक्रय पत्र शून्य घोषित करवाने हेतु एक वाद क्रमांक 11 ए/2026 प्रस्तुत किया गया है।**

तत्पश्चात मेरे पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त परफेक्ट एल.एल.पी. द्वारा अधिकृत नामित भागीदार मोहन लाल चुघ पिता ताराचंद चुघ द्वारा उक्त भूमि को **सिक्योर प्रोपर्टिज प्राईवेट लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय 202, द्वितीय मंजिल, 40 विश्व विद्यालय मार्ग देवास रोड़ उज्जैन को विक्रय पत्र दिनांक 12.11.2025 के माध्यम से विक्रय की गई है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सिक्योर प्रोपर्टिज प्राईवेट लिमिटेड को भी न्यायालय में पक्षकार के रूप में संयोजित करने हेतु कार्यवाही की गई है।**

वर्तमान में मेरे पक्षकार को यह जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त **सिक्योर प्रापर्टिज प्राईवेट लिमिटेड द्वारा उक्त भूमि पर ओमेक्स** के नाम से कॉलोनी विकास करने का प्रयास कर जन साधारण को उक्त कॉलोनी में प्लॉट विक्रय करने हेतु प्रयासरत है। उक्त मुकेश कुमार जैन द्वारा मेरे पक्षकार को उक्त भूमि विक्रय हेतु अनुबंधित करने के पश्चात विक्रय पत्र संपादन की दिनांक के पूर्व ही धोखाधड़ी पूर्वक अन्यत्र विक्रय कर दी गई। वर्तमान में उक्त भूमि न्यायालयीन वाद की विषय वस्तु है तथा उक्त भूमि के संबंध में माननीय न्यायालय में प्रकरण भी लंबीत है।

अस्तु सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति या संस्था उक्त सिक्युर प्रोपार्टिज प्राईवेट लिमिटेड द्वारा **ओमेक्स** के नाम से उक्त सर्वे क्रमांक की भूमि पर देवास गरोठ रोड़ पर विकसित की जा रही कॉलोनी में कोई भूखण्ड का क्रय विक्रय न करें। ऐसा कोई भी संव्यहवार मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं होगा। उक्त भूमि के संबंध में किया गया कोई भी संव्यवहार मेरे पक्षकार के हितों के मुकाबले अवैध एवं शून्य होगा तथा ऐसे संव्यवहारकर्ता के विरूद्ध भी न्यायालयीन कार्यवाही की जाएगी। सो सूचित हो।

इति दिनांकः 25/03/26

**अजय जैन गिरिया**
**02. श्री विशाला देवास रोड, उज्जैन**
**मो. 9009000915**

न्यूज-कॉलम

## औचक निरीक्षण में चार कर्मचारी नदारद मिले

**मन्दसौर।** नगर पालिका के सीएमओ प्रेम कुमार सुमन ने स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को बेहतर रैंकिंग दिलाने और सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर नगर के खानपुरा क्षेत्र के वार्ड क्र. 32 व 33 और जनकुपुरा क्षेत्र के वार्ड क्र. 19 व 20 में पहुंचकर सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने संबंधित वार्डों के सफाई दरोगाओं से चर्चा की और दोपहर की पाली में कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए हाजिरी रजिस्टर की जांच की। जांच के दौरान हाजिरी रजिस्टर में चार कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए, जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए श्री सुमन ने संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सीएमओ के साथ प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी हेमचंद शर्मा और गैरेज सहायक जाकिर भाई भी मौजूद रहे।

## किसान की करंट लगने से मृत्यु हो गई

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना क्षेत्र में एक किसान की करंट लगने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग की जांच पर आरोपी खेत मालिक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा शामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बधुनिया में १७ फरवरी को घटित हुआ था। पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी प्रेमेन्द्रसिंह राजपूत निवासी बधुनिया ने अपने खेत की मेड़ पर चोरों तरफ विद्युत तार डालकर लापरवाही पूर्वक छोड़ दिया जिससे मानवेन्द्रसिंह निवासी बधुनिया को करंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई।

## सरस्वती शिशु मंदिर का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ

**पिपलिया मंडी।** जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत ग्राम सनवदा सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा पंचम एवं अष्टम का परिक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए आचार्य श्रीमती अर्चना नागर ने बताया कि विद्यालय का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहने पर विद्यालय एवं अभिभावक परिवार ने सभी बच्चों को बधाई शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आलोट में निकली विशाल चुनरी यात्रा

**आलोट।** चैत्र नवरात्रि के पावन मौके पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर में विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई चुनरी यात्रा शीतला माता मंदिर से प्रारंभ हुई इसमें माताओं बहनो एवं युवाओं ने माता की चुनरी को सर पर लेकर नगर के प्रमुख मार्ग से निकले चुनरी यात्रा का नगर में जगह-जगह पर धर्म प्रेमी लोगों ने स्वागत किया यात्रा दक्षिणेश्वरी कालिका मंदिर पहुंची जहां माता को विशाल चुनरी उड़ाई गई साथ ही महारथी एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया।

## भोजखेड़ी गौशाला हेतु दिग्विजय सिंह ने दी राशि

**आलोट।** ग्राम भोजखेड़ी स्थित श्री देवनारायण गोशाला में टीन शेड निर्माण के लिए पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य सभा सांसद दिग्विजय सिंह अपनी निधि से 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है। इस सम्बन्ध में उन्होंने रतलाम कलेक्टर को पत्र भेजा है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में देवनारायण गौशाला संरक्षक कुलदीप सिंह परिहार और गोशाला समिति के सदस्यों ने पूर्व मुख्यमंत्री सिंह से भेंट कर गोशाला संचालन की जानकारी देते हुए सहयोग राशि के लिए मांग पत्र सौंपा था। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री सिंह ने राशि की स्वीकृति दी है।

## खाद्य तेल की जांच टीपीसी मशीन प्रारम्भ

**नीमच ।** रेल यात्रियों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने की दिशा में रतलाम मंडल द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। रेलवे स्टेशनों पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने तथा तलने में उपयोग किए जाने वाले तेल की नियमित जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टीपीसी मशीनों का उपयोग प्रारंभ किया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्यद प्रबंधक श्रीमती हीना वी. केवलरामानी के निर्देशन में यह नवाचार आरंभ किया गया है जो शुद्ध भोजन उपलब्ध कराने में काफी उपयोगी साबित होगा।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777

पुलिस की सायबर सेल ने विशेष अभियान चलाते हुए

# 20 लाख रुपए कीमत के 100 गुम हुए मोबाइल वास्तविक मालिकों को सौंपे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



जिले में पुलिस की सायबर सेल ने विशेष अभियान चलाते हुए करीब 20 लाख रुपए कीमत के 100 गुम हुए मोबाइल फोन तलाश कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए हैं। बुधवार दोपहर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने लोगों को उनके मोबाइल लौटाए।

सायबर सेल ने इन मोबाइलों को पोर्टल के माध्यम से तकनीकी जांच कर ट्रेस किया और रतलाम सहित 7 अलग-अलग जिलों से बरामद किया है। पुलिस ने जांच में पाया कि ये मोबाइल रास्ते में गिरे थे जिन्हें दूसरे लोग इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि लावारिस या गिरा हुआ मोबाइल मिलने पर उसे पास के थाने में जमा कराएं, ऐसा करने वालों को पुलिस द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा।

एसपी अमित कुमार ने बताया कि गुम हुए मोबाइल की शिकायतों के चलते एक विशेष अभियान चलाया गया था। सायबर सेल ने पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोन की तकनीकी जांच कर उन्हें ट्रेस किया। बरामद किए गए ये मोबाइल फोन रतलाम, इंदौर, धार, मंदसौर, नीमच, उज्जैन और झाबुआ समेत विभिन्न स्थानों से प्राप्त किए गए हैं। बुधवार को जब लोगों को उनके मोबाइल दिए गए तो सभी के चेहरे पर खुशी थी। इस दौरान एएसपी विवेक कुमार लाल, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया एवं साइबर टीम मौजूद थी। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई है कि अधिकांश मोबाइल फोन अलग-अलग व्यक्तियों को रास्ते में गिरे हुए मिले थे। मोबाइल मिलने के बाद संबंधित लोगों ने पुलिस को सूचना देने के बजाय अनजाने में उनका उपयोग करना शुरू कर दिया था। पुलिस द्वारा ट्रेसिंग के बाद ऐसे व्यक्तियों से मोबाइल जब्त किए गए और उन्हें समझाइश दी गई है कि भविष्य में किसी का मोबाइल मिलने पर उसे तुरंत निकटतम थाने में जमा कराएं।

पुलिस की अपील- फोन मिलने पर थाने में जमा कराएं, मिलेगा इनाम इस कार्रवाई के बाद रतलाम पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को कोई गुम हुआ मोबाइल फोन मिलता है, तो उसे अपने पास ना रखें। पुलिस ने कहा है कि उस मोबाइल को निकटतम पुलिस थाने में जमा कराएं। ऐसा करने वाले ईमानदार व्यक्तियों को पुलिस द्वारा उचित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# पेट्रोल-डीजल की किल्लत की अफवाहों के चलते पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भारी भीड़

## कलेक्टर ने कहा कि घबराये नहीं जिले में पर्याप्त उपलब्धता

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



मन्दसौर शहर सहित पूरे जिले में पेट्रोल-डीजल की किल्लत व कीमतों में बदलाव की अफवाह के चलते पेट्रोल पंपों पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंगलवार रात से शुरू हुआ यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा, जिससे कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित हो गई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कुछ पेट्रोल पंप संचालकों को पुलिस के बैरिकेड्स लगाने पड़े, तो कहीं मशीनों के अत्यधिक गर्म होने और स्टाफ की थकान के कारण पंपों को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए विभिन्न पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया और नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की। कलेक्टर अदिती गर्ग ने उन्होंने जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के सभी पेट्रोल पंपों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। कहा है कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है तथा आपूर्ति पूरी तरह से सुचारू रूप से जारी है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पेट्रोल पंपों की नियमित चेकिंग सुनिश्चित की गई है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

वहीं प्रशासन और जिला आपूर्ति विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में ईंधन की कोई कमी नहीं है। जिला आपूर्ति अधिकारी नारायण चंद्रावत के अनुसार, जिले के 181 पेट्रोल पंपों पर वर्तमान में पेट्रोल व डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और तेल कंपनियों से आपूर्ति भी निरंतर जारी है। हालांकि, भारी भीड़ के कारण कुछ पेट्रोल संचालकों ने दोपहिया वाहन चालकों को केवल 1 लीटर पेट्रोल देना शुरू कर दिया था ताकि सभी को ईंधन मिल सके। अधिकारियों ने जनता से अनुरोध किया है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण न करें। प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सभी नागरिकों को उनकी आवश्यकता के अनुसार पेट्रोल-डीजल मिलता रहेगा।



## श्री पशुपतिनाथ मंदिर की दान पेटी से 2.27 लाख का दान

**मंदसौर ।** विश्व प्रसिद्ध भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर में दान पात्रों से निकली दान राशि की दो दिवसीय गणना का कार्य बुधवार को संपन्न हुआ। मंदिर में भक्तों ने मुक्त हस्त से दान अर्पित किया है, जिसके परिणाम स्वरूप दो दिनों की अवधि में कुल 24 लाख 27 हजार 670 रुपये की राशि प्राप्त हुई है। गणना के विवरण के अनुसार, प्रथम दिन यानी 24 मार्च को 14 लाख 15 हजार 700 रुपये प्राप्त हुए थे, वहीं दूसरे दिन 25 मार्च को 10 लाख 11 हजार 970 रुपये की दान राशि निकली। नकद राशि के अतिरिक्त मंदिर के भंडार में बहुमूल्य धातुओं का भी अर्पण हुआ है, जिसमें लगभग 140 ग्राम चांदी के विभिन्न छोटे-बड़े आभूषण व सामग्रियां और 10 ग्राम सोने के आइटम शामिल हैं। पशुपतिनाथ महादेव के प्रति आस्था केवल देश तक ही सीमित नहीं रही, बल्कि अन्य देशों से आए श्रद्धालुओं ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। दान पेटी से विदेशी मुद्रा में नेपाल के 2 सिक्के, ग्रीक के 10 के दो नोट, थाईलैंड का 100 का नोट, संयुक्त अरब अमीरात का 10 का नोट और कतर का 10 रियाल का नोट मिला है।



## तुलजा भवानी माताजी को 51 फीट लंबी चुनरी अर्पित की

**नीमच।** शहर के क्षत्रिय मराठा समाज नीमच द्वारा माँ तुलजा भवानी जी को 51 फीट लंबी चुनरी अर्पण का आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज के सक्रिय सदस्य एवं उपाध्यक्ष कमल राव शिंदे द्वारा विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ माँ को 51 फीट लंबी चुनरी अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सायं 7 बजे हुआ, जिसके पश्चात 7.30 बजे आरती का आयोजन किया गया। आरती के दौरान पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया, जहाँ उपस्थित श्रद्धालुओं ने माँ के जयकारों के साथ भक्ति में लीन होकर आरती में सहभागिता की। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन, युवा वर्ग, मातृशक्ति एवं बच्चे बड़ी संख्या में परिवार सहित उपस्थित थे।कार्यक्रम के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया ।

## हनुमान जन्मोत्सव पर 151 ढोल और 251 दीपकों से होगी महाआरती

**मन्दसौर।** स्थानीय पुराने बस स्टैंड स्थित सुप्रसिद्ध श्री बड़े बालाजी मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव का पर्व इस वर्ष अभूतपूर्व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। मंदिर समिति द्वारा घोषित कार्यक्रमों के अनुसार, 28 मार्च से 19 अप्रैल तक चलने वाले इस त्रि-साप्ताहिक अनुष्ठान में भक्ति और साहित्य का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। 2 अप्रैल को मुख्य पर्व पर 151 ढोल, नगाड़ों, शहनाई और आकर्षक आतिशबाजी के बीच 251 दीपकों से भगवान की शाही महाआरती उतारी जाएगी। उत्सव के अगले चरण में 18 अप्रैल को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा, जिसमें देवास के प्रसिद्ध कवि शशिकांत यादव को पंडित रामनारायण शर्मा काव्यालंकरण से सम्मानित किया जाएगा। मुन्ना बैटरी के सूत्रधारत्व में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में देश के प्रतिष्ठित कवि अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे। मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा, प्रवक्ता रवि ग्वाला एवं समस्त पदाधिकारियों ने धर्मप्रेमी जनता से इस दिव्य महोत्सव में सहभागी बनने की अपील की है।



## जैएसजी मेन संगिनी की रजनी पंचोली अध्यक्ष और मनीषा गर्ग बनीं सचिव



मनीषा गर्ग



रजनी पंचोली

**मन्दसौर।** जैन सोशल ग्रुप मन्दसौर मेन संगिनी की आगामी सत्र के लिए नई टीम की घोषणा संस्थापक अध्यक्ष अनीता बाफना ने की जिस अनुसार नई कार्यकारिणी में रजनी पंचोली का अध्यक्ष और मनीषा गर्ग को सचिव पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को मजबूती देने के लिए अंजलि मेहता को उपाध्यक्ष, अनिता मुरड़िया को कोषाध्यक्ष, श्वेता अग्रवाल को सहसचिव और आशा तलेरा को प्रवक्ता मनोनीत किया गया है। साथ ही डॉ. आरती जैन को संरक्षिका के रूप में नियुक्त किया गया है।

## बूढ़ा के पंद्रह वर्षों तक सरपंच एवं जनपद सदस्य रहे हसनअली का निधन



**पिपलिया मंडी।** जनपद पंचायत मल्हारगढ़ अंतर्गत बूढ़ा गांव के लगातार पंद्रह वर्षों से सरपंच एवं जनपद पंचायत मल्हारगढ़ के सदस्य रहे कांग्रेस के कद्दावर नेता हसनअली का बुधवार को 82 वर्ष की आयु में निधन होगया।प्रातः 10.30 बजे उनके निवास से निकले जनाजे में ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष लियाकत मेव ने सम्मलित होकर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजन एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।इसी प्रकार जिला कांग्रेस के अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर,कांग्रेसनेता परशुराम सिसौदिया ने भी हसनअली के निधन को क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षति बताते हुवे गहन दुख प्रकट किया है।

## आलोट में गहराया पेट्रोल संकट दो पंप हुए ड्राई, अन्य पर लगी लंबी कतारें

**आलोट।** इजरायल - ईरान युद्ध के चलते मंगलवार को अचानक पेट्रोल डीजल की कमी आने की अफवाहों का दौर चला और पैट्रोल पंपों पर वाहनों की कतार लग गई देर रात तक लोग पेट्रोल डीजल के लिए पंपों पर जाने लगे। बुधवार दोपहर को ही नगर के दो प्रमुख पेट्रोल पंपों पर स्टॉक खत्म होने करण ताले लटक गए हैं इसके बाद अन्य पेट्रोल पंप लंबी-लंबी वाहनों की लाइन लग गई है अफरा तफरी का माहौल बन गया हालांकि आलोट पुलिस में मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला । वहीं ताल रोड पर शंखेश्वर फ्युल पर आसानी से पेट्रोल डीजल उपलब्ध हो रहा था यहां प्रशासन के निदेर्शानुसार पेट्रोल एवं डीजल वाहनों में भरा जा रहा है। स्टेशन रोड स्थित भारत पेट्रोलियम पंप तथा विक्रमगढ़ फाटक स्थित हिंदुस्तान पैट्रोलियम के पंप पर स्टॉक खत्म होने के कारण ताले लटक गए स्थानीय प्रशासन ने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वाहनों के अलावा किसी भी केन में डीजल पेट्रोल नहीं भरे और वाहनों को भी सीमित मात्रा में डीजल पेट्रोल दे ताकि सभी को मिल सके।

# इंदौर - दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में महत्वपूर्ण प्रगति

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल अंतर्गत बहुप्रतीक्षित इंदौर- दाहोद नई रेल लाइन परियोजना के निर्माण कार्य में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। परियोजना के अंतर्गत पीथमपुर से धार के बीच 38.26 किलोमीटर लंबे रेलखंड में ट्रैक बिछाने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस रेलखंड पर विद्युतीकरण एवं सिगनलिंग कार्य भी तीव्र गति से प्रगति पर है।

साथ ही पीथमपुर, सागौर, गुणावद एवं धार स्टेशनों पर स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, सकुर्लेटिंग एरिया एवं कवर शेड सहित विभिन्न आधारभूत सुविधाओं का निर्माण कार्य शीघ्रता से किया जा रहा है। परियोजना के तहत टीही के समीप स्थित टनल का निर्माण कार्य भी अपने अंतिम चरण में है तथा ट्रैक डालने का कार्य प्रगति पर है, जो इस रेल लाइन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। ट्रैक बिछाने एवं ट्रैक मशीन द्वारा पैकिंग कार्य पूर्ण होने के उपरांत 23 एवं 24 मार्च को प्रारंभिक परीक्षण किए गए।

मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) विनीत गुप्ता के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में पीथमपुर से धार के बीच 25 मार्च सफल इंजन(टॉवर वेगन) ट्रायल संचालित किया गया। इस ट्रायल के दौरान टॉवर वेगन के माध्यम से से 38.26 किलोमीटर की दूरी 54 मिनट में तय की गई, जो ट्रैक की गुणवत्ता एवं कार्य की प्रगति का प्रमाण है। इस ट्रायल में टॉवर वेगन की अधिकतम गति लगभग 50 किलोमीटर प्रति घंटा रही।

## सर्वसुविधायुक्त ऑडिटोरियम का डिप्टी सीएम ने किया भूमिपूजन

**मन्दसौर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) मंदसौर में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने बुधवार को 1 करोड़ 86 लाख 27 हजार रुपये की लागत से बनने वाले इस सर्व सुविधायुक्त ऑडिटोरियम का विधिवत भूमिपूजन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, विधायक विपिन जैन, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया और कलेक्टर अदिति गर्ग सहित अन्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने कहा कि डाइट के छात्र अपनी प्रतिभा से प्रदेश की पहचान बनें और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि संस्थान में इस ऑडिटोरियम की लंबे समय से आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जो अब साकार होने जा रही है। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि यदि आवश्यकता हो तो संशोधित प्राक्कलन प्रस्तुत किया जाए, ताकि सुविधाओं में कोई कमी न रहे। महोत्सव के दौरान राज्य स्तरीय ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# पेट्रोल डीजल कमी की अफवाह , अफरा तफरी में पम्प पर लगी लंबी कतारें

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच



शहर में मंगलवार दोपहर बाद पेट्रोल डीजल खत्म होने की अपवाह के चलते मंगलवार शाम तक पूरे शहर के वहां पेट्रोल पंप पर कतारबद्ध नजर आए । पेट्रोल-डीजल की किल्लत की चर्चा और अफवाह से आम जन घबराहट में आ गया रात 8 बजे तक शहर भर के दो पहिया चार पहिया वाहन पेट्रोल पंप पर कतार में लग गये। कुछ ही देर में पेट्रोल पंपों पर भीड़ का सैलाब उमड़ पड़ा। हालात यह रहे कि लोग बोतल और डिब्बे लेकर भी ईंधन भरवाने पहुंच गए, जबकि सड़कों पर लंबी कतारों के कारण यातायात भी प्रभावित हुआ। प्रशासन को मौके पर उतरकर स्थिति संभालनी पड़ी, वहीं देर रात तक अफवाह और हकीकत के बीच लोगों में असमंजस बना रहा।

देश के अन्य राज्यों व शहरों से नीमच तक पहुंची अफवाह के बाद शाम होते-होते शहर और आसपास के इलाकों में यह चर्चा तेजी से फैल गई कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के चलते भारत में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसी के साथ यह बात भी जोड़ दी गई कि स्थानीय स्तर पर पंपों का स्टॉक खत्म होने वाला है और अगले कुछ दिनों में ईंधन मिलना मुश्किल हो जाएगा। संयुक्त वर्ष पुलिस वेलफेयर पंप और नागौरी पेट्रोल पंप पर कुछ घंटे के लिए स्टॉक खत्म भी हो गया था। देखते ही देखते यह अफवाह आग की तरह फैल गई और लोग बिना सोचे किए ही पेट्रोल पंपों की ओर दौड़ पड़े। नतीजा यह हुआ कि सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक भीड़ पंपों पर उमड़ उमड़ गई। दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी लाइन लग गई द्य कुछ स्थानों पर स्थिति इतनी बिगड़ गई कि पंपों के बाहर जाम जैसे हालात और यातायात व्यवस्था बिगड़ने की स्थिति में पुलिस और प्रशासन ने मुश्किल जी से मोर्चा संभाला द्य तभी मीडिया में एक संदेश प्रसारित कर कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने भी पूरे मामले पर स्पष्ट रुख कर कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति उज्जैन (म0प्र0)**

Email- awmmpujj@nic.in दूरभाष नंबर - 0734-2562292

क/मंडी/निर्माण/2025–26/3916 उज्जैन दिनांकः–24.03.2026

**"निविदा आमंत्रण सूचना"**

कृषि उपज मंडी समिति उज्जैन द्वारा ई–टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट आपरेट एण्ड ट्रान्सफर (बी.ओ.टी) आधार पर तौलकांटा स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर दिनांक 15.04.2026 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी ऑनलाईन पोर्टल http-// mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

| सिस्टम टेण्डर क | इलेक्ट्रॉनिक तौलकांटा स्थापना का स्थान | तौलकांटे की क्षमता | न्यूनतम वार्षिक प्रीमियम (राशि रूपये) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_MPSAM_493175_1 | अनाज मंडी प्रांगण कृषि उपज मंडी समिति उज्जैन | 10 मे.टन | 75000/– | 100000/– | 1000/– |

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति
उज्जैन

अध्यक्ष/भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति
उज्जैन



## केवट समाज ने निकाला चल सामरोह निषादराज देव की जयंती मनाई

**शुजालपुर।** सिटी क्षेत्र में सोमवार को मांझी केवट समाज शुजालपुर ने अपने आराध्य देव निषादराज की जयंती उत्साह के साथ मनाई। जयंती अवसर पर समाजजनों ने जमधड़ नदी के किनारे स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर से दोपहर को चल समारोह निकाला। जिसमें भगवान निषादराज की झांकी को आकर्षक रूप से सजाकर पालकी में विराजित किया गया। यह चल समारोह बस स्टेंड सिटी,महांकाली मंदिर चौराहा, बडा बाजार, छोटा बाजार से गुजरा। इस दौरान विभिन्न संगठनों ने पुष्प वर्षा कर चल समारोह में शामिल समाजजनों का अभिनंदन किया। चल समारोह उपरांत महाआरती व प्रसादी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बडी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

## पाठशाला के बच्चों ने की धार्मिक यात्रा



**बडनगर।** राजेंद्र जयंत पाठशाला के बच्चों शिक्षकों एवं समिति के सदस्यों द्वारा प्रसिद्ध जैन तीर्थ अभ्युदयपुरम एवं हासमपुरा की यात्रा की। इस यात्रा के दौरान बच्चों द्वारा प्रभु पूजा, आरती, अष्टप्रकारी पूजन की गई साथ ही पाठशाला के बच्चों द्वारा ही प्रभु आरती एवं अन्य बोलियां बढ़-चढ़ कर लेकर अपनी प्रभु भक्ति एवं समर्पण का परिचय दिया। इस यात्रा के दौरान बच्चों के गेम्स एवं धार्मिक प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। जिसमें सभी बच्चों ने भाग लिया तथा विजेता बच्चों को समिति ने पुरस्कृत किया गया। सभी बच्चों ने धार्मिक यात्रा में अपने अनुभव साझा करते हुए पाठशाला में संस्कारों का ग्रहण किस प्रकार हो एक दूसरे को बताए साथ ही यह शपथ ग्रहण की गई की पाठशाला में एकाग्रता से पढ़ाई करने का संकल्प लिया। पाठशाला समिति के सदस्य संजय औरा ने बताया कि प्रतिवर्ष बच्चों को इस तरह की धार्मिक यात्राएं कराई जाती है ताकि वह आध्यात्मिक की ओर जुड़कर अपने जीवन लक्ष्य को प्राप्त कर सके। राजकुमार नाहर ने बताया कि साठ बच्चों एवं शिक्षकों एवं समिति सदस्यों द्वारा यह यात्रा पूर्ण की गई तथा पूर्ण रूप से अनुशासित रहते हुए सभी बच्चों ने संकल्प लिया कि जीवन में अधिक से अधिक तीर्थ की यात्रा कर पुण्य का लाभ लेंगे।

**सहकारी समिति कर्मचारियों का अल्टीमेटम**

## 25 मार्च तक मांगे पूरी नहीं हुई तो 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल



**सुसनेर।** म.प्र. सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महासंघ ने चेतावनी दी है कि यदि 25 मार्च 2026 तक उनकी चार सूत्रीय मांगों का निराकरण नहीं किया गया, तो 1 अप्रैल से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान प्रदेश की 4523 पैक्स सहकारी संस्थाएं और करीब 22,500 उचित मूल्य की दुकानें बंद रहेंगी। महासंघ के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर शासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला है। महासंघ ने अपनी प्रमुख मांगों में समिति प्रबंधकों की कैडर भर्ती में 60 प्रतिशत पद संस्था कर्मचारियों के लिए आरक्षित कर चयन प्रक्रिया शुरू करने, अक्टूबर 2023 से बढ़े हुए वेतन का भुगतान करने, विक्रेताओं का 18 माह का ?54,000 बकाया कमीशन जारी करने तथा कनिष्ठ विक्रेताओं की परिवीक्षा अवधि समाप्त कर उन्हें पूर्ण विक्रेता का दर्जा देने की मांग शामिल की है। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि समयसीमा में निर्णय नहीं लिया गया तो प्रबंधक, सहायक प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर और विक्रेता काम बंद कर धरने पर बैठ जाएंगे।

## अफवाहों से पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़, पेट्रोल-डीजल की कमी नहीं-तहसीलदार



**जीरापुर।** नगर में पेट्रोल-डीजल की कमी की अफवाहों के चलते मंगलवार रात से ही पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बुधवार सुबह भी कई पेट्रोल पंपों पर बड़ी संख्या में लोग वाहनों में ईंधन भरवाने के लिए लाइन में खड़े नजर आए। अचानक बढ़ी भीड़ के कारण कुछ समय के लिए अव्यवस्था की स्थिति भी बन गई। स्थिति को देखते हुए प्रशासन भी मौके पर मुस्तैद रहा। नगर के पेट्रोल पंपों पर पहुंचे तहसीलदार जीरापुर आरपी सिंह ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। उन्होंने बताया कि नगर में पेट्रोल और डीजल की किसी प्रकार की कोई किल्लत नहीं है, बल्कि अफवाहों के कारण लोगों में घबराहट का माहौल बन गया है, जिसके चलते पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ लग रही है। तहसीलदार ने बताया कि अधिक भीड़ के कारण कुछ पेट्रोल पंपों पर सीमित स्टॉक (करीब 2000 लीटर) रखने की बाध्यता के चलते उन्हें अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा था, लेकिन अब उन्हें पुनः चालू कर दिया गया है और शाम तक पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और बिना आवश्यकता के पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें, क्योंकि वर्तमान में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। अफवाहों के कारण ही आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**चला गया अनुपम... पर तीन जिंदगियों में धड़कता रहेगा उसका जीवन**

# नालमे परिवार का इंदौर में मानवता का स्वर्णिम अध्याय, 67वें हरित गलियारे से अंगदान की मिसाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



कभी-कभी जिंदगी बहुत जल्दी हार मान लेती है... लेकिन कुछ लोग जाते-जाते भी जिंदगी बांट जाते हैं। शुजालपुर के 34 वर्षीय अनुपम नालमे अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनका दिल, उनका जीवन, उनकी सांसें अब तीन अलग-अलग शरीरों में धड़केंगी। उनका जाना एक परिवार के लिए असहनीय पीड़ा लेकर आया, लेकिन उसी पीड़ा से जन्मी एक ऐसी मिसाल, जो समाज को हमेशा प्रेरित करती रहेगी। माँ अहिल्या की पावन नगरी इंदौर ने एक बार फि र मानवता का सबसे उज्वल रूप देखा, जब शुजालपुर के अनुपम के परिवार ने अपने बेटे को खोने के गहरे दुख के बीच अंगदान का निर्णय लेकर कई जिंदगियों को नया जीवन देने का संकल्प लिया।



### एक पल में बदल गई जिंदगी

अनुपम नालमे पिता जगदीश नालमे एक सामान्य दिन जी रहे थे। वे अपने सिविल इंजीनियर ताऊजी अनिल नालमे व जुबीन नालमे के साथ अभियंता का कार्य करते थे और स्वभाव से मददगार अनुपम हमेशा दूसरों के लिए खड़े रहने वाले इंसान थे। लेकिन 20 मार्च को आए एक गंभीर मस्तिष्क रक्तस्राव ने सब कुछ बदल दिया। उन्हें इंदौर के सीएचएल केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने हर संभव प्रयास किया, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। चिकित्सकीय परीक्षणों के बाद शाम 5.13 बजे और फि र रात 11.50 बजे दो चरणों में मस्तिष्क मृत्यु प्रमाणन किया गया। यह वह क्षण था, जब उम्मीदें लगभग समाप्त हो चुकी थीं लेकिन यहीं से एक नई उम्मीद जन्म लेने वाली थी।

### दर्द के बीच लिया सबसे बड़ा निर्णय

जिस समय एक परिवार अपने बेटे को खोने के गम में टूट जाता है, उस समय नालमे परिवार ने एक ऐसा निर्णय लिया, जो हर किसी के बस की बात नहीं। मुस्कान समूह के सेवादारों की परामर्श प्रक्रिया के बाद परिवार ने अंगदान के लिए सहमति दी। पिता जगदीश नालमे, बुआ डॉ. वर्षा, भाई अनुराग और जुबीन नालमे सभी ने मिलकर यह ठाना कि अनुपम की जिंदगी यहीं खत्म नहीं होगी... वह दूसरों के जीवन में आगे बढ़ेगा। यह निर्णय केवल एक सहमति नहीं, बल्कि मानवता के प्रति उनका समर्पण था।

### तीन जिंदगियों में धड़केगा अनुपम

अनुपम का लीवर सीएचएल केयर अस्पताल में भर्ती 44 वर्षीय महिला को नया जीवन देगा। एक किडनी 34 वर्षीय महिला को और दूसरी किडनी शैल्बी अस्पताल में भर्ती 39 वर्षीय पुरुष को प्रत्यारोपित किया जाएगा। इन अंगों को समय पर पहुंचाने के लिए इंदौर में 67वां ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया, एक ऐसा रास्ता, जहां हर संकेत थम जाता है, लेकिन जिंदगी दौड़ती है।

### और भी देना चाहता था यह परिवार

दुख की इस घड़ी में भी शुजालपुर का नालमे परिवार यहीं नहीं रुका। उन्होंने हाथ, अग्न्याशय, अस्थि, हृदय वाल्व और छोटी आंत तक दान करने की इच्छा जताई। राष्ट्रीय स्तर पर चेतावनी जारी की गई, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुंच सके। हालांकि तकनीकी कारणों और तत्काल आवश्यकता न होने के कारण इन अंगों का उपयोग नहीं हो सका।

### अनुपम गया नहीं... अमर हो गया

एक बेटे को खोने का दुख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता...लेकिन उस दुख के बीच लिया गया यह निर्णय अनुपम को अमर बना गया। अब वह सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है, एक ऐसी प्रेरणाए जो सिखाती है कि मृत्यु अंत नहीं होती, यदि आप किसी और को जीवन दे जाएं।

### गार्ड ऑफ ऑनर से दी अंतिम विदाई

इंदौर में हुई अंग दान की प्रक्रिया के बाद अस्पताल में अनुपम को राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत अनुपम के पार्थिव शरीर को शुजालपुर लाया गया, यहां पर भी गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी गई। अंतिम संस्कार शुजालपुर स्थित शांतिवन में हुआ और हजारों नम आखों ने अनुपम को अंतिम विदाई दी। साथ ही नालमे परिवार के द्वारा लिए गए मानवता के मिसाल वाले इस निर्णय की हर वर्ग ने सरहाना की।

**शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में लगा विशाल रक्तदान शिविर**

# ब्लड डोनरों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा, अमर शहीदों की स्मृति को बनाया यादगार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

शहीद दिवस की पूर्व संध्या पर पंचमुखी हनुमान मंदिर परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के युवाओं, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों सहित महिलाओं तथा युवतियों ने सैकड़ों को संख्या में बढ़-चढ़कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

यह शिविर देश के अमर शहीदों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति को समर्पित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना और जरूरतमंदों के लिए जीवनदायिनी सहायता उपलब्ध कराना था। शिविर में चिकित्सकों की टीम द्वारा रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित तरीके से रक्त संग्रह किया गया। वहीं आयोजन समिति ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के पुजारी सियाराम दास जी महराज ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता, वंदे मातरम और अखंड भारत के नारे लगाए। महाराज श्री ने कहा कि यह कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रेरणा देने के उद्देश्य से उनमें जोश और उत्थान के लिए यह गैरराजनीतिक कार्यक्रम रखा गया है।



रक्तदान कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता विश्वनाथ सिंह सिकरवार छुन्ना भैया ने कहा कि हिंदुस्तान में यह पहला सिद्ध पंचमुखी आश्रम है जहां आध्यात्मिक की अलख तो जग ही रही है। साथ ही साथ राष्ट्रवाद की अलख भी पूज्य सियाराम दास जी महाराज ने पिछले 25 वर्षों से जला रखी है और हम जैसे सैकड़ों, हजारों युवाओं ने महाराज की प्रेरणा से इस संकल्प को आजीवन मृत्युपर्यंत चलाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि शहीदों के बलिदान को याद करने का सबसे अच्छा तरीका समाज सेवा के कार्यों में भाग लेना है। रक्तदान न केवल एक मानवीय कार्य है, बल्कि यह कई जिंदगियां बचाने का माध्यम भी है।



## ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बुजुर्ग की मौके पर मौत

**सुसनेर।** क्षेत्र में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों ने इलाके में सनसनी फैला दी। एक हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरे हादसे में लोडिंग वाहन पलटने से चालक सहित अन्य लोग घायल हो गए। दोनों ही घटनाओं के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पहला हादसा सोयत रोड स्थित बढ़िया जोड़ के पास हुआ। निपानिया निवासी 74 वर्षीय भुवान यादव अपने निजी कार्य से लौटते हुए बाइक से गांव जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और भुवान यादव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

## महिला भजन स्पर्धा, 250 बहनों ने लिया हिस्सा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ आष्टा

आष्टा में महिला भजन मंडलियों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मां वैष्णवी सांस्कृतिक महिला संगठन, आष्टा ने ग्राम भंवरा में यह कार्यक्रम हुआ। इसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और महिला मंडल के सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने घोषणा की कि भंवरा में राजाभोज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण और नारी सम्मान के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी प्रकाश डाला।

**यादवोत्थान समिति मालवांचल की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न**

# सामूहिक विवाह और कार्यकारिणी विस्तार पर चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



यादवोत्थान समिति मालवांचल की एक आवश्यक बैठक रविवार को स्थानीय सत्यम कॉम्पलेक्स, खोप दरवाजा पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मथुरालाल झड़ ने की। शुभारंभ अतिथियों और वरिष्ठजनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

बैठक के दौरान संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए यादवोत्थान समिति एवं युवा उत्थान समिति की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों और सदस्यों को उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए मनोनयन पत्र वितरित किए गए। बैठक में समाज हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सामूहिक विवाह आगामी 20 अप्रैल 2026 (अक्षय तृतीया) को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों और रूपरेखा पर चर्चा की गई। समाज के होनहार छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने हेतु 'प्रतिभा सम्मान समारोह' आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समाज को संगठित करने के लिए आजीवन और वार्षिक सदस्यता अभियान को गति देने पर सहमति बनी। इस महत्वपूर्ण बैठक में समाज के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, युवा उत्थान समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, वरिष्ठजन और युवा साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव ओम प्रकाश यादव ने किया। आभार युवा अध्यक्ष सचिन यादव ने व्यक्त किया।

**शहीद दिवस पर तिरंगा मित्र मंडल ने किया भारत माता की आरती का आयोजन, शहीदों को दी श्रद्धांजलि**

# शहीद भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जीरापुर

शहीद दिवस के अवसर पर तिरंगा मित्र मंडल द्वारा चोपड़ा बाजार में शहीदों को नमन करते हुए भारत माता की आरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे और देश के अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक याद किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। देशभक्ति के माहौल के बीच भारत माता की आरती की गई, जिसमें सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इन वीर सपूतों ने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का मार्ग प्रशस्त किया है। वक्ताओं ने नागरिकों से देशभक्ति का जज्बा हमेशा जीवित रखने और राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने नगर में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की मांग नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा के समक्ष रखी। अपने उद्बोधन में पवन कुशवाहा ने बताया कि चोपड़ा बाजार स्थित हनुमान मंदिर और कुंडी के जीर्णोद्धार का कार्य प्रस्तावित है और इसी के साथ यहां शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित करने की स्वीकृति भी दी जाएगी। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि चोपड़ा बाजार का नाम शहीद भगत सिंह के नाम पर रखने के लिए भी प्रयास किए जाएंगे।



## आंगन वाड़ी केंद्र पर विद्यारम्भ कार्यक्रम मनाया

**मक्सी ।** मक्सी में विद्यारंभ कार्यक्रम मनाया गया महिला एव बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र / क्रमांक 1,2,1/2, 3 पंजीकृत 5 से 6 वर्ष समस्त बच्चों के प्राथमिक शाला में सहायक रूप से स्थानांतरित करने और आंगनवाड़ी केंद्र में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा के शुद्धिकरण के उद्देश्य से विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण किए गए ,आंगनवाड़ी केंद्र 1,1/2, 02 ,3/2 मैं बच्चे ,अभिभावक एवं वार्ड पार्षद अशोक लोधी एवं वार्ड के महेश लोधी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता लोधी ,रोशन आरा, शिप्रा राठौर, कुंता लोधी एवं सहायिका रेखा लोधी, कांति लोधी सुनीता लोधी देवकी लोधी उपस्थित में होकर आंगनबाड़ी मैं आने वाले 5 से 6 वर्ष के बच्चों को विद्याराम प्रमाण पत्र वितरण कर अभिभावक को मार्ग दर्शन दिया गया, विद्याराम प्रमाण पत्र का महत्व को समझाया गया जीससे अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया। मुख्यमंत्री का विद्यारंभ प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम दिखाया गया।

## पेट्रोल पंपों पर उमड़ी भीड़ अधिकारियों ने कहा ईंधन पर्याप्त

**महिदपुर।** शहर के नजदीकी पेट्रोल पंपों पर बुधवार शाम उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब अचानक डीजल-पेट्रोल भरवाने के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सोशल मीडिया पर फैली किसी अफवाह या अनिश्चितता के डर से लोग बड़ी संख्या में अपने वाहनों की टंकियां फुल कराने पहुँचने लगे। जैसे ही प्रशासन को पंपों पर बढ़ती भीड़ की सूचना मिली, अधिकारी तुरंत हरकत में आए। एसडीएम अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल और थाना प्रभारी नरेंद्रसिंह परिहार दलबल के साथ मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने न केवल कतारों को व्यवस्थित करवाया, बल्कि स्वयं मोर्चा संभालते हुए वाहन मालिकों से संवाद किया। अफवाहों पर न दें ध्यान एसडीएम अजय हिंगे ने आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा, जिले में डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। किसी भी तरह की किल्लत नहीं है। नागरिक पैनिक न हों और जरूरत के अनुसार ही ईंधन लें। वहीं, पंप संचालक जवाहर डोसी (पीयूष) ने भी स्पष्ट किया कि उनके पास भरपूर मात्रा में स्टॉक मौजूद है और सप्लाई चेन पूरी तरह सामान्य है। प्रशासन की त्वरित समझाइश और मौके पर मौजूदगी के बाद स्थिति नियंत्रण में आई और लोग शांत हुए। पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर विश्वास न करें।

## महिदपुर में विकासखंड स्तरीय निशुल्क दिव्यांग शिविर का आयोजन



**महिदपुर।** शासन के निर्देशानुसार 23 मार्च को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय महिदपुर में विकासखंड स्तरीय निशुल्क दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय चिकित्सा टीम और विशेषज्ञ द्वारा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों का परीक्षण कर 9 विद्यार्थियों को दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए तथा शिविर में 36 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनके प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया गया तथा सभी विद्यार्थियों की जांच की गई। उक्त कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी उदयसिंह चैहान, उत्कृष्ट प्राचार्य किशोर परमार, संजय त्रिवेदी, एमआरसी विष्णु कारपेंटर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेश्वर सोनी द्वारा प्रदान की गई।

## ब्राह्मण समाज की दो महिलाओं को सौंपे महत्वपूर्ण दायित्व

**महिदपुर।** अ.भा. गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज महिला




सभा की प्रदेश अध्यक्ष प्रीति अनिल पुरोहित ने समाज की राष्ट्रीय महिला सभा की अध्यक्ष माया राजेश त्रिवेदी की सहमति से प्रदेश कार्यकारिणी में समाज की 12 वरिष्ठ महिलाओं को संरक्षक बनाते हुए कार्यकारिणी का गठन कर विभिन्न गांवों शहरों की सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली समाज की महिलाओं को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे हैं। जानकारी के अनुसार महिदपुर नगर से समाज की मुक्तिका मनोज शर्मा योजना मंत्री तथा महिदपुर रोड की हेमलता गोपाल उपाध्याय को सांस्कृतिक मंत्री बनाया है शर्मा तथा उपाध्याय की नियुक्ति पर समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया।



हिंदू धर्म ग्रंथों के अनुसार, हर वर्ष चैत्र माह की नवमी तिथि पर भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। लेकिन इस वर्ष नवमी तिथि दो दिन पड़ने के कारण लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है रामनवमी 26 मार्च को या फिर 27 मार्च को मनाएं। आइए जानते हैं रामनवमी का महत्व और पूजा शुभ मुहूर्त।

# कब है रामनवमी आज या कल?

## जानिए तिथि, पूजा मुहूर्त और पूजन विधि

हिंदू धर्म में रामनवमी के त्योहार का विशेष महत्व होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में भगवान राम का जन्म त्रेता युग में अयोध्या के राजा दशरथ और रानी कौशल्या के घर में हुआ था। हिंदू पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान राम का जन्म हुआ था जिसके कारण इस दिन देशभर में बड़े ही धूम-धाम के साथ प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष रामनवमी की तिथि को लेकर काफी असमंजस की स्थिति बनी हुई है, दरअसल इस बार नवमी तिथि 26 और 27 मार्च दोनों ही दिन पड़ रही है जिससे कारण लोगों के मन में भ्रम की स्थिति बन रही है राम नवमी कब मनाई जाए। आइए जानते हैं। रामनवमी की तिथि और पूजा मुहूर्त।



### कब है रामनवमी 26 या 27 मार्च?

हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष रामनवमी का त्योहार चैत्र नवरात्रि का आखिरी तिथि नवमी तिथि पर मनाई जाती है, लेकिन इस साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को लेकर पंचांग में भेद है जिसके कारण भ्रम की स्थिति है। कुछ पंचांग रामनवमी का त्योहार 26 तो कुछ 27 मार्च को बता रहे हैं। पंचाग के मुताबिक चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरूआत 26 मार्च को सुबह करीब 11 बजकर 48 मिनट से हो रही है, जो 27 मार्च 2026 को सुबह 10 बजकर 07 मिनट तक रहेगी। ऐसे में भ्रम की स्थिति बनी है कि नवमी तिथि दो दिन है तो रामनवमी कब मनाई जाए।

धार्मिक मान्यताओं और ज्योतिषीय गणनाओं के आधार पर भगवान श्रीराम का जन्म चैत्र नवरात्रि के आखिरी दिन महानवमी को दोपहर अभिजीत मुहूर्त और पुनर्वसु नक्षत्र में हुआ था। भगवान श्रीराम के जन्म के समय पांच ग्रह अपनी उच्च अवस्था में, कर्क लग्न में नवमी तिथि हो हुआ था। इस तरह से इस वर्ष नवमी तिथि 27 मार्च को सुबह तक रहेगी फिर इसके बाद दशमी तिथि लग जाएगी, वहीं 26 मार्च को नवमी तिथि सुबह लेकर दोपहर तक रहेगी। भगवान श्रीराम का मध्याह्न काल में हुआ था ऐसे में कई लोग रामनवमी 26 मार्च को मना रहे हैं, वहीं हिंदू धर्म में कोई भी व्रत या त्योहार उदया तिथि के आधार पर मनाई जाती है ऐसे में राम नवमी 27 मार्च को भी मनाई जा रही है। इससे अलावा भगवान राम का जन्म पुनर्वसु नक्षत्र में हुआ था और ये नक्षत्र 27 मार्च को है और इस दिन सूर्योदय भी नवमी तिथि में ही होगा, इसलिए कुछ लोग 27 मार्च को राम नवमी मनाना अच्छा मान रहे हैं। 26 को चैत्र नवरात्रि का आठवां दिन है, इस दिन माता के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा और 27 को महानवमी तिथि है देवी सिद्धिदात्री की पूजा करने विधान होता है।

### रामनवमी पूजा शुभ महूर्त (26 मार्च)

पंचांग के अनुसार, नवमी तिथि दो दिन पड़ने के कारण कुछ लोग रामनवमी 26 तो कुछ 27 मार्च को मना रहे हैं। 26 मार्च को रामनवमी का त्योहार दोपहर में मनाना सबसे अच्छा और शुभ माना जा रहा है। इस दिन रामनवमी का मध्याह्न मुहूर्त 11 बजकर 13 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 41 मिनट तक रहेगा। वहीं पुनर्वसु नक्षत्र दोपहर 4 बजकर 19 मिनट से आरंभ हो रहा है जो 27 मार्च को दोपहर 03 बजकर 24 मिनट तक रहेगा।

### रामनवमी पूजा शुभ महूर्त (27 मार्च)

जो लोग रामनवमी का पर्व 27 मार्च को मना रहे हैं उनके लिए रामनवमी का पूजा मुहूर्त 11 बजकर 13 मिनट से लेकर दोपहर 01 बजकर 41 मिनट के बीच का होगा। ऐसे में मध्याह्न का क्षण दोपहर 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा।

### रामनवमी पूजा विधि

हर वर्ष रामनवमी पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव रूप में बड़े ही धूम-धाम के साथ मनाया जाता है। रामनवमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान आदि करें, फिर इसके बाद साफ-सुथरा वस्त्र धारण करें और तांबे के पात्र में जल लेकर सूर्यदेव को अर्पित करें। पूजा का संकल्प लेते हुए पूजा आरंभ करें। घर के ईशान कोण में या फिर पूजा घर के सामने लकड़ी की चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर उस पर प्रभु राम की मूर्ति को स्थापित करें। इसके बाद भगवान श्रीराम समेत माता सीता, भाई लक्ष्मण और हनुमान जी को पीला चंदन, फूल, धूप, दीप, वस्त्र, माला, फल और मिठाई का भोग लगाएं। इसके बाद भगवान श्रीराम की प्रतिमा के सामने घी का दीपक और धूप जलाकर राम रक्षा स्तोत्र, रामचरितमानस का पाठ करें और अंत में भगवान श्रीराम की आरती करें।

# 29 मार्च को केतु करेंगे नक्षत्र परिवर्तन, इन राशियों को मिलेगा धनलाभ और सफलता

केतु को एक रहस्यमयी और आध्यात्मिक ग्रह माना जाता है। यह अचानक होने वाले बदलावों, कर्मों के परिणामों और आंतरिक विकास का कारक है। इसलिए, इसके प्रभाव कभी-कभी अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। 29 मार्च को होने वाला यह गोचर कई राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव, नए अवसर और उन्नति के मार्ग खोल सकता है।

ज्योतिष के अनुसार, 29 मार्च 2026 का दिन बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन, छाया ग्रह केतु अपने ही नक्षत्र 'मघा' में प्रवेश कर रहा है। वैदिक ज्योतिष की मान्यताओं के अनुसार, जब कोई ग्रह अपने ही नक्षत्र में गोचर करता है, तो उसका प्रभाव बहुत बढ़ जाता है और उसके असर मानव जीवन में गहराई से दिखाई देते हैं। इसलिए, केतु का यह गोचर भी विशेष परिणाम देने वाला साबित हो सकता है।

केतु को एक रहस्यमयी और आध्यात्मिक ग्रह माना जाता है। यह अचानक होने वाले बदलावों, कर्मों के परिणामों और आंतरिक विकास का कारक है। इसलिए, इसके प्रभाव कभी-कभी अप्रत्याशित भी हो सकते हैं। 29 मार्च को होने वाला यह गोचर कई राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव, नए अवसर और उन्नति के मार्ग खोल सकता है। इसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है, लेकिन यह काल कुछ विशेष राशियों के लिए अत्यंत शुभ है, क्योंकि उन्हें करियर में सफलता, आर्थिक लाभ और नई शुरूआत के अच्छे अवसर मिलने की प्रबल संभावना है।

### मेष राशि

केतु का नक्षत्र गोचर मेष राशि के जातकों के लिए उन्नति का काल हो सकता है। व्यापार में अचानक आर्थिक लाभ होने की संभावना है। यदि आप निवेश करने का विचार कर रहे हैं, तो यह अनुकूल समय है। इस दौरान आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और आपको महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मदद मिलेगी। आपके रुके हुए प्रोजेक्ट धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे और आपके करियर में नए अवसर सामने आ सकते हैं।

### सिंह राशि

ज्योतिष के अनुसार यह गोचर सिंह राशि वालों के लिए समृद्धि का संकेत देता है। पुराने निवेशों से लाभ होने की संभावना है। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति या नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। विदेश यात्रा करने या वहां करियर बनाने का आपका सपना सच हो सकता है। परिवार में भी सुखद माहौल रहेगा। आप अपने कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।



### धनु राशि

यह समय धनु राशि वालों के लिए नई सफलताएं लेकर आ सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में अधिक जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होने की संभावना है। आपको कोई बड़ी व्यावसायिक डील मिलने की उम्मीद है। आपको विदेश यात्रा के अवसर भी मिल सकते हैं। आध्यात्मिकता और धर्म में बढ़ती रुचि आपके मन को शांति प्रदान करेगी।

## Sport

आईपीएल के 19वें संस्करण की शुरूआत 28 मार्च से होनी है। इससे पहले बीसीसीआई और टीमों के कप्तानों के बीच बुधवार को मुंबई में बैठक हुई।

# खत्म हुई आईपीएल टीमों के कप्तानों के साथ बीसीसीआई की बैठक, किन मुद्दों पर हुई चर्चा?

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का सीजन शुरू होने जा रहा है और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली है। बीसीसीआई ने बुधवार को सभी 10 कप्तानों के साथ बैठक की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस दौरान इम्पैक्ट सब्स्टीट्यूट नियम और आचार संहिता जैसे विषयों पर चर्चा की गई।



### 28 मार्च से होगी 19वें सत्र की शुरूआत

आईपीएल की शुरूआत में अब सिर्फ तीन दिन का समय बचा है। 28 मार्च से टूर्नामेंट की शुरूआत होगी।

पहले चरण में कुल 20 मैच खेले जाएंगे। ये मुकाबले 10 अलग-अलग शहरों में आयोजित होंगे। इनमें बंगलूरू, मुंबई, गुवाहाटी, न्यू चंडीगढ़, लखनऊ, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, अहमदाबाद और हैदराबाद शामिल हैं।

इस अवधि में चार डबल-हेडर भी होंगे।

डबल-हेडर के दौरान दो मैच एक ही दिन खेले जाएंगे।

दोपहर का मैच भारतीय समयानुसार 3:30 बजे और शाम का मैच 7:30 बजे शुरू होगा।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु अपने 5 घरेलू मैच बंगलूरू में और 2 मैच रायपुर में खेलेगी।

पंजाब किंग्स के 4 घरेलू मैच न्यू चंडीगढ़ में और 3 मैच धर्मशाला में होंगे।

राजस्थान रॉयल्स के 3 घरेलू मुकाबले गुवाहाटी में और 4 मैच जयपुर में खेले जाएंगे।

### आईपीएल 2026 के पहले चरण का कार्यक्रम

| मैच | टीम 1 | टीम 2 | जगह | तारीख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | सनराइजर्स हैदराबाद | बंगलूरू | 28 मार्च |
| 2 | मुंबई इंडियंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | मुंबई | 29 मार्च |
| 3 | राजस्थान रॉयल्स | चेन्नई सुपर किंग्स | गुवाहाटी | 30 मार्च |
| 4 | पंजाब किंग्स | गुजरात टाइटंस | न्यू चंडीगढ़ | 31 मार्च |
| 5 | लखनऊ सुपर जाएंट्स | दिल्ली कैपिटल्स | लखनऊ | 1 अप्रैल |
| 6 | कोलकाता नाइट राइडर्स | सनराइजर्स हैदराबाद | कोलकाता | 2 अप्रैल |
| 7 | चेन्नई सुपर किंग्स | पंजाब किंग्स | चेन्नई | 3 अप्रैल |
| 8 | दिल्ली कैपिटल्स | मुंबई इंडियंस | दिल्ली | 4 अप्रैल |
| 9 | गुजरात टाइटंस | राजस्थान रॉयल्स | अहमदाबाद | 4 अप्रैल |
| 10 | सनराइजर्स हैदराबाद | लखनऊ सुपर जाएंट्स | हैदराबाद | 5 अप्रैल |
| 11 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | चेन्नई सुपर किंग्स | बंगलूरू | 5 अप्रैल |
| 12 | कोलकाता नाइट राइडर्स | पंजाब किंग्स | कोलकाता | 6 अप्रैल |
| 13 | राजस्थान रॉयल्स | मुंबई इंडियंस | गुवाहाटी | 7 अप्रैल |
| 14 | दिल्ली कैपिटल्स | गुजरात टाइटंस | दिल्ली | 8 अप्रैल |
| 15 | कोलकाता नाइट राइडर्स | लखनऊ सुपर जाएंट्स | कोलकाता | 9 अप्रैल |
| 16 | राजस्थान रॉयल्स | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | गुवाहाटी | 10 अप्रैल |
| 17 | पंजाब किंग्स | सनराइजर्स हैदराबाद | न्यू चंडीगढ़ | 11 अप्रैल |
| 18 | चेन्नई सुपर किंग्स | दिल्ली कैपिटल्स | चेन्नई | 11 अप्रैल |
| 19 | लखनऊ सुपर जाएंट्स | गुजरात टाइटंस | लखनऊ | 12 अप्रैल |
| 20 | मुंबई इंडियंस | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | मुंबई | 12 अप्रैल |

# आरसीबी के चेयरमैन बने आर्यमान बिड़ला

## बहन अनन्या ने पोस्ट कर दी बधाई, फैंस पर भी लुटाया प्यार

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला के बेटे आर्यमान बिड़ला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के चेयरमैन नियुक्त किए गए हैं। आर्यमान की बहन अनन्या बिड़ला ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की है। उन्होंने अपने पोस्ट में फैंस का भी आभार जताया और कहा कि आरसीबी टीम इस बार भी अपने फैंस के लिए कप जीतेगी।

अनन्या ने लिखा, 'यह हमारे बारे में नहीं, आप सबके बारे में है। आरसीबी के सभी प्रशंसकों को आपके प्यार के लिए एक बड़ा धन्यवाद। हम आपके साथ सही करेंगे! यह हमारे बारे में नहीं, यह आप सबके बारे में है। ई साला कप नाम्दू (एी रं" उ४स्त्र ठें४)।' यह कन्नड़ वाक्य, जिसका अर्थ है- इस साल कप हमारा है। आरसीबी के प्रशंसकों के बीच एक लोकप्रिय नारा है, जो टीम की जीत की उम्मीदों को दशार्ता है।



उन्होंने अपने भाई आर्यमान बिड़ला को अध्यक्ष के रूप में उनकी नई भूमिका के लिए बधाई दी और उन पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा, 'आर्यमान बिड़ला, अध्यक्ष के रूप में, आप इसमें शानदार काम करेंगे और मैं हमेशा की तरह आपके साथ रहूंगी। आपको ढेर सारा प्यार। अद्वेतेशा बिड़ला, आप पर बहुत गर्व है।'

इसके अलावा, अनन्या ने अपने व्यावसायिक भागीदारों, ब्लैकस्टोन, सत्यन और बोल्ट वेंचर्स का भी आभार व्यक्त किया। अनन्या बिड़ला ने अपने पोस्ट का समापन यह कहकर किया कि वे जो कुछ भी करती हैं, वह अपने माता-पिता के लिए करती हैं। यह उनके जीवन में उनके माता-पिता के महत्व को दशार्ता है।

जुलाई 1997 में मुंबई में जन्मे आर्यमान ने अपने क्रिकेट करियर की शुरूआत 2017 में की थी। उनका पहला मैच रणजी ट्रॉफी में मध्य प्रदेश के लिए खेलते हुए ओडिशा के खिलाफ था। वह क्रिकेट में करियर बनाने के लिए मध्य प्रदेश के रीवा चले गए थे। वहीं, आदित्य बिड़ला समूह की सीमेंट इकाई का मुख्यालय स्थित है। आर्यमान ने अपनी पहली ही पारी में 72 रनों की ओपनिंग साझेदारी की, जिसमें रजत पाटीदार ने 123 रन बनाए। हालांकि, उन्होंने खुद उस मैच की दोनों पारियों में 67 गेंदों पर 16 रन और 27 गेंदों पर छह रन बनाए। एक साल बाद उन्होंने प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में एक शानदार नाबाद शतक बनाया था।

आर्यमान ने तब 189 गेंदों पर नाबाद 103 रन बनाकर बंगाल को ड्रॉ के लिए मजबूर किया था। उनके प्रयासों ने उन्हें 2018 में राजस्थान रॉयल्स के साथ एक आईपीएल अनुबंध भी दिलाया।

# हरमनप्रीत कौर के नाम पर रखा गया द्वारका स्टेडियम में स्टैंड

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को द्वारका स्थित ओमैक्से स्टेडियम में उनके नाम पर स्टैंड समर्पित किया गया। इस खास मौके पर हरमनप्रीत भावुक नजर आईं और इसे अपने करियर की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा, 'मैं बहुत भावुक हूं। एक क्रिकेटर के तौर पर मैंने सिर्फ देश के लिए खेलने और खिताब जीतने का सपना देखा था, लेकिन कभी नहीं सोचा था कि मेरे नाम पर स्टैंड होगा।' इस कार्यक्रम के दौरान हरमनप्रीत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल ही में हुई मल्टी-फॉर्मेट सीरीज पर भी बात की और इसे खिलाड़ियों के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा, 'ऐसी मल्टी-फॉर्मेट सीरीज और होनी चाहिए, क्योंकि हर हफ्ते अलग फॉर्मेट खेलना एक नया और चुनौतीपूर्ण अनुभव देता है।' उन्होंने माना कि तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे, टी20) एक साथ खेलना खिलाड़ियों के लिए नया अनुभव रहा, लेकिन इससे टीम को काफी सीख मिली।

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला
और सिक्युरिटी गार्ड की
तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक
फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड
उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन,
ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल
लोन, ऑफिस वर्क,
फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस,
हार फूल की गली,
फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड,
संजोग गेस एजंसी के सामने
19'x55' और 15'x55'
साइज के प्लाट बेचना है ।
प्रस्तावित फोरलेन से मात्र
100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147,
9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से
15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक
लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की
आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु
महिलाओं एवं
आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले
कारीगरों की व शर्ट व
सफारी बनाने वाले
कारीगरों की
आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क
फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास
रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी,
थोक रेट में टनों से
10-10 किलो के बंडल
में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज
मंडी के सामने 2400 स्क्वे.
फीट का शोरूम रेंट पर देना
है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व
सेल्समेन की आवश्यकता है।
वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी
के ऑफिस में महिला एवं पुरुष
कर्मचारियों की आवश्यकता है।
अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क
करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड
टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और
विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग
भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की
आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### पुलिस ने लौटाए 251 गुम मोबाइल, थानों की ग्रेडिंग में बाणगंगा नंबर वन

**इंदौर।** इंदौर पुलिस ने छीनाझपटी, गुमशुदगी और मोबाइल चोरी के मामलों में पीड़ितों को राहत देने के लिए सिटीजन कॉप ऐप के जरिए विशेष पहल की है। इन शिकायतों के आधार पर क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने कार्रवाई करते हुए 251 गुम मोबाइल उनके असली मालिकों को वापस दिलाए। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के अनुसार, ऐप पर मिली शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए मोबाइल ट्रेस किए गए। ये मोबाइल महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, गुजरात समेत अन्य राज्यों में उपयोग किए जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक बरामद मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रुपए है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने थानों की कार्यप्रणाली के आधार पर ग्रेडिंग लिस्ट जारी की है। दो माह पहले जारी सूची में खजराना, कनाडिया और विजयनगर थाने शीर्ष पर रहे थे। इस बार बाणगंगा थाना बेहतर कार्रवाई के चलते पहले स्थान पर रहा है। दूसरे नंबर पर पलासिया और तीसरे पर भंवरकुआ थाना शामिल हैं। वहीं लसूड़िया और खजराना को क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान मिला है। 32 थानों की इस सूची में पड़रीनाथ थाना सबसे निचले पायदान पर रहा, जिसका प्रदर्शन सबसे कमजोर पाया गया।

### सिंहासा गांव की बेकरी में लगी आग पर 10 टैंकर पानी डालने के बाद पाया काबू



**इंदौर।** इंदौर के धार रोड स्थित सिंहासा गांव में बुधवार सुबह एक बेकरी में आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया गया। घटना के समय अंदर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। फायर ब्रिगेड के अनुसार सुबह करीब 9 बजे सुफ्फा बेकरी में आग लगी। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया, जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल रहा। शुरूआती जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। हालांकि विस्तृत जांच अभी जारी है। शुरूआत में आग बुझाने में काफी कठिनाई आई। करीब 10 टैंकर पानी डालने के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग का धुआं कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। आसपास नमकीन के कारखाने और गोदाम होने के कारण खतरा बढ़ गया था। स्थानीय गार्ड ने सबसे पहले धुआं निकलते देखा और फायर स्टेशन को सूचना दी, जिसके बाद तुरंत कार्रवाई की गई। अधिकारियों के अनुसार आग पर नियंत्रण कर लिया गया है, लेकिन अंदर जले मटेरियल के कारण धुआं निकल रहा है। एहतियातन दमकल टीम मौके पर तैनात है।

### निजी कंपनी के मैनेजर पर छेड़छाड़ का आरोप युवती के कमरे पर पहुंचकर की हरकत

**इंदौर।** इंदौर के विजयनगर थाना क्षेत्र में एक महिला कर्मचारी से उसके ही मैनेजर द्वारा छेड़छाड़ और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, 30 वर्षीय पीड़िता एक निजी कंपनी में काम करती है और स्कीम नंबर-74 में रहती है। 28 जनवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे उसका मैनेजर हिमांशु दुबे बिना सूचना दिए उसके घर पहुंच गया। कुछ देर सामान्य बातचीत के बाद आरोपी ने अचानक गलत नीयत से उसे छूने की कोशिश की। पीड़िता के विरोध करने और शोर मचाने पर उसने उसे धक्का देकर खुद को बचाया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। पीड़िता का आरोप है कि घटना के बाद जब उसने कंपनी में शिकायत करने की बात कही, तो आरोपी ने उसे धमकाना शुरू कर दिया। उसने कहा कि वह कंपनी में लंबे समय से काम कर रहा है और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। साथ ही शिकायत करने पर नौकरी से निकलवाने की धमकी भी दी। बाद में पीड़िता ने अपने परिचितों को पूरी घटना बताई और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी हिमांशु दुबे के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पुणे की लॉजिस्टिक कंपनी से 90 लाख की धोखाधड़ी, एफआईआर दर्ज

**इंदौर।** इंदौर की लसूड़िया थाना पुलिस ने पुणे की एक लॉजिस्टिक कंपनी के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी के मामले में कंपनी के ही कर्मचारी और उसके साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह कार्रवाई कंपनी के डायरेक्टर की शिकायत पर की गई। पुलिस के मुताबिक एमआरसी लॉजिस्टिक कंपनी के डायरेक्टर राजीव आर्य ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें इंदौर में कार्यरत कंपनी कर्मचारी कुलदीप सिंह सहित उसके सहयोगियों विनय, काशीनाथ चौहान, सचिन सोनी, रेनू कुमारी और अमित शर्मा को आरोपी बनाया गया है। जांच में सामने आया है कि कुलदीप सिंह कंपनी में इंदौर शाखा प्रमुख के रूप में कार्यरत था। उसने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए फर्जी बिल तैयार किए और अन्य कंपनियों के नाम पर भुगतान दिखाकर कंपनी के पैसे अपने परिचितों के खातों में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस के अनुसार रेनू कुमारी कृतिका कंटेनर्स, अमित शर्मा बालाजी रोडवेज और सचिन सोनी सेफेक्स रिलोकेशन नाम से कंपनियां संचालित करते हैं। जांच में यह भी सामने आया कि ये सभी कंपनियां आरोपी कुलदीप के परिचितों से जुड़ी हुई हैं और इन्हीं के माध्यम से धोखाधड़ी को अंजाम दिया गया। कंपनी का आरोप है कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच 90 लाख रुपए से अधिक की हेराफेरी की गई। शिकायत के साथ कंपनी ने बिल और खर्च से जुड़े दस्तावेज भी पुलिस को सौंपे हैं। लसूड़िया पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य संबंधित लोगों से भी पूछताछ की जाएगी और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ईवी हादसा: घर में अवैध रूप से रखे थे 12 सिलेंडर, फूड विभाग करेगा जांच


# पुलिस का दावा घर से मिले बॉडी-पार्ट्स, बेटे ने किया इनकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में ईवी अग्निकांड के सातवें दिन (मंगलवार) घर से बॉडी पार्ट्स मिले हैं। पुलिस ने इसकी पुष्टि की है, जबकि परिजन इनकार कर रहे हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि अवशेष किसके हैं।

पुलिस को अनुमान है कि ये मासूम तनय के हो सकते हैं। वहीं घर में अवैध रूप से रखे 12 से ज्यादा गैस सिलेंडर मिलने के बाद खाद्य विभाग भी जांच की तैयारी में है, क्योंकि नियम के अनुसार 100 किलो से अधिक गैस का भंडारण नहीं किया जा सकता। एडिशनल डीसीपी (जोन-2) अमरेंद्र सिंह के मुताबिक, मकान हैंडओवर प्रक्रिया के दौरान पुलिस की मौजूदगी में परिजनों को कुछ शव अवशेष मिले थे, जिन्हें तिलक नगर मुक्तिधाम में दफना दिया गया है। तिलक नगर थाना प्रभारी मनीष लोधा का भी कहना है कि परिजन घर से सामान निकाल रहे थे, तभी तेज बदबू आने पर जांच की गई, जहां शव के कुछ अवशेष मिले। वहीं मृतक मनोज पुगलिया के बड़े बेटे सौरभ ने बॉडी पार्ट्स मिलने की बात से साफ इनकार किया है। उन्होंने कहा कि घर से किसी भी प्रकार के अवशेष नहीं मिले हैं। बता दें 18 मार्च को बृजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के अर्हम विला में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 4 लोग घायल हैं। मृतकों में 6 रिश्तेदार शामिल थे, जो बिहार के किशनगंज से आए थे।





**तनय के सिर्फ पैर ही मिले थे-** घटना वाले दिन 6 साल के तनय का केवल पैर ही मिला था, इसी आधार पर पुलिस को आशंका है कि बाद में मिले अवशेष उसके हो सकते हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ कि जिसे पहले तनय का शव माना जा रहा था, वह दरअसल सोफे का फोम निकला। यह चौंकाने वाली जानकारी डॉक्टरों ने जांच के दौरान पुलिस को सौंपी थी।

**सौरभ के बयानों पर सवाल-** मामले में मनोज का बड़ा बेटा सौरभ शुरूआत से ही अलग-अलग बयान दे रहा है। उसने पहले दावा किया था कि ईवी चार्जिंग पर नहीं थी, इसलिए आग उससे नहीं लगी, जबकि बिजली कंपनी की रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि कार चार्जिंग में थी और ऑटो-कट के बाद दोबारा करंट आने से शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे आग भड़की।

#### विजय सेठिया और रुचिका की मौत दम घुटने से हुई

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार, मृतक मनोज के साले विजय सेठिया और रुचिका की मौत जलने से नहीं, बल्कि दम घुटने से हुई। दोनों के शरीर में कार्बन मोनोऑक्साइड के अवशेष मिले हैं। बताया जा रहा है कि सोते समय धुआं गले में भरने से उनकी जान चली गई। सूत्रों के अनुसार, दम घुटने के बाद ही आग उनके शरीर तक पहुंची, इसके बावजूद शव ज्यादा झुलसे नहीं थे।

#### 3 महिलाओं के शव जल चुके थे, पहचान भी मुश्किल

पोस्टमॉर्टम करने वाली टीम ने सभी चार महिलाओं के शवों की विस्तृत जांच की। इनमें से तीन शव पूरी तरह जल चुके थे, जिससे पहचान करना मुश्किल था। किसी तरह का विवाद न हो, इसलिए सभी की बारीकी से जांच की गई। पोस्टमॉर्टम के दौरान चारों महिलाओं के गर्भाशय की भी जांच की गई, जिसमें स्पष्ट हुआ कि कोई भी महिला गर्भवती नहीं थी।

#### 8 घरेलू और 4 कमर्शियल सिलेंडर मिले

- घटना के बाद घर के अंदर से 8 घरेलू और 4 कमर्शियल गैस सिलेंडर मिले। पुलिस के मुताबिक, इनमें से 2 सिलेंडर फट चुके थे, जिनके अवशेष जांच टीम को मिले। घर में इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडर क्यों रखे गए थे, इस पर परिजन अब तक स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए हैं।
- 12 से ज्यादा सिलेंडर मिलने के चलते खाद्य आपूर्ति विभाग भी मामले की विभागीय जांच करेगा। खाद्य अधिकारी मोहनलाल मारू ने बताया कि फिलहाल पुलिस रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, उसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

#### रिपोर्ट में खुलासा- धुआं और झुलसने से सभी की मौत

- एमवाय अस्पताल के डॉक्टरों ने शनिवार को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट पुलिस को दे दी। इसके अनुसार, हादसे में किसी को करंट नहीं लगा। सभी की मौत धुआं भरने और झुलसने के कारण हुई।
- जानकारी के मुताबिक, मनोज पुगलिया ने पहले बेटे सौरभ, सौमिल, हर्षित और पत्नी सुनीता को बाहर निकाला। इसके बाद वे अन्य लोगों को बचाने के लिए अंदर गए, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण बाहर नहीं निकल सके और लपटों में घिर गए। उनकी बहू सिमरन भी जली हुई अवस्था में मिली। दोनों के शव छत पर बने चैनल गेट के पास मिले।

### शहरवासियों को बकाया संपत्तिकर व जलकर जमा करने पर नगर निगम ने दी राहत

# 31 तक सरचार्ज में मिलेगी छूट, लोगों को मिलेगा फायदा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम सप्ताह में शहरवासियों को बड़ी राहत दे रहा है। नेशनल लोक अदालत की तर्ज पर अब लोग 31 मार्च तक अपने बकाया संपत्तिकर और जलकर पर लगने वाले सरचार्ज में भारी छूट पा सकते हैं। देखा जाए तो यह सरचार्ज में छूट पाने का आखिरी मौका है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि नगर निगम लोगों को संपत्तिकर, जलप्रभार और अन्य उपभोक्ता प्रभार के बकाया भुगतान पर सरचार्ज में विशेष राहत दी जा रही है, जिससे वे अपने लंबित करों का शीघ्र एवं सरलता से निराकरण कर सकें। यह विशेष छूट 31 मार्च 2026 तक प्रभावी रहेगी। इसके बाद सरचार्ज सहित राशि जमा करना होगी। साल 2026 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालतों के अंतर्गत संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता



प्रभार के बकाया मामलों में केवल सरचार्ज में छूट प्रदान की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत देते हुए लंबित राजस्व की वसूली सुनिश्चित करना है।

निगम कमिश्नर ने बताया कि वर्तमान यह वित्तीय वर्ष खत्म होने में एक हफ्ता ही बाकी है। ऐसे में राजस्व वसूली को प्राथमिकता देते हुए शासन ने यह निर्णय लिया है कि लोक अदालत अंतर्गत दी जा रही अधिभार में छूट को 31 मार्च 2026 तक लगातार जारी रखा जाए।

महापौर और निगम कमिश्नर ने अधिकारियों से कहा है कि उक्त विशेष छूट का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठाकर अपने बकाया करों का भुगतान कर सकें। साथ ही, सभी झोनल ऑफिसों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए अधिकतम वसूली सुनिश्चित करने के लिए कहा हैं।

#### संपत्तिकर सरचार्ज में इन शर्तों पर मिलेगी छूट

संपत्तिकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार तक बकाया होने पर अधिभार में 100% तक की छूट दी जाएगी।

#### जलकर के सरचार्ज में भी मिलेगी छूट

- जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार तक बकाया होने पर 100% तक की छूट दी जाएगी।
- जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 10 हजार से ज्यादा तथा 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र सरचार्ज में 75% की छूट दी।
- जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि 50 हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र सरचार्ज में 50% की छूट 31 मार्च 2026 तक निगम मुख्यालय व झोनल ऑफिसों पर दी जाएगी।

# कारोबारी से 1.44 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी

### गूगल से नंबर लेकर होटल बुकिंग करना पड़ा भारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है, जहां एक लोहा कारोबारी को मुंबई में होटल बुकिंग के नाम पर लाखों रुपए का चूना लगा दिया गया। कारोबारी ने साइबर सेल इंदौर में शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद मामला लसूड़िया थाना पहुंचा, जहां पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

इंदौर निवासी अंकित मूंदड़ा ने अपने परिवार के साथ मुंबई घूमने की योजना बनाई थी। 14 मई 2025 को उन्होंने इंटरनेट पर मुंबई के एक होटल को सर्च किया और नोबेटेल मुंबई का नंबर समझकर एक मोबाइल नंबर पर संपर्क किया। फोन उठाने वाले व्यक्ति ने खुद को होटल का कर्मचारी बताते हुए पांच दिन की बुकिंग का ऑफर दिया। आरोपी ने 7,800 रुपए प्रति व्यक्ति के हिसाब से 1,44,815 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। भरोसा दिलाने के लिए उसने बुकिंग कन्फर्म होने की बात भी कही, लेकिन जब अंकित अपने परिवार के साथ मुंबई पहुंचे और होटल में चेक-इन करने गए, तब उन्हें पता चला कि उनके नाम से कोई बुकिंग ही नहीं है। जांच में सामने आया कि जिस नंबर पर उन्होंने संपर्क किया था, वह होटल का अधिकृत नंबर नहीं था, बल्कि एक फर्जी नंबर था। पीड़ित ने उस नंबर पर कई बार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। मजबूरी में उन्हें दूसरे होटल में रुकना पड़ा और बाद में इंदौर लौटकर साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई।

### समझाइश देने के साथ ही सोशल मीडिया पर लिखा-अफवाहों से सावधान रहें

# पेट्रोल पंपों पर अचानक बढ़ी भीड़ तो एक्टिव हो गए जनप्रतिनिधि-अधिकारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तेल संकट की अफवाह के बीच इंदौर में मंगलवार रात पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। देखते ही देखते शहर के कई पंपों पर लंबी-लंबी कतारें लग गईं और लोग अपनी गाड़ियों में पेट्रोल-डीजल भरवाने के लिए घंटों इंतजार करते नजर आए।

स्थिति बिगड़ते ही प्रशासन और जनप्रतिनिधि तुरंत एक्टिव हो गए। कई पेट्रोल पंपों पर पुलिस पहुंची और लोगों को समझाइश देते हुए बताया कि शहर में ईंधन की कोई कमी नहीं है। साथ ही सोशल मीडिया के जरिए भी लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई। कलेक्टर शिवम वर्मा ने स्पष्ट किया कि इंदौर में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। साथ ही अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी।



#### अधिकारियों ने डिपो और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया

बुधवार सुबह भी पुलिस अधिकारी पेट्रोल पंपों पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पंप संचालकों से बातचीत कर सप्लाई की स्थिति जानी गई। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर जिला प्रशासन की टीम ने डिपो और पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। इधर, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को भरोसा दिलाया कि शहर में ईंधन की कोई कमी नहीं है और बेवजह घबराने की जरूरत नहीं है।

#### पेट्रोल पंपों पर पहुंची पुलिस

बुधवार सुबह पुलिसकर्मी और अधिकारी पेट्रोल पंप पर पहुंचे और लोगों की समझाइश दी। उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों से बातचीत भी की। हालांकि एक बात ये सामने आई कि रात में पेट्रोल पंपों पर लगी भीड़ के कारण कुछ पेट्रोप पंपों पर रात में स्टॉक खत्म हो गया, जिसके चलते कुछ जगह पर सुबह दिक्कत आई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि टैंकरों के आने के बाद स्थिति पूरी तरह सामान्य है।

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति
सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com